दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 175 | जयपुर | बुधवार, 30 अप्रैल, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

39.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेंक्स | 80,288.38 +70.02 (0.087त)

निफ्टी | 24,335.95 +7.45 (0.031%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 98,790 /10g

चांदी | 1,00,500 /Kg

# पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की वेबसाइट हैक की


## शिक्षा विभाग की साइट पर लिखा- अगला हमला गोलियों से नहीं टेक्नोलॉजी से होगा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। पाकिस्तानी हैकर्स ने मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर लिया। वेबसाइट के होम पेज पर पाकिस्तान साइबर फोर्स। अगला हमला गोलियों से नहीं, टेक्नोलॉजी से होगा लिखा। शिक्षा विभाग की ओर से वेबसाइट को रिकवर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह साइबर अटैक पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच हुआ। हैकर्स ने पोस्टर में आपत्तिजनक कंटेंट लिखा। बीते दिनों भारत ने पाकिस्तानी वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल्स को बैन कर दिया था।

### भारत में पाकिस्तानी डिफेंस मिनिस्टर का ट्वीटर हैंडल बैन

भारत ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के ट्वीटर हैंडल पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद ख्वाजा आसिफ का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान लंबे अरसे से आतंकी संगठनों की फंडिंग करता आ रहा है। भारत ने सोमवार को भी 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स बैन कर दिए थे। सोमवार रात पाकिस्तानी हैकर्स ने स्वायत्त शासन और नगरीय विकास विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट को हैक कर इसी तरह की पोस्ट की थी। उन्होंने पाकिस्तान के समर्थन में कंटेंट पोस्ट किया था। हालांकि इन दोनों वेबसाइट को रिकवर कर लिया गया था। मंगलवार सुबह शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर लिया गया।



पाकिस्तान हैकर्स की इंडियन आर्मी साइबर स्पेस में घुसपैठ नाकाम-पाकिस्तानी हैकर्स ने मंगलवार को आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत और श्रीनगर की वेबसाइट हैक कर डाउन करने की कोशिश की थी। आईओके हैकर नाम से इन वेबसाइट को निशाना बनाया गया था। इन पर भड़काऊ सामग्री अपलोड की गई थी।

मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय आवास, शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री ने ली ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक

# अधिकारी केन्द्र के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं का करें समयबद्ध क्रियान्वयन : सीएम



## राजस्थान के विकास में केन्द्र सरकार करेगी हरसंभव मदद : मनोहरलाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसमें ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की अहम भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र तथा शहरी बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। हमारी डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतार रही है, जिससे प्रदेश की 8 करोड़ जनता को लाभ मिल रहा हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर केन्द्रीय आवास, शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल के साथ ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र और राज्य सरकार की संयुक्त परियोजनाओं को केन्द्र के साथ समन्वय बनाते हुए समयबद्ध रूप से पूरा करें। शर्मा ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि हम राज्य के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे है। इस लक्ष्य को हासिल करने में पीएम कुसुम योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत राज्य में कम समय में ही लगभग 800 मेगावाट के विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हुए हैं।

### पीएम सूर्य घर योजना से जुड़ें अधिक से अधिक उपभोक्ता

मनोहर लाल ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रदूषण मुक्त एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। बैठक में केन्द्रीय मंत्री को जानकारी दी गई कि राज्य बजट 2025-26 में मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ते हुए 150 यूनिट बिजली नि:शुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत कार्यों में गति लाते हुए अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ा जाएं।

### मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र एक अच्छी पहल

नगरीय विकास विभाग की समीक्षा के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नगर निकाय में सीवरेज अनिवार्य रूप से हो तथा आवश्यकतानुसार पुराने और जर्जर सीवरेज को बदलने तथा एलाइनमेंट ठीक करने के कार्य भी किए जाएं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद तथा अनुपयोगी वस्तुओं के पुन: उपयोग के लिए शुरू किये गए मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र को अच्छी पहल बताते हुए इसकी सराहना की।

बैठक में पीएम ई-बस सेवा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस योजना के तहत राजस्थान को 675 बसों का प्रारम्भिक आवंटन हुआ था। राज्य सरकार के अनुरोध पर अब इसके लिए केन्द्र द्वारा अतिरिक्त 125 बसें भी दी जाएगी जिससे शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक सेवा को मजबूती मिलेगी। इस दौरान जयपुर मेट्रो परियोजना, अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) सहित विभिन्न योजनाओं की राज्य में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई को आदेश- सुपरटेक प्रोजेक्ट्स की जांच करें

## यूपी-हरियाणा के डीजीपी से कहा- एसआईटी बनाएं; बैंक-बिल्डर गठजोड़ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को दिल्ली-एनसीआर इलाकों में रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच गठजोड़ को लेकर आदेश दिया। शीर्ष कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ जांच करें। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच घर खरीदने वालों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इन लोगों ने एनसीआर के इलाके, जैसे- नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में सब्सिडी योजनाओं के तहत फ्लैट बुक कराए थे।

किस मामले पर हुई सुनवाई सुप्रीम कोर्ट कई खरीदारों की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें वे लोग शामिल हैं, जिन्होंने एनसीआर खासकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में हाउसिंग प्रोजेक्ट में पैसा लगाया। लोगों का आरोप है कि बैंक उन्हें ईएमआई देने का दबाव डाल रहे हैं, जबकि उन्हें घर का पजेशन ही नहीं मिला।

सुप्रीम कोर्ट ने संस्थाओं को नोडल अधिकारी बनाने को कहा सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी, नोएडा अथॉरिटी, सेक्रेटरी, गृह और नगरीय प्रशासन मंत्रालय और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट को निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान से वापस भेजे गए 129 पाकिस्तानी नागरिक

आर्मी एरिया में ड्रोन उड़ाते और एयरफोर्स एरिया में फोटोग्राफी करते 6 युवक गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद राजस्थान में रह रहे 400 में से 129 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया गया है। इसमें 109 लोगों को 27 अप्रैल तक भेज दिया गया था। 20 लोगों को 28 अप्रैल को पाकिस्तान भेजा गया। बाकी लापता हैं। इनकी तलाश जारी है। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने, आर्मी के संवेदनशील इलाकों में ड्रोन उड़ाते और फोटोग्राफी करते 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें आज (मंगलवार) सुबह की भी एक कार्रवाई शामिल है। बाड़मेर में एयरफोर्स एरिया में स्थित म्यूजियम पर फोटोग्राफी करते 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 28 अप्रैल को बाड़मेर के आर्मी एरिया में ड्रोन उड़ाते 3 युवकों को गिरफ्तार किया गया था।

### गहलोत अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस बार अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे। सोशल मीडिया ट्वीटर पर गहलोत ने लिखा है- पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले से हम सब दुखी हैं। ऐसे समय में मैंने इस वर्ष 3 मई को अपना जन्मदिन न मनाने का फैसला किया है।

### सोशल मीडिया पर साइबर सेल की नजर

आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर पुलिस की साइबर सेल नजर बनाए हुए है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बयानबाजी करने वाले 7 लोगों को अलग-अलग धाराओं में गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें कुछ सरकारी सेवा में भी हैं। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की गई है। पुलिस मुख्यालय ने इसे लेकर सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को गाइडलाइन जारी की है।

# पीएम बोले- टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी भारत का भविष्य बदलेगी

## एआई को देश के लिए उपयोगी बनाएगी सरकार; 25 साल में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वाईयूजीएम कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है। मोदी ने कहा, हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो।

# राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ रही गर्मी, पारा 46 के पार

## 20 जिले लू की चपेट में, दो दिन बाद आंधी-बारिश की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सोमवार को रिकॉर्ड तोड़ गर्मी रही। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री रहा। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 में अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत अन्य शहरों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी दो दिन तेज गर्मी झेलनी पड़ेगी। 1 मई से राजस्थान में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

### जोधपुर में 5 साल का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज हुआ

जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में भी भीषण गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर में पिछले 5 साल में सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ। यहां पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। फलोदी, गंगानगर, बीकानेर, जालोर, पिलानी, चित्तौड़गढ़ और कोटा हीटवेव की चपेट में रहे। इन शहरों में सुबह 10 बजे बाद ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

**2 शहरों को छोड़कर सभी शहरों में पारा 40 पार-** राजस्थान में केवल प्रतापगढ़ और हनुमानगढ़ ऐसे शहर रहे, जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस




से नीचे दर्ज हुआ। जबकि शेष सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। फलोदी में तो रविवार रात न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां रात में दिन जैसी गर्मी रही और तापमान औसत से ऊपर दर्ज हुआ।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# साहित्य कला चेतना परिवार द्वारा कला और साहित्य के अद्भुत संगम का ऑनलाइन आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के निकटवर्ती नोहर कस्बे में साहित्य कला चेतना परिवार, नोहर के तत्वावधान में एक विशेष ऑनलाइन कार्यालम का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत काष्ठ कला की भव्य ऑनलाइन प्रदर्शनी तथा एकल काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के कला एवं साहित्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

काष्ठ कला प्रदर्शनी का संचालन सुप्रसिद्ध शिल्पकार रोहिताश प्रजापत चूरू द्वारा किया गया, जिनकी उत्कृष्ट हस्तकला कृतियों को यूट्यूब के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानेश्वर शर्मा ने की। प्रजापत ने अपने अथक परिश्रम एवं समर्पण से लकड़ी पर अद्भुत शिल्प कृतियों का निर्माण किया, जिनमें सेवन वंडर्स, भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराम की मूर्तियाँ, गणेश एवं सरस्वती देवी की कलाकृतियाँ प्रमुख आकर्षण रहीं। उनकी सृजनशीलता समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर बन गई है। इसी क्रम में गूगल मीट के माध्यम से एकल काव्य पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें कवि राजमोहन शर्मा, साहवा ने हिंदी और राजस्थानी में अपनी मौलिक रचनाओं का सशक्त पाठ किया। उनकी कविताओं में शौर्यगाथा, सामाजिक विषयों पर आधारित गीत, श्रृंगार रस से ओतप्रोत छंद और राजधानी दिल्ली पर आधारित कविता ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजन संस्था निदेशक कमल अग्रवाल एवं साहित्यकार कुलदीप पारीक ने कुशलता से किया। वहीं, काष्ठ कलाकार सुरेंद्र सुथार ने ग्रामीण सृजनधर्मियों के लिए साहित्य कला चेतना परिवार के मंच को स्वागत योग्य बताते हुए उनके प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर एकल काव्य पाठ हेतु समीक्षा करने हेतु मंच से आमंत्रित किया गया। जिन्होंने कवि राजमोहन शर्मा के सृजन को साधुवाद ज्ञापित किया और आत्मीय धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में उद्बोधन में थानेश्वर शर्मा, परलीका ने शिल्पकार रोहिताश प्रजापत और कवि राजमोहन शर्मा को उनकी अनूठी कला साधना एवं साहित्य सृजन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में योगेन्द्र पुरोहित (बीकानेर), थानेश्वर शर्मा (परलीका), इंद्रजीत सिहाग (गोरखाना), काष्ठ कलाकार सुरेंद्र सुथार (नोहर), कुलदीप पारीक (नोहर) आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने मेहंदीपुर बालाजी महाराज के दर्शन किए



बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को मेहंदीपुर बालाजी महाराज के दर्शन कर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने सपरिवार बालाजी महाराज की प्रतिमा सामने विशेष पूजा अर्चना की। मंदिर के पंडितो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्हें पूजा कराई। बालाजी महाराज की पूजा के बाद मुख्यमंत्री साय ने भैरव बाबा और प्रेतराज सरकार के भी दर्शन कर मनौती मांगी। इससे पहले शाम करीब साढ़े चार बजे हेलिकाप्टर से मुख्यमंत्री साय मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय के आगमन की सूचना पर दौसा और करौली पुलिस व प्रशासन सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने में लगा था। मुख्यमंत्री के आने से पहले दोनों ही जिलों के अधिकारी सुबह से ही मेहंदीपुर बालाजी में डेरा डाले हुए थे। प्रोटोकॉल के तहत मेहंदीपुर बालाजी नगरी को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। बालाजी में हर गली और नुक्कड़ पर पुलिस मौजूद थी। एहतियात के तौर पर कई आम रास्ते भी बंद कर दिए गये थे। इधर बालाजी मंदिर पहुंचते ही बालाजी मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्वागत सत्कार किया। मुख्यमंत्री साय ने मंदिर ट्रस्ट की व्यवस्थाओ को सराहा। वहीं बालाजी महाराज से देश में अमन चैन की प्रार्थना मांगने की बात कही। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुई घटना से पूरा देश स्तब्ध है। आतंकियों द्वारा निहत्थे लोगों पर चलाई गई गोलियों से करीब 26 लोग मारे गये। आंतकियों द्वारा की गई इस कायरतापूर्ण हरकत के बाद केंद्र सरकार उन्हें मुहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को भी इस समय राजनीतिक बयानबाजी ना करके आतंकवाद से लड़ने में सरकार का साथ देना चाहिये। भाजपा कार्यकर्ताओ ने भी मुख्यमंत्री साय का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, करौली भाजपा जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय बालाजी महाराज के दर्शनों के बाद हेलिकाप्टर से जयपुर के लिए रवाना हो गये।

# आतंकवादी हमले के विरोध में अलवर रहा संपूर्ण बंद

बढ़ता राजस्थान




**अलवर।** मंगलवार को अलवर जिला व्यापार महासंघ के आह्वान पर राष्ट हित ओर आतंकवादियों के विरोध में एक जुटता दिखाने के लिए अलवर शहर के सभी व्यापारियों ने स्वैच्छिक रूप से अपनी-अपनी दुकान एवं प्रतिष्ठानों को बंद रखकर अपनी एक जुटता दिखाई जिससे आज पूरा अलवर बंद था। 22 अप्रैल को पहलगांव में आतंकवादीयो द्वारा पर्यटकों पर हुए हमले एवं धर्म पूछ कर बर्बर तरीके से उनकी निर्मम हत्या कर दी गई, जिससे किसी बहन का भाई चला गया, किसी मां का लाल चला गयाऔर किसी का सुहाग उजड़ गया। घटना के पश्चात पूरे भारतवर्ष में आक्रोश है । जिला महामंत्री मुकेश विजय ने बताया की सुबह लगने वाले समोसे, कचोरी की ठेली वालों ने भी राष्ट्रहित के इस मुद्दे पर स्वैच्छिक बंद करने का निर्णय लिया था उन्होंने भी आज अपनी ठेलियों नहीं लगाई। आवश्यक सेवाएं अस्पताल, मेडिकल स्टोर को बंद से मुक्त रखा गया था। सभी व्यापारी सुबह 8.00 बजे होपसर्कस पर इकट्ठा हुए ओर महासंघ के जिलाध्यक्ष रमेश जुनेजा और जिला महामंत्री मुकेश विजय के नेतृत्व में महेश खंडेलवाल, अखिलेश गर्ग, राजकुमार जैन संदीप मोदी,अनिल खंडेलवाल वीरेंद्र भगवती बिहारी पाराशर, कृष्ण कुमार कुकरेजा, रिंकू अरोड़ा रवि जुनेजा महेश सेठी,मनोज विजय, मुकेश गुप्ता, अतुल शर्मा प्रदीप खंडेलवाल नरेश गोयल महेश गुप्ता हितेश ठाकुर अशोक गुप्ता अशोक तनेजा दिनेश खंडेलवाल आकाश मिश्रा गोपेश अग्रवाल राजीव शर्मा गोलू सिंह, गौरव खंडेलवाल, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, अरविंद खंडेलवाल (भोलू) महेश गुप्ता, राजेश बंसल ,प्रदीप खंडेलवाल, सुनील खंडेलवाल, अमरदीप गुप्ता, संजय गुप्ता, गजेंद्र शर्मा ने शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जाकर अलवर बंद की मॉनिटरिंग की। महासंघ के जिला अध्यक्ष रमेश जुनेजा ने बताया कि व्यापारियों के द्वारा इस राष्ट्रहित और संवेदनशील घटना के पश्चात स्वैच्छिक रूप से बंद रखा था। इसके पश्चात महासंघ के द्वारा होपसर्कस पर ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल जी को सोपा। ज्ञापन में मांग की गई कि इस घटना के बाद पूरा भारत देश आक्रोशित है, और माननीय प्रधानमंत्री की तरफ प्रत्येक नागरिक बड़ी आशा की निगाह से देख रहा है इसलिए व्यापार महासंघ आपसे मांग करता है कि आतंकवादियों द्वारा चलाए जा रहे कैंपो को नेस्नातनाबूद किया जाए और कठोर निर्णय लेकर इन आतंकवादियों एवं इस बार आर पार की बात करते हुए इनको बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान पर ठोस कार्रवाई करने का कष्ट करें जिससे उनके द्वारा भारत में फैलाई जा रहे अराजकता एवं आतंकवाद का समापन हो।

# साहवा में सादगी पूर्वक मनाई भगवान परशुराम जयंती सर्वसमाज के लोगो ने पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे में तारानगर मार्ग स्थित परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर सादगी पूर्ण जयंती मनाई गई। स्टेट हाइव 36 किनारे साहवा-तारानगर मार्ग पर भगवान परशुराम चौक पर लगी प्रतिमा पर सर्व ब्राहमण महासभा के जिलाध्यक्ष गिरधारी लाल लमाणी के सानिध्य में समाज के लोगो ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा माला पहनाकर पूजा अर्चना करके परशुराम जयंती सादगी पूर्वक मनाई। । इस दौरान सर्व समाज के बंधुओं द्वारा पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। वक्ताओं ने कहा की भगवान परशुराम पाप का अन्त कर धर्म की स्थापना करने में अग्रणी रहे। भगवान परशुराम की सर्व समाज के लोग पूजा अर्चना करते है तथा हम सबको उनके बताए गए सच्चाई के मार्ग पर चलकर विकसीत राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना चाहिए। सुभाष समरसोत ने कहा की सच्चाई के मार्ग पर चलते वक्त अनेक मुश्किले आती है लेकिन विजय सत्य की होती है इसलिए सत्य का मार्ग अपनाते हुए राष्ट्र को अग्रणी बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर सुभाषचन्द्र सैनी, वेदप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र समरसोत, प्रमोद कुमार, सुभाषचन्द्र समरसोत, बलेन्द्र भारदव्ज सहित सर्व समाज के बंधु मौजूद थे।

## अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** तारानगर के निकटवर्ती गाँव गोगटिया चारणान के ग्रामीणों ने गाँव के पास खाली पड़ी गौचर भूमि, जोहड़ पायतन जमीन और स्कूल की भूमि पर कुछ ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जा आदि हटाने की मांग को लेकर तारानगर तहसीलदार शुभम शर्मा को ज्ञापन दिया। दिए गए में ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा जब तक गाँव से अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस संबंध में तहसीलदार ने ग्राम पंचायत सरपंच जानकारी ली तथा अतिशीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस मोके पर श्योराम, लालचंद, शंकरलाल घासोलिया, रामकरण नोखवाल, दीपाराम, जयसिंह, हंसराज, हरदतराम, तिलोकचंद, पवन कुमार, अमित, रामानंद, दशरथ आईतान, सुरेन्द्र, केशराराम गुरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## चूरू सब जूनियर वुशू टीम का चयन



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** बीकानेर में 2 से 5 मई को आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए चूरू टीम का चयन किया गया। चूरू वुशू सचिव चिंकित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सुरभी, अंशिका पलक, तनवी दाधीच और तनिष्का शर्मा व बालक वर्ग में कार्तिक सिंह, नवदीप, दक्ष शर्मा, हर्षित भार्गव और अनुराग का शारीरिक शिक्षक सरला शर्मा द्वारा चयन किया गया। शर्मा ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी 2 से 5 मई को बीकानेर में होने वाली राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चूरू का प्रतिनिधित्व टीम कोच सरला शर्मा और टीम मैनेजर सुशील कुमार दधीचि के नेतृत्व में भाग लेंगे।

## टोल प्लाजा के पास खाली खेत में एक युवक का शव मिला, नशे के ओवरडोज लेने से हुई एक युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान





**हिंडौन सिटी।** अंशु गुप्ता क्षेत्र के जमालपुर में मंगलवार सुबह 7 बजे टोल प्लाजा के पास खाली खेत में एक युवक का शव मिला।मृतक की पहचान वजीरपुर थाना क्षेत्र के मेडी निवासी रोहित उर्फ़ सुनील मीना (28) पुत्र स्वरूप के रूप में हुई।इसकी सूचना पर एडीशनल एसपी सत्येंद्र पाल सिंह, डीएसपी गिरधर सिंह व सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा जाब्ते के साथ मौक़े पर पहुंचे।पुलिस के अनुसार नशे के ओवर डोज लेने से युवक की मौत हुई है।वही मृतक के पिता ने मौत की घटना को लेकर सामान्य रिपोर्ट दी गई है। सदर थाना के ए एस आई अशोक कुमार ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में शव का जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। इस घटना में सदर थाना पुलिस ने मृग दर्ज कर कार्यवाही शुरु की है।मृतक के पिता स्वरूप मीना ने बताया कि उसका पुत्र रोहित उर्फ़ सुनील सोमवार को शाम करीब 4 बजे घर से निकला था।जिसके बाद घर नही आया।उन्होंने बताया रोहित नशे का आदि था।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे सूचना मिली कि जमालपुर में टोल प्लाजा के पास एक खेत में युवक का शव मिला है।जिसके बाद जाब्ते के साथ मौक़े पर पहुंच गए। मृतक की शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने पर शव को जिला अस्पताल लेकर आए। वहां मेडिकल ज्यूरिष्ट डॉ रामनरेश कुंभकार से शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** जेएसजी संगिनी विजय की ओर सेवा कार्यों की अनवरत श्रृंखला में संगिनी विजय द्वारा आज पक्षीयों के लिए 'परिंडा वितरण' कार्यक्रम आयोजन के साथ ही प्रातः कालीन भ्रमण व योगा का कार्यक्रम भी रखा गया। अध्यक्षा प्रियंका तलेसरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे स्वरुप सागर पाल पर मॉर्निंग वॉक से की गई फिर व्यायाम व हास्य योगा गगन तलेसरा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सभी हंसी खुशी से प्रफुल्लित हो गए सभी ने कहा ऐसे कार्यक्रम और रखें। कायक्रम के अंत में पहलगाम में मारे गए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ततपश्चात हेडगेवार पार्क गेट पर परिंडो का वितरण किया गया, प्रत्येक परिंडे के साथ में गुड़ भी दिया गया। परिंडा वितरण सेवा कार्य के लाभार्थी मधु खमेसरा, ट्विंकल नाहर, रंजना छाजेड व निर्मला वडाला रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने चौगान जैन मंदिर भोजनशाला में नवकारसी का लाभ लिया।

## ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। मंगलवार सुबह 9 बजे ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। समाज के नगर अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई। भगवान परशुराम की प्रतिमा को नए वस्त्र पहनाए गए। कलश पूजन, दीपक पूजन और गणेश पूजन के साथ विधिवत पूजा की गई। समाज की महिलाओं ने भी पूजा में सक्रिय रूप से भाग लिया। पूजन के बाद भगवान परशुराम और दुर्गा माता की सामूहिक आरती की गई। उपस्थित लोगों ने जयकारे लगाए।कार्यक्रम में समाज की विधवा और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को परितोषिक वितरित किए गए। साथ ही समाज के विकास पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में महामंत्री मंजीत मुदगल, तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा, ब्राह्मण समाज कर्मचारी जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, पूर्व चैयरमैन भगवान सहाय शर्मा, नीरज शर्मा ज्योति सहारिया राजीव सहारिया और घनश्याम बेंदील सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय को चिकित्सीय सामग्री भेंट, मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय, ब्यावर में मंगलवार को एक सराहनीय जनहितकारी पहल के तहत मरीजों की सुविधा हेतु व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, टेबल सहित अन्य चिकित्सीय सामग्री भेंट की गई। यह सेवा कार्य ओकाफ कमेटी के सदर मोहम्मद हनीफ की प्रेरणा से सम्पन्न हुआ, जिसमें समाजसेवियों और भामाशाहों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, ओकाफ कमेटी के सदर मोहम्मद हनीफ तथा भामाशाह मुस्ताक भाई और मुबारक भाई ने संयुक्त रूप से चिकित्सालय प्रशासन को सामग्री सौंपी। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को चिकित्सालय में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. एस. चौहान को गायनिक विंग में मरीजों की सहायता हेतु 20,000 रुपए की नगद राशि भी भेंट की गई।

यह योगदान भामाशाह अल्लानूर व उनके परिजनों ङ्क सुगरा बानो, मोहम्मद साहिल, सलामुद्दीन आदि द्वारा दिया गया। डॉ. चौहान ने सभी भामाशाहों व ओकाफ कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुस्ताक अहमद, रोशन बानो, मोहम्मद इकबाल, रमजान, वकीलचन्द, फजल काठात, बाबू मास्टर, सलिम खान पठान, आशीषपाल पदावत, अजय शर्मा, सलिम शैख, ऊंकारलाल चौहान सहित चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक, स्टाफ सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी उपस्थितजनों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सेवाभाव को बनाए रखने की आशा जताई।

# परिंडा लगाओं- परिंदा बचाओं अभियान जारी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** सामाजिक संगठन 'माता सुन्दरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति' के सहयोग से परिंडा लगाओं- परिंदा बचाओं अभियान के तहत प्रतिदिन पक्षियों के लिये परिन्डे लगाये जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को फतेहपुरा पंचायत के ग्राम गंगूपुरा व खेलना स्थित हनूमान मंदिर परिसर में पण्डित द्वारकेश मिश्र के सान्निध्य में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करते हुए परिन्डे लगाये गये। संयोजक मोहन लाल सैनी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते मंदिरों, सार्वजनिक पार्कों, विद्यालयों एवं छायादार वृक्षों के नीचे पक्षियों के लिए पानी के लिए परिन्डे लगाये जा रहे हैं। शिक्षाविद गजानंद टीलावत ने बताया कि टीम के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन कम से कम 11 परिंडे लगाये जाते हैं। टीम का प्रत्येक सदस्य अपने घर के आसपास किसी मंदिर, विद्यालय या किसी सार्वजनिक पार्क में छायादार पेड़ों के आसपास परिंडे लगाकर उसमें पानी डालने की जिम्मेदारी भी निभाते है। इस दौरान युवा नेता वेद प्रकाश बाकोलिया, अजीत सिंह शेखावत, जगदीश प्रसाद सैन फौजी, भैरूराम यादव, ऐश्वर्य मिश्र, उदित मिश्रा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ग्राम नांगड़ीवास की वासुदेव डेयरी द्वारा शाहपुरा स्थित लोटस डेयरी को नहीं किया जा रहा था दूध सप्लाई

## जाँच दल ने वैरीफिकेशन के बाद लोटस डेयरी को दूध सप्लाई किये जाने का किया खंडन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** ग्राम नागड़ीवास में वासुदेव डेयरी पर मिलावटी दुध बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों की टीम अपने जाँच दल के साथ विगत 24 अप्रैल को मौके पर पहुंची एवं निरीक्षण के दौरान लगभग एक हजार लीटर मिलावटी दुध मिला था पूछताछ करने पर वासुदेव डेयरी के मालिक अनिल गुर्जर उर्फ कृष्ण गुर्जर पुत्र कैलाश गुर्जर ने यह दुध की सप्लाई को शाहपुरा स्थित लोटस डेयरी को होना बताया था। जाँच दल द्वारा लोटस डेयरी का वैरीफिकेशन करने के पश्चात् यह पाया कि वासुदेव डेयरी का सैन्टर माह दिसम्बर 2024 से लोटस डेयरी ने मिलावट की आशंका होने पर बंद कर दिया था। जिसकी सूचना कार्यालय में उपस्थित होकर लोटस डेयरी प्रतिनिधि द्वारा प्रार्थना-पत्र देकर विभाग को दी गई है। यह अग्रिम जाँच का विषय है कि उक्त डेयरी का दूध अनिल गुर्जर उर्फ कृष्ण गुर्जर द्वारा किस डेयरी को सप्लाई किया जाता था। इस आधार पर विभाग मीडिया में प्रसारित लोटस डेयरी को दूध सप्लाई किये जाने का प्रथम दृष्टया खंडन करता है।

# शिव परिवार व राम दरबार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में निकली कलश यात्रा

## महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई पहुंची सोडाला स्थित तेजाजी मंदिर





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सोडाला स्थित पुराने तेजाजी मंदिर में शिव पंचायत और श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा बुधवार को होने जा रही है। इस धार्मिक कार्यक्रम के तहत मंगलवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा शामिल हुई। जिसमें गाजे-बाजे के साथ महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर से रवाना होकर अजमेर रोड,न्यू सांगानेर रोड हुए पुराने तेजाजी मंदिर पहुंची। इस कलश यात्रा के दौरान सिर पर मंगल कलश लेकर भजनों पर नाचती-गाती हुई एक किलोमीटर की यात्रा तय की। कलश यात्रा के मार्ग पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। जिसे देखने के लिए आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

मंदिर महंत मूलचंद शर्मा ने बताया कि शिव पंचायत और श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एक ही परिधान में सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई बैकुंटथाम मंदिर सोडाला से शुरू होकर मुख्य मार्ग अजमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड हुए से होते हुए पुराने तेजाजी मंदिर परिसर पहुंचीं। इस कलश यात्रा के दौरान सिर पर मंगल कलश लेकर भजनों पर नाचती-गाती हुई एक किलोमीटर की यात्रा तय की। कलश यात्रा के मार्ग पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। जिसे देखने के लिए आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कलश यात्रा से पहले गणेश और कलश पूजन किया गया। कलश यात्रा के मार्ग को रंगोलियों से सजाया गया और जगह-जगह स्वागत और पुष्पा वर्षा की गई।

पुजारी राजेश शर्मा ने बताया कि इसी दिन शाम को हवन किया गया, जो देर रात्रि तक चला। वहीं अगले दिन बुधवार को तेजाजी मंदिर प्रांगण में हवन की पूर्णाहुति के पश्चात भव्य लवाजमे के साथ भोलेनाथ और श्रीराम का रथ में विराजमान कर नगर फेरी करवाई जाएगी। जो एक परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात ज्योतिष आचार्य और अन्य मंदिर—महंतों की मौजूदगी में महाभिषेक कर मंदिर में शिव पंचायत श्री राम दरबार मूर्ति की विधि -विधान से पूजा—अर्चना कर प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। दिन भर पट बंद रहेंगे और शिव पंचायत श्री राम दरबार का फूलों से भव्य श्रृंगार और दरबार सजाया जाएगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पंगत प्रसादी पाएगे।

# बीसलपुर बांध के, पानी में जमी गाद को निकालने के कार्य के साथ-साथ बजरी निकालने का कार्य भी जोर-शोर से चल रहा है

## बीसलपुर बांध मे पानी के भराव क्षेत्र से गाद निकालने की आड़ मे अवैध रूप से बजरी भी निकाली जा रही

### संबंधित एवं जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी बन रहे हैं अनजान क्यों,?

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के जल भराव क्षेत्र से गाद निकाले जाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस पर जानकारी में मामला यह सामने आया कि गाद निकालने की आड़ में बांध के जल पेठे से कंपनी द्वारा गाद को निकालने, के साथ-साथ अवैध रूप से भारी मात्रा मे बजरी भी निकाली रही है। ऐसे हालातो पर क्षेत्र वासियों का मानना है कि उक्त हालातो की जानकारी संबंधित एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बखूबी होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनजान बने हुए है। यह भी सत्य है कि बीसलपुर बांध के जल भराव पेठे से गाद हटाने के कार्य में भारी भरकम मशीनरियो का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन्हीं मशीनों के जरिए गाद हटाने के साथ-साथ भारी मात्रा में बनास की बजरी भी निकाली जा रही है। जिसे कंपनी के कर्मचारी बड़ी-बड़ी मोटर बोट में भरकर किनारे पहुंचा रहे हैं । उल्लेखनीय है कि बीसलपुर बांध का जलस्तर 315.50 मीटर भराव क्षमता पर निर्धारित किया हुआ है। तो वही जानकारी यह भी सामने आई है की बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र एवं केंचमेंट एरिया तक बनास नदी से गाद (काई) को बाहर निकालने के कार्य का ठेका राज्य सरकार ने एनजी गादिया नामक कम्पनी को दिया हुआ है । ऐसे में यहां साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कंपनी ने इस कार्य मे बड़े-बड़े ट्रिगर मशीन, हाइड्रोलिक वाटर पंप एवं पानी में तैरता हुआ प्लेटफार्म जैसी बड़ी बड़ी मोटर बोट मशीनरिया लगाकर पानी के तले से गाद के साथ-साथ बजरी को भी निकालने का काम कर रही हैं। जानकारी में मामला यह भी सामने है कि बनास नदी के तल से गाद हटाकर निकालने का कार्य करने वाली एन जी गदिया कंपनी वर्तमान में उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के पानी से गाद निकालने का कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि गाद निकाले जाने के दौरान गाद के साथ-साथ बजरी पत्थर ग्रेवल,मिट्टी इत्यादि साथ में निकलती हैं। ऐसे में यहीं पर भारी मात्रा में बजरी कैसे निकल रही है, ? इसी के साथ यहां सवाल यह उठता है कि क्या स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को ऐसे हालातो जानकारी नहीं है। जबकि उक्त कार्य से संबंधित दस्तावेजों की एक कॉपी जिला कलेक्टर और खनिज विभाग सहित,उपखंड अधिकारी कार्यालय में पहुंचाई जाती हैं । ताकि सूचना और दस्तावेजों के आधार पर क्षेत्र के उक्त प्रशासनिक अधिकारी उक्त कार्य पर पूरी निगरानी बनाए रखें ताकि समय-समय पर कार्य क्षेत्र का दौरा करते हुए कार्य की जांच करते रहे। जिससे कि बीसलपुर बांध और बनास नदी के पेठे से केवल गाद निकालने के दौरान कार्य से संबंधित कंपनी कही नियमों से हट कर अन्य कोई और कार्य करने पर आमदा तो नही हो रही है। लेकिन यहां पर कार्य से संबंधित जिम्मेदारना अधिकारी उक्त कार्य में हो रही अनियमिताओं और धांधली के प्रति जानबूझकर अनभिज्ञ,अनजान बने हुए दिखाई पड़ रहे हैं किस लिए और क्यों, ?

### इस मामले में उपखंड अधिकारी का यह कहना है कि

*यह कार्य राज्य सरकार द्वारा दिया हुआ है। इस कार्य की सूचना जिला कलेक्टर कार्यालय के पास होती होगी । फिर भी इस मामले की जांच करने के लिए उक्त कार्य क्षेत्र का दौरा कर लेंगे*

***मनोज कुमार मीणा***
***उपखंड अधिकारी***
***देवली टोंक***

# टकटक गैंग ने दो कारों से उड़ाए मोबाइल-पर्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शहर में सक्रिय टकटक गैंग पर पुलिस लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इस गैंग ने अलग-अलग स्थान पर दो कारों से मोबाइल व पर्स पार कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है। खातीपुरा वैशाली नगर निवासी समीर कुमार सिंह ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से जा रहा था आईपीएल मैच के चलते टोंक रोड पर भारी यातायात था रामबाग सर्किल पर खड़ा रहने के दौरान एक युवक ने उसके लेफ्ट साइड से कार का शीशा खटखटाया। इस पर वह शीशा खोलकर उससे बातचीत करने लगा। इसी दौरान एक अन्य युवक ने राइट साइड से शीशा खटखटाया।

इस पर उसने शीशा खोलकर युवक से बातचीत करने लगा तो दूसरा युवक कार से आईफोन लेकर चलता बना। घटना का पता उसे मोबाइल नहीं मिलने पर लगा। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। यह घटना 28 अप्रेल की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। दूसरी घटना में महारानी फार्म दुर्गापुरा निवासी राघवेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि किसी काम से जा रहा था खंडाका मोड पर किसी ने उसे रुकने का इशारा किया। युवक शीशे के पास आकर खड़ा हो गया और बातचीत करने लगा।

# परशुराम जन्मोत्सव : 1000 महिलाओं ने 5 किलोमीटर तक निकाली ऐतिहासिक कलश यात्रा

## शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** कस्बे में अक्षय तृतीया के अवसर पर मंगलवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई कलश यात्रा और शोभा यात्रा भव्य व ऐतिहासिक रही। कलश यात्रा में विप्र महिलाओं का उत्साह इस कदर रहा की 1000 महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर लगभग 5 किलोमीटर का सफर पैदल तय किया। शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा को विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवारी, चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने नीलकंठ महादेव मंदिर से परशुराम जी की आरती के बाद रवाना किया। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर से रवाना होकर कोटखावदा मोड़, मुख्य बाजार, तहसील चौराहा व हॉस्पिटल रोड होते हुए नगर पालिका के पीछे स्थित महर्षि गौतम बगीची तक पहुंची। जहां पर सभी के लिए पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में जब 1000 महिलाएं सिर पर कलश धारण किए कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकली तो कलश यात्रा का नजारा विप्र मय हो गया। इस दौरान शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी, घोड़ी, बेंड बाजा, ध्वज व पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने भाग लिया। रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय व जलपान की व्यवस्था की गई। समाज के युवा हाथों में विप्र पताकाएं लहराते हुए जब भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे तो पूरा कस्बा धर्ममय हो गया। इस दौरान पूरे रूट पर चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह थाना अधिकारी मनोहर लाल पुलिस कर्मियों के साथ मुस्तैद रहे और ट्रैफिक व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

**यह रहे मौजूद:** इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा और कलश यात्रा में विप्र सेवा प्रमुख सुनील तिवारी, चाकसू विधायक रामावतार बैरवा, महेश शर्मा, विप्र सेना जिला अध्यक्ष जयपुर ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ केदार शर्मा, विधान सभा अध्यक्ष विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ चाकसू केबी शर्मा, विप्र सेना चाकसू नगर अध्यक्ष पार्षद दिनेश शर्मा,सुनील तिवाड़ी हरिशंकर शर्मा, नारायण शर्मा, हरिकिशन शर्मा, अंकुर शर्मा राडोली, शुभम शर्मा, विपश्यना विधानसभा अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे मौजूद रहे।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SIHOT BARI PS DHOD**

NO:-84 DATE: 27/03/2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for GREWAL SADAK NIRMAN KARY SIHOT BARI SE DUGOLI DRA TAK GRAM VG.P SIHOT BARI, GREWAL SADAK NIRMAN KARY CHILRA TALAB SE DAB TALAB TAK GRAM V G.P. SIHOT BARI, GREWAL SADAK NIRMAN KARY SIHOT BARI SE RULYANA PATTI SIMA TAK GRAM V G.P. SIHOT BARI, KICHAR NISTARAN UPAY VCC INTER LOCK NIRMAN KARY NAYKAN MOHALLA GRAM V G.P. SIHOT BARI AARAKSIT, GREWAL SADAK NIRMAN KARY SIHOT BARI SE CHANDELI KI DHANI TAK GRAM V G.P. SIHOT BARI (AMT. 18.99 LAC.) YEAR 2024-25 are invited from interested bidders up to11:00 AM on 03.04.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state.

NIB:- PIR2425A0334
UBN:- PIR2425W50800348 UBN:- PIR2425WSO800349
UBN:- PIR2425WS0800350 UBN: PIR2425WSOB00351
UBN:-PIR2425W50800352

**SARPANCH G P SIHOT BARI** **VDO G P SIHOT BARI**


# हिसाब के बहाने होटल में बुलाकर महिला से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में हिसाब के बहाने मिलने बुलाकर होटल में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसके साथ आए परिचितों को झूठ बोलकर रुम से बाहर भेज दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि करणी विहार की रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि परिचित होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत है। आरोपी परिचित से पैसों का लेन-देन भी है। आरोप है कि 27 अप्रैल को दोपहर आरोपी परिचित ने उसे वॉट्सऐप कॉल किया। कॉल कर पैसों का हिसाब करने के बहाने बजरी मंडी स्थित होटल मिलने बुलाया। धोखे में आकर हिसाब करने के चलते वह अपने दो परिचितों को लेकर कैब से होटल पहुंच गई। होटल के रूम में बैठकर चारों ने बातचीत करते हुए ड्रिंक पी। आरोपी ने उसके साथ आए परिचित को सिगरेट लेने बाहर भेज दिया। वह दूसरे परिचित को झूठ बोलकर रूम से बाहर भेज दिया। रूम में अकेला पाकर आरोपी ने डरा-धमकाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम**
**एडीआर बिल्डिंग, बी-610, शिव मार्ग, बनीपार्क, जयपुर**
Email: disa17jaipurmetro@gmail.com Ph.: 0141-2947150
क्रमांक-15/2 दिनांक - 24/4/25

**ई-खुली बोली सूचना 01/2025-26**

Bid for Computer Men with Machine for District Legal Services Authority, Jaipur Metropolitan-II (Estimated value 20.50 Lakh) are invited from interested bidder upto 03-05-2025 till 10.00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http/sppp.raj.nic.in) of the State; and https://jaipurmetrol.dcourts.gov.in departmental Website.

NIB No: LSA 2526A0008
UBN: LSA25265LOB00008

**DIPR/C/5779/25** **सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण त्यपुर महानगर प्रथम**



**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, वृत भरतपुर**
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, डीग रोड जिला भरतपुर

राजकाज क्रमांक :- 14976760 दिनांक :- 28/04/2025

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खण्ड भरतपुर, अलवर, अजमेर, जयपुर-प्रथम एवं द्वितीय में विभिन्न निर्माण कार्यो की निविदा राशि क्रमशः 1738.58, 825.69, 825.70, 825.70, 825.69, 1738.53 एवं 131.05 लाख, कुल राशि 6910.94 लाख की ऑन-लाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसका NIB Code: AGM2526A0020 UBN is AGM2526WLOB00066 to AGM2526WSOB00072

राज.संवाद/सी/25/1471 अधीक्षण अभियन्ता, वृत भरतपुर


# कोटपूतली में 'फुले' फिल्म का नि:शुल्क प्रसारण संपन्न

## समाज सुधारकों के जीवन संघर्ष पर आधारित फिल्म से मिली प्रेरणा

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले और देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित हिंदी फिल्म 'फुले' का नि:शुल्क प्रसारण सोमवार को कोटपूतली में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन ईलिट फाउंडेशन कंप्यूटर सेंटर, लाल कोठी, थाना के पीछे परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।फिल्म का प्रसारण सायं 4:00 बजे से 6.00 बजे तक किया गया।

फिल्म के माध्यम से फुले दंपत्ति के सामाजिक संघर्ष, शिक्षा में योगदान और दलित उत्थान हेतु किए गए कार्यों को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। मुख्य रूप से रामसिंह सैनी (प्रदेश अध्यक्ष, महात्मा फुले ब्रिगेड), हनुमान सैनी (अध्यक्ष, महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था कोटपूतली),प्रकाश चंद सैनी एवं महेंद्र सैनी (पूर्व चेयरमेन), राकेश सैनी (सैनी समाज अध्यक्ष),बिडदी सैनी (पूर्व अध्यक्ष, सैनी समाज),बबलू बबेरवाल (विवाह समिति अध्यक्ष), एडवोकेट योगेश सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, धर्मवीर कुमावत, धर्मेंद्र राठौर,प्रमोद गुरुजी (पार्षद), कमल सैनी, संजय सैनी (हाजीपुर), विजय सैनी (एडवोकेट), प्रकाश तोदवाल, रोहतास सैनी (उपाध्यक्ष), भीखाराम सैनी (पूर्व पार्षद), जगदीश सैनी (पूर्व अध्यक्ष), रामस्वरूप सैनी सहित कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भीम सिंह सैनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर गोकुल चंद सैनी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# अवैध शराब बेचान के मामले में दो माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** सरूण्ड थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचान के एक प्रकरण में दो माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुरा निवासी सुशील (33) पुत्र प्रहलाद मीणा को उसके घर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी एक खंडरनुमा मकान में रखकर अवैध शराब का बेचान कर रहा था। उक्त प्रकरण में वह विगत दो माह से वांछित था। साथ ही सरूण्ड थाने के टॉप 10 अपराधियों की सूची में भी सम्मिलित था।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SIHOT BARI PS DHOD**

NO:74 DATE:-27/03/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for KICHAR NISTRAN HETU CC BLOCK RAMDEV JI KE GHAR SE MANIYARO KE MOHILE KI OR SIHOT BARI, KICHAR UPCHARATMAK UPAY KARY AVM NALI MAY SOKTA KUP NIRMAN AAYURVEDIK AUSDHALAY SE PURANA PANCHAYAT BHAWAN KI OR SIHOT BARI, KICHAR UPCHARATMAX UPAY KARY AVM NALI MAY SOKTA KUP NIRMAN SCHOOL KE PASS SIHOT BARI, KICHAR UPCHARATMAK UPAY KARY AVM NALI NIRMAN BHAGUJI MEENA KE GHAR SE MEENA MOHILA KI OR SIHOT BARI, KICHAR NISTARAN HETU CC INTER LOCK NIRMAN SABUDIN KI DUKAN SE PANCHAYAT BHAWAN KI OR SIHOT BARI, KICHAR NISTARAN HETU CC INTER LOCK NIRMAN VINOD JANGIR KE GHAR SE JANGIR MOHELA KI OR SIHOT BARI, KICHAR NISTRAN HETU CC INTER LOCK NIRMAN KARY TANKI SE JANGIR MOHLLA KI OR SIHOT BARI, KICHAR NISTRAN HETU HANMAN BAJIYA KE GHAR KE SAMNE CC BLOCK MAY NALI NIRMAN KARY SYOTYA KA BAAS SIHOT BARI,SC BASTI SE KESRIYA KANWAR JI KI OR NALA NIRMAN KARY SIHOT BARI YEAR 2024-25 are invited from interested bidders up to11:00 AM on 03.04.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state.

NIB:-PIR2425A0333
UBN:- PIR2425W50B00339 UBN:- PIR2425W50800342
UBN:-PIR2425W50800340 UBN:- PIR2425WSO800343
UBN:- PIR2425WSO800341 UBN:- PIR2425WSO800344
BN:PIR2425WS0B00345 UBN:-PIR2425W50800346
UBN:- PIR2425W50B00347

**SARPANCH G P SIHOT BARI** **VDO G P SIHOT BARI**

## सम्पादकीय

# कायम रहे यह राजनीतिक सहमति, राजनीति देश के लिए होती है, देश की कीमत पर नहीं

पहलगाम आतंकी हमला पहला मौका है, जब विपक्ष 'किसी भी जवाबी कार्रवाई' के लिए मोदी सरकार के साथ खड़ा दिख रहा है। उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक के सुबूत मांगने वाले विपक्ष के रुख में यह बड़ा बदलाव है। सबसे बड़े लोकतंत्र की राजनीति के लिए यह निश्चय ही सकारात्मक संकेत है। संसदीय लोकतंत्र में सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण रहती हैं। अपेक्षा की जाती है कि अपनी-अपनी राजनीतिक विचारधारा पर अडिग रहते हुए भी वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर सहमति के साथ आगे बढ़ें, ताकि देश चुनौतियों का सामना अच्छे से कर पाए। विधानमंडलों की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सत्तापक्ष की जिम्मेदारी ज्यादा मानी जाती है, पर सच यह है कि एक हाथ से ताली नहीं बजती। दलगत राजनीति से प्रेरित अवांछित टकराव के लिए किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। पिछली लोकसभा के आखिरी सत्रों तथा नई लोकसभा के अभी तक के सत्रों में विधायी कामकाज के आंकड़ों पर भले कुछ दावे किए जाएं, पर सच यही है कि बजट से लेकर अहम विधेयकों तक पर चर्चा राजनीतिक टकराव में फंसी रही। विपक्ष की हंगामे की आदत और सत्तापक्ष की असहनशीलता किस हद तक बढ़ गई है, पिछली लोकसभा में संसद के दोनों सदनों से रिकार्ड संख्या में सदस्यों का निलंबन इसका एक बड़ा प्रमाण है। विडंबना यह कि जब अनेक विपक्षी सदस्य निलंबन के चलते सदन से बाहर थे, तभी व्यापक प्रभाव वाले कई विधेयक मिनटों में पारित हो गए। मोदी शासन के पहले मनमोहन सरकार के समय भी सत्तापक्ष और विपक्ष के रिश्तों एवं संसदीय विमर्श का स्तर आदर्श नहीं था। मनमोहन सरकार के समय घपले-घोटालों को लेकर संसद का अधिकांश समय तो हंगामे की भेंट ही चढ़ा। सत्तापक्ष और विपक्ष के बिगड़े रिश्ते संसदीय लोकतंत्र और देश हित में नहीं। हमारे नेता यह समझने के लिए तैयार हों कि राजनीति में 'मतभेद' स्वाभाविक हैं, लेकिन 'मनभेद' के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। पिछले 10-11 साल में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच 'मनभेद' राजनीतिक वैमनस्य में बदल गए हैं। सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे के नेतृत्व पर किए जाने वाले तीखे व्यक्तिगत कटाक्ष इसका प्रमाण हैं कि राजनीतिक विरोध अब निजी कटुता में तब्दील हो गया है। इस कटुता की शुरुआत गुजरात में मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में वहां हुए दंगों से हो गई थी। संप्रग सरकार के दौरान न सिर्फ मोदी और अमित शाह को इन दंगों के लिए दोषी बताते हुए उनके विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसा गया, बल्कि मोदी को 'मौत का सौदागर' तक कहा गया। ऐसी आपत्तिजनक शब्दावली का इस्तेमाल याद नहीं पड़ता। तब से शुरू हुई निजी खुन्नस का ही परिणाम रहा कि मोदी के निशाने पर सोनिया और राहुल आ गए। सोनिया को 'राजमाता' तो राहुल गांधी को 'शहजादा' कहकर कटाक्ष किया गया। मामला एकतरफा नहीं रहा। राहुल भी कभी 'चौकीदार चोर है' का नारा उछालते रहे तो कभी नीरव मोदी के हवाले से मोदी सरनेम पर ही आक्षेप करते हुए अपने विरुद्ध मानहानि मुकदमे आमंत्रित करते रहे। भाजपा एवं कांग्रेस के रिश्तों में तल्खी अधिक दिखती है, पर अन्य विपक्षी दलों के साथ भी सत्तापक्ष के संबंध सौहार्दपूर्ण नहीं हैं। ईडी, सीबीआइ, आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों के 'राजनीतिक दुरुपयोग' के खिलाफ विपक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया, पर निराशा ही हाथ लगी। ऐसा नहीं कि अतीत में सत्तापक्ष-विपक्ष में संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 30 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिका में 1598 में पहली बार थियेटर का आयोजन।
- जॉर्ज वॉशिंगटन प्रथम 1789 में सर्वसम्मति से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
- ईस्ट इंडिया कंपनी की भारतीय नौसैनिक 1863 में ब्रिटिश नौसेना में भेजे गए।
- न्यूयॉर्क 1864 में अमेरिका का ऐसा राज्य बना जहां शिकार के लिए लाइसेंस फीस लागू किया गया।
- खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए 1908 में बम फेंका।
- जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने 1945 में आत्महत्या की।
- अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति और सीनेटर एल्बेन बार्कली की 1956 में वर्जीनिया में एक भाषण के दौरान मौत।
- 1975 में वियतनाम युद्ध का अंत हुआ।
- 1991 में अंडमान में ज्वालामुखी सक्रिय हुआ।
- अमेरिकी पर्वतारोही रिचर्ड डिक बास (55 वर्ष) 1985 में माउंट एवरेस्ट पर सर्वाधिक उम्र में चढ़ने वाले व्यक्ति बने।
- आतंकवाद से निपटने के लिए 2000 में सहयोग के आहवान के साथ जी -77 शिखर सम्मेलन हवाना में सम्पन्न।
- फिलीपींस में एरुत्रादा समर्थकों द्वारा 2001 में तख्ता पलट का प्रयास।
- पाकिस्तान में राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ के अगले 5 वर्षों के कार्यकाल में वृद्धि के लिए 2002 में जनमत संग्रह सम्पन्न।
- नरेश के असाधारण अधिकार बरकरार रखते हुए 2005 में नेपाल में इमरजेंसी समाप्त।
- 2011 क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी भारतीय उपमहाद्वीप को 2006 में मिली।
- नेत्रहीन पायलट माइल्स हिल्टन ने 2007 में विमान से आधी दुनिया का चक्कर लगाकर रिकार्ड बनाया।
- चालक रहित विमान लक्ष्य का 2008 में उड़ीसा के बालासोर ज़िले के चाँदीपुर समुद्र तट से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।
- हिन्दी चलचित्रों के सदाबहार अभिनेता देव आनंद को 2010 को मुंबई में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से तथा प्राणको फाल्के आइकॉन से सम्मानित किया गया।
- नीदरलैंड की महारानी बीट्रिक्स ने 2013 में पद छोड़ा और विलियम अलेक्जेंडर नीदरलैंड के राजा बने।
- नेपाल के उच्चतम न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की पर 2017 में महाभियोग का प्रस्ताव।

### 30 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- आध्यात्मिक गुरू मां आनंदमयी का 1896 में जन्म।
- 1949 में संयुक्त राष्ट्र संघ के नौवें महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का जन्म।
- 1927 में सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश फातिमा बीबी का जन्म।

## विशेष आलेख

# अक्षय तृतीया : समृद्धि, पुण्य और शुभारंभ का पर्व



प्रियंका सौरभ

**पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं।**

सिअक्षय तृतीया, जिसे आखा तीज भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। अक्षय का अर्थ होता है—जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

भारत त्योहारों की भूमि है, जहां हर पर्व किसी गहरी सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक भावना से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में से एक है अक्षय तृतीया, जिसे 'अखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष भूमिका निभाता है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म, दान, जप-तप, उपवास और सेवा कार्य 'अक्षय' यानी अविनाशी फल देने वाले माने जाते हैं। यह दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों के उच्च राशि में होने के कारण विशेष रूप से अबूझ मुहूर्त (सर्वश्रेष्ठ शुभ समय) माना जाता है, इसलिए इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना ज्योतिषीय परामर्श के भी किया जा सकता है। अक्षय तृतीया से जुड़ी अनेक पौराणिक घटनाएं हैं, जो इस दिन को अत्यधिक पवित्र बनाती हैं। भगवान परशुराम का जन्म इसी दिन हुआ था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इसी दिन युधिष्ठिर को भगवान सूर्य से 'अक्षय पात्र' प्राप्त हुआ था, जो कभी खाली नहीं होता था। व्यास जी और गणेश जी ने महाभारत की रचना इसी दिन आरंभ की थी। कुबेर ने इसी दिन मां लक्ष्मी की पूजा कर अपार धन प्राप्त किया था। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में इसी दिन अवतार लिया।


इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान, दान, व्रत और पूजन करते हैं। मां लक्ष्मी-नारायण की विशेष पूजा की जाती है। सोना खरीदना इस दिन की खास परंपरा मानी जाती है, क्योंकि यह 'अक्षय संपत्ति' का प्रतीक होता है। पूजा में तांबे के कलश में जल भरकर भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है। खीर, फल, पंचामृत का भोग लगाया जाता है। गरीबों और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, जल और धन का दान दिया जाता है। कन्याओं को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।भारत के कई हिस्सों में यह दिन कृषि चक्र से भी जुड़ा है। किसान इसे बीज बोने और नई फसल के लिए कामना करने का दिन मानते हैं। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में कन्यादान और विवाह की परंपरा इस दिन विशेष रूप से प्रचलित है।

इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। आभूषण कंपनियां, बैंक और निवेश कंपनियां इस दिन को अवसर के रूप में देखती हैं। लोग नया व्यापार शुरू करते हैं, मकान, ज़मीन या वाहन खरीदते हैं और सोना, चांदी, स्टॉक या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि लोगों की आर्थिक समझ और परंपरा के समन्वय का प्रतीक भी है।पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य का पर्व रहा है। यह गर्मी के मौसम की शुरुआत में आता है, जब जल संरक्षण, वृक्षारोपण, और पक्षियों के लिए पानी रखने जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया जाता है। कई सामाजिक संगठनों द्वारा इस दिन जल से सेवा (वॉटर बैंकिंग) और हरित अभियान चलाए जाते हैं। शहरी जीवन की भागदौड़ में यह एक ऐसा विराम है, जो हमें प्रकृति के साथ एक बार फिर से जुड़ने का अवसर देता है।

आज के समय में जब लोग तेजी से उपभोक्तावाद और भागमभाग की ओर बढ़ रहे हैं, अक्षय तृतीया हमें आध्यात्मिक संतुलन, दया और सद्कर्मों की निरंतरता की याद दिलाता है। यह पर्व सिखाता है कि केवल बाहरी संपत्ति नहीं, बल्कि अक्षय मूल्य—सच्चाई, करुणा, दानशीलता और धर्म ही जीवन को समृद्ध बनाते हैं।अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, पुण्य और सकारात्मक आरंभ का उत्सव है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में जो भी शुभ कार्य करें, वह केवल भौतिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति की ओर भी अग्रसर हो। आज जब हम अक्षय तृतीया मनाएं, तो एक वचन खुद से करें—कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए भी कुछ 'अक्षय' छोड़कर जाएं।

**'जो करे सेवा जल की,**
**वृक्ष लगाए प्यार,**
**उसके जीवन में रहे**
**अक्षय सुख-संसार।'**

# राष्ट्रपति ट्रम्प ने अनुसंधान संस्थानों पर हमला करके भारतीय छात्रों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में आना असंभव बना दिया है



अशोक भाटिया

**जैसे-जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति नई नीतियों पर जोर दे रहे हैं, वैश्विक बाजार और सार्वजनिक विरोध तेज हो रहे हैं, और ट्रम्प ने अमेरिका को अपनी पूर्व संपत्ति में वापस लाने के लिए येनकेन तरीके से विदेशियों को देश से बाहर निकालने के तरीके खोजे हैं।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियाभर से आयात पर भारी शुल्क लगाकर वैश्विक व्यापार और वैश्वीकरण पर हमला बोला है। भारत का सारा मीडिया, राजनेता और तथाकथित बुद्धिजीवी इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि अमेरिका द्वारा छेड़े गए इस आर्थिक युद्ध का हम पर कितना असर पड़ेगा। लेकिन साथ ही, राष्ट्रपति ट्रम्प ने संयुक्त राज्य अमेरिका में पूरी शिक्षा प्रणाली और अनुसंधान संस्थानों पर हमला करके विदेशी छात्रों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में आना असंभव बना दिया है। भारतीय लोग प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विदेशों में उच्च पदों पर होने पर गर्व करते हैं। लेकिन पिछले 60-70 वर्षों से हम इस तथ्य की ओर से पूरी तरह से आंखें मूंद रहे हैं कि प्रतिभाशाली भारतीय और वैज्ञानिक हमारे देश से भाग रहे हैं और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका और अन्य उन्नत देशों में जा रहे हैं। सबसे मामूली और पहली भव्य निकासी में से एक आयात शुल्क बढ़ाने का उनका अपना निर्णय था, जो दुनिया भर के सभी देशों से अमेरिकी बाजार में उत्पादों की बिक्री पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने वाले थे। घोषणा और अमेरिकी बाजार में गिरावट ने ट्रम्प के सलाहकारों की आंखें सफेद कर दीं। उनकी नजर %अच्छे दिन% पर थी, उन्होंने इस डर से आंखें मूंद लीं कि वे रुकेंगे या जाएंगे। अंत में, उनके लिए 90 दिनों के लिए अपने निर्णय को स्थगित करने का समय आ गया। यह %जब था% के लिए आंखें मूंद ली जा सकती थीं। लेकिन ट्रंप ने इस दौरान अपने फैसलों से पीछे हटने की कोशिश की। उनका तेवर उसी प्रतिद्वंद्वी चीन को लेकर नरम था जिस पर उन्होंने आयात शुल्क बढ़ाकर 245 प्रतिशत करने की धमकी दी थी। इतना कि जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका को देखने के लिए तैयार नहीं थे, तो ट्रम्प के लिए उनसे विनती करने का समय आ गया था। वही विदेशी छात्रों के लिए भी जाता है जो संयुक्त राज्य अमेरिका में आए थे। ट्रम्प ने हजारों छात्रों को छोड़ने का आदेश दिया, लेकिन उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका को होने वाले नुकसान को महसूस करने के बाद उनमें से आधे से अधिक को वापस ले लिया। ट्रम्प, जिन्होंने विदेशी कंपनियों द्वारा विदेशों में बनाई गई कारों पर भारी आयात करों की घोषणा की थी, बाद में धीरे-धीरे मोटर उद्योग का अपवाद बना दिया। यह वापसी न केवल आर्थिक निर्णयों में, बल्कि कूटनीति में भी परिलक्षित हुई। कूटनीति में भी यही हुआ। गौरतलब है कि भारत एक से दो साल में हम इंसानों के साथ पहला स्पेसक्राफ्ट भेजने की योजना बना रहा हैं। वहीं, चीन ने पिछले तीन सालों से अंतरिक्ष में अपना बेस बनाया हुआ है, और चीनी अंतरिक्ष यात्री नियमित रूप से वहां जाते हैं। स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हम चीन से 20 साल पीछे हैं। लेकिन 1960 के दशक में भारत ही एकमात्र एशियाई देश था। चीन प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में हमसे कम से कम 10 साल पीछे था जब उसने खुद स्वदेशी रूप से निर्मित मारुत विमान का डिजाइन, शोध और निर्माण किया; लेकिन 1960 के दशक में, चीन में माओत्से तुंग के नेतृत्व में एक ईमानदार सरकार थी।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



**सुरेश कुड़ी**
**(डिप्टी एसपी)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के सुपर स्टार हैं डिप्टी एसपी सुरेश कुड़ी जी जोकि इस समय झलावाड जिले में बतौर डिप्टी एसपी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

1976 को सीकर जिले के छोटे से गांव सुरेरा में जन्म हुआ। बचपन से पढ़ाई में मे मेघावी रहते हुए दसवीं क्लास में उसे वक्त तक का स्कूल का हाईएस्ट रिकॉर्ड प्रतिशत बनाया। बीएससी बांगड कॉलेज डीडवाना से करने के बाद 2002 में राजस्थान आर्म्ड कांस्टेबल में सब इंस्पेक्टर पद पर ज्वाइन किया। टोंक जिले में ज्वाइन करने के बाद जब 2006 में राजस्थान में एंटी टेररिस्ट ऑपरेशन के लिए कमांडो टीम तैयार हो रही थी तो उसमें स्वेच्छा से 2 साल की कठिन ट्रेनिंग जोधपुर एवं एनएसजी ट्रेनिंग लेकर 2008 से 2021 तक अस कमांडो टीम का इंचार्ज रहते हुए एनएसजी एवं विभिन्न राज्यों की कमांडो टीमों एवं एनएसजी के साथ में संयुक्त अभ्यास किए। बहुत मजबूत पुलिस अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है, पीड़ितों को न्याय दिलाने में सदैव अग्रणी रहे। सन 2009 में सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर प्रमोट हुए और सन 2021 में इंस्पेक्टर से डीएसपी प्रमोट हुए। एटीएस में रहते हुए जयपुर में किसी भी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान पर आतंकवादी हमला होने की स्थिति में श्रेष्ठ तरीके से प्रतिकार करने के लिए जयपुर की प्रत्येक महत्वपूर्ण इंस्टॉलेशन का विजिट करके कमांडो ऑपरेशन की प्लानिंग तैयार करवाकर राजस्थान एटीएस टीम को भविष्य में किसी आतंकवादी हमले से बचने के लिए पहले से तैयार रहने के लिए सुदृढ़ किया। जहां शाशन प्रशासन द्वारा इनके द्वारा किये गए प्रयासों को सराहा गया। 2022 में महिला अपराध अनुसंधान सेल अलवर में कार्य करते हुए पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलवाया। 2023 24 में किशनगढ़ बास वर्ताधिकारी के रूप में कार्य किया और अनेको अपराधिक घटनाओ पर अंकुश लगाने की सफल कार्यवाही करते हुए आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय के पुलिस स्लोगन का मान बढ़ाया। 2024 25 में सीओ एससी एसटी अलवर के रूप में कार्य किया। गरीब मजबूर पीड़ित को निष्पक्ष रूप से न्याय मिले यही सदेव कोशिश रही।

## 2025_0114 — बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 6 | |
| | 6 | 4 | | 1 | | 2 | | |
| 8 | 9 | 7 | | 6 | | | | |
| 7 | | 9 | 6 | | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | | 5 | 8 | 3 | 7 | | 1 | 6 |
| 6 | 3 | | | 4 | | 8 | 2 | 7 |
| | 7 | | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | |
| 9 | | | | | | | 7 | |

**Ans_2025_0113**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**मिथुन**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**कर्क**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**सिंह**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कन्या**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**तुला**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**वृश्चिक**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**धनु**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कुंभ**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**मीन**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# विकास एवं समाज सेवा में भामाशाहों का सहयोग जरूरी : दिलीप ईसरानी

## वनस्थली मोड़ पर यात्री प्रतीक्षालय व पलेई में आंगनबाड़ी केंद्रों का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**निवाई।** जयपुर-टोंक रोड पर स्थित वनस्थली मोड़ पर यात्री व वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के लिए श्रीकृष्णा सुदर्शन ऊर्जा प्रालि के द्वारा समृद्ध ग्राम्य अभियान के तहत यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया। जिसका लोकार्पण मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, समृद्ध ग्राम्य अभियान के सचिव सीताराम गुप्ता व कंपनी के चेयरमैन अजय सांघी ने फिता काटकर किया। पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं समाज सेवा में भामाशाहों का सहयोग अत्येंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा वनस्थली मोड पर नवनिर्मित बस स्टैंड व तिराहे की साफ सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि देश, समाज एवं मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। चैयरमेन अजय सांघी ने कहा कि श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा समूह द्वारा वनस्थली मोड पर विद्यापीठ की छात्राओं, राहगीर व यात्रियों की सुविधा को आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया है। संस्था के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि समृद्ध ग्राम्य अभियान सोसायटी ने भी ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत पलेई के आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम व द्वितीय को विकास, बच्चों का शारीरिक विकास, सौंदर्यरीकरण, खेलकूद आदि के उद्देश्य से गोद लिया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत पलेई के प्रशासक भवानीसिंह राजावत, कुम्हेर सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी, जनरल मैनेजर मुकेश शर्मा, पुनीत गुप्ता, नितिन शर्मा, सुपरवाइजर गंगा मीणा, विष्णु मित्तल, सीमा शर्मा, सीमा पारिक, ऊषा शर्मा, कृष्णा चैधरी, मोनू सेन, राजेंद्र शर्मा व कन्हैयालाल शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।



# बीच सड़क पर आलसी भालू के सामने बाघिन रिद्धि के शावक ने किया 'सरेंडर'

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर नेशनल पार्क के जंगल के बीच बनी एक सड़क का वीडियो वायरल हो रहा है, जहां एक आलसी भालू और बाघिन रिद्धि का शावक एक दूसरे के सामने खड़े हैं। गौरतलब है कि इन दिनों सोशल मीडिया पर एक हैरान कर देने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो रणथंभौर नेशनल पार्क के जंगल के बीच बनी एक सड़क का है, जहां एक आलसी भालू और बाघिन रिद्धि का शावक एक दूसरे के सामने खड़े हैं। जिसमें ऐसा लग रहा है कि बाघिन रिद्धि के शावक ने भालू के सामने सरेंडर कर दिया है। इस नजारे को वहां से गुजर रहे पर्यटकों ने अपने कैमरों में कैद कर लिया।

**बाघिन रिद्धि का शावक सड़क पर बैठा हुआ था :** आमतौर पर बाघ को जंगल का सबसे ताकतवर शिकारी माना जाता है और भालू भी अपनी ताकत और बचाव के लिए जाने जाते हैं।लेकिन इस वीडियो में जो दिख रहा है वो वाकई चौंकाने वाला है। वीडियो में बाघिन रिद्धि का शावक सड़क पर बैठा हुआ है। इसी दौरान सामने से बीच सड़क पर एक आलसी भालू आ रहा था। पहले तो वो शावक को देखकर उछला और फिर धीरे-धीरे उसके करीब चला गया। तब तक बाघिन रिद्धि का शावक सड़क पर ही बैठा रहा।

**भालू को अचानक ज़मीन बैठ जाता है शावक :** सबसे दिलचस्प पल तब आता है जब भालू शावक के बहुत करीब आ जाता है। शावक कुछ देर तक भालू को देखता है और फिर अचानक ज़मीन पर बैठ जाता है, ऐसा लगता है जैसे उसने भालू के सामने 'सरेंडर' कर दिया हो। शावक की इस हरकत पर भालू थोड़ा हैरान होता है और वह उसकी तरफ़ देखते हुए आगे बढ़ जाता है।

**सोशल मीडिया पर खूब मिल रही प्रतिक्रिया :** जिसमें उन्होंने लिखा है कि ये वन्यजीव इतिहास के सबसे अनोखे पलों में से एक है। जहां ऋद्धि की बेटी एक सुस्त भालू के सामने सरेंडर करती नजर आई। अपने क्षेत्र के बाहर, उसने टकराव करने या अपनी जमीन पर खड़े होने की कोशिश भी नहीं की, बिना किसी प्रतिरोध के पीछे हट गई। अपने प्रभुत्व और निडरता के लिए जानी जाने वाली बाघिन के लिए ऐसा व्यवहार बहुत ही असामान्य है। इस दृश्य को देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोग शावक की मासूमियत पर प्यार बरसा रहे हैं तो कुछ ने इस दृश्य को बेहद अनोखी घटना बताया है।

# जिला न्यायाधीश दीक्षित ने जिला कारागृह निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर देवेन्द्र दीक्षित द्वारा सोमवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के बारे में जांच की गई। देवेन्द्र दीक्षित द्वारा मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से कारागृह में बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता आदि के संबंध में पूछताछ की गई। साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को प्राप्त विधिक सहायता एवं जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया, निरीक्षण के दौरान बंदियों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। शिकायत पेटी को खोला गया, शिकायत पेटिका में बंदियों द्वारा कोई भी शिकायत नहीं किया जाना पाया गया। दौराने निरीक्षण कुल 130 बंदी उपस्थित पाएं गए। देवेन्द्र दीक्षित द्वारा बंदियों को साइबर अपराधों, चोरी, लूट, हत्या एवं हत्या के प्रयास तथा अन्य अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में अवगत करवाया गया, साथ ही उनके कानूनी अधिकारों, बंदियों के कल्याण की योजनाओं, नालसा पोर्टल एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी, डॉ. मनोज गर्ग एवं कारागृह स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# मंदिर के शिखर पर तोता बैठने से ग्रामीणो में खुशी की लहर, एक-दुसरे को दी शुभ शगुन की बधाईयां

बढ़ता राजस्थान





**नटवाड़ा।** गाँव में स्थित श्री बद्री विशाल मन्दिर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेले का शुभारम्भ मंगलवार की प्रात: कनक दण्डवत यात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर नव संवत्सर का शगुन देखने के लिए श्रदालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। ध्वजा फहराने से पूर्व वर्षो से चली आ रही परम्परा के अनुसार मंगलवार की प्रात: नटवाड़ा ठिकाने के गढ में ठा. लक्ष्मण करण राठौड एवं पुण्यप्रताप करण के सानिध्य में विधिवत मंत्रोच्चारण के सात अनाज एवं ध्वजा का पूजन करने के बाद बैण्ड बाजे एवं झालर, शंख, नगारो की मधुर ध्वनि एवं श्री बद्री विशाल भगवान के जयकारो के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाओ द्वारा मंगल गीत गाने और भगवाने के जयकारो से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा गढ से शुरू होकर सीतारामजी से होती हुई मुख्य बाजार, हताया मोहल्ला, जाटो के मोहल्ले से होती हुई श्री बद्री विशाल के मन्दिर पहुची। मन्दिर में पुजारी ने ध्वजा को भगवान के चरणों में अर्पित कर सम्पूर्ण विधि विधान से पूजा-अर्चना कर गाँव के पंच-पटेलो के सानिध्य में मन्दिर के शिखर पर ध्वजा फहराई गई एवं इसके बाद मन्दिर के शिखर पर बैठने वाले पक्षी का शगुन देखा गया एवं भिगी चने की दाल एवं पतासो का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री बद्रीनाथ की भव्य झॉकी सजाई गई। इसके बाद सभी ग्रामीणो ने घरो में पकवान बनाकर दाल-बतासो के साथ भगवान को भोग लगाकर एक-दुसरे को शुभ शगुन होने की बधाईयां दी।

**सुण ली म्हारा बद्रीनाथ न :** नटवाड़ा में श्री बद्री विशाल भगवान के मन्दिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर ध्वजा फहराने के बाद चारो ओर सन्नाटा छा गया सबकी नजरे पर बैठने वाले प्रथम पक्षी के बैठने के इन्तजार में टकटकी लगाये मन्दिर के शिखर पर टिकी थी तभी तोता पक्षी मन्दिर के शिखर पर आकर बैठने के साथ ही चारो ओर एक ही आवाज गूंज उठी सुण ली म्हारा बद्रीनाथ न।

जमनो चोखों होव लों एवं भगवान बद्रीनाथ के जयकारो से पूरा गॉव गूंजायमान हो गया। इसी के साथ हर श्रद्वालु के चहेरे पर खुशी लहर दौड़ गई । तोता पक्षी बैठने एवं गढ़ के दीवानखाने मे रखे तिल, ज्वार, गेंहू, मूंग सहित 4 अनाजो की ढेरिया बिखरी होने से खरीफ एवं रबी की फसले अच्छी होने के उम्मीद हैं। गौरतलब हैं कि शिखर पर बैठने वाले पक्षी में गरूड़, तोता, गुरगल पक्षी एवं चिड़िया सुकाल का प्रतीक हैं वही कौआ अकाल का प्रतीक हैं।

**भगवा रंग में रंगी सड़के :** अक्षय तृतीया के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का कई सामाजिक संगठनो एवं ग्रामीणो द्वारा कदम-कदम पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिससे सड़को पर फूलो के पंखो परत जम गई और सड़के भगवा रंग में नजर आने लगी। वही श्री बद्रीनाथ एवं सनातन धर्म के जयकारो से नाटेश्वर नगरी गुंजायमान हो गई। चारो ओर भक्ति का माहौल हो गया। मन्दिर परिसर में कई समाजसेवियो द्वारा श्रदालुओ को ग्रामीणो द्वारा ठण्डा पेय एवं शर्बत पिलाई गई। इस अवसर पर आसपास गॉवो से कई पदयात्राएं आई। ध्वजा फहराने के बाद भगवान श्री बद्री विशाल को पोशाक चढाने वालो की होड़ मची रही ।

# मिस्त्री की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, पूर्व में हुए थे 4 गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ट्रैक्टर मिस्त्री की हत्या करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि 14 अप्रैल की रात को ट्रैक्टर मिस्त्री हंसराज सैनी को अज्ञात व्यक्तियों ने मोबाइल करके दादू दयाल आश्रम के पास उनके ट्रैक्टर को ठीक करवाने का बहाना बनाकर बुलाया था। मिस्त्री के दादू दयाल आश्रम के पास पहुंचते ही आरोपियों ने उस पर लाठियां एवं सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल हंसराज सैनी की उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने पूर्व में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को आरोपी दीपक पुत्र चन्दालाल सैनी व सोनू सैनी पुत्र बाबूलाल सैनी दोनों निवासी कालू पटेल की ढाणी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों घटना में प्रयुक्त 3 मोटरसाईकिले जब्त की है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर आयोजित शोभायात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ भीड़

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर पीपलू में विप्र समाज के तत्वावधान में सामूहिक रूप से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा चारभुजानाथ मंदिर से रवाना होकर बस स्टैंड होते हुए शिवालय तक निकाली गई। शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरू होने से पहले पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा समिति पीपलू अध्यक्ष केदार शर्मा, उपाध्यक्ष एडवोकेट नंदकिशोर शर्मा, महामंत्री आलोक शर्मा, विप्र फाउंडेशन पीपलू तहसील अध्यक्ष दीपक शर्मा, छितर शर्मा, विष्णु शर्मा बालकिशन शर्मा, देवनारायण, भगवान, अरविंद ,राजेश, सत्यनारायण, दीपक व धर्मराज सहित कई विप्रजन मौजूद रहे।

# क्षेत्र में शादियों की धूम, बाजारों में ग्राहकों की रेलमपेल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई।** इस बार क्षेत्र में अच्छी फसल होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा सहित अन्य सावों पर विवाहों की धूम मचने की संभावना बढ़ गई है। इन दिनों आखातीज के अबूझ सावे पर अपने बच्चों का विवाह रचाने के लिए किसानों में होड़ मची हुई है। जिसके चलते बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। राज्य सरकार के बाल विवाह रोकने के सख्त प्रयासों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा बाल विवाह तो काफी कम किए जा रहे है। लेकिन अबूझ सावे का लाभ उठाने के लिए हर किसान तैयार नजर आ रहा है। रबी की फसल बम्पर होने के चलते किसान आर्थिक रूप से सुदृढ हो गया है। आखातीज व इसके बाद लगातार शादी विवाहों के मुहुर्त होने के कारण बाजारों में ग्राहकों की रेलमपेल हो रही है। शहर में स्थित कपडों, आभूषणों, किराने की दुकानों, पतल-दोने की दुकानों, ईलेक्ट्रोनिक सामान की दुकानों पर खरीददारों की काफी भीड़ देखी जा रही है। चांदी व सोने के भाव आसमान छू जाने के बावजूद किसान शादियों में दुल्हनों को पहनाने के लिए आभूषण बनवाने में जुटे है। अबूझ सावे पर शादी समारोहों की धूम का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बैण्ड बाजा, घोडी, हलवाई, टेन्ट एवं वाहन का टोटा हो गया है। जिससे लोगों को चौगुने दाम देकर व्यवस्थाएं करनी पड़ रही है। वधु पक्ष के लोग अपनी पुत्रियों को शादी में भेंट देने के लिए ट्रेक्टर-ट्रोलियों में लादकर सामान ले जाने में जुटे है। इन दिनों शहर में चारों और शादी समारोह के सामानों से भरी हुई ट्रोलियां ही नजर आ रही है।

# राजस्थान की 2126 पंचायतों के लिए खुशखबरी, युवाओं को मिलेगी पुस्तकालय की सुविधा

## पहले चरण में अटल ज्ञान केन्द्र के नाम से शुरू होंगे पुस्तकालय

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे ग्रामीण अंचल के युवा अब पंचायत स्तर पर ही आधुनिक पुस्तकालय की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। पहले चरण में अटल ज्ञान केन्द्र के नाम से शुरू होने वाले पुस्तकालयों के उद्घाटन प्रदेश के 2126 पंचायत मुख्यालयों पर किए जाएंगे। यदि सब कुछ योजना के अनुसार चला तो युवाओं को जल्द ही इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। अभी करीब 11 हजार पंचायतों में से 2126 पंचायतों में ये केंद्र खोले जाएंगे। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य पंचायतों में भी इसका विस्तार किया जाएगा। इस योजना के तहत ई-पुस्तकों के साथ-साथ विभिन्न भाषाओं के पत्र-पत्रिकाओं और इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। ई-पुस्तकालय को पंचायत मुख्यालयों में ही भारत निर्माण सेवा केंद्र के कक्ष में संचालित किया जाएगा।

**एक समय में 20 विद्यार्थियों को मिलेगी सुविधा :** ई-पुस्तकालय में एक समय पर 20 अभ्यर्थी पढ़ाई कर सकेंगे। जिसमें कम से कम 4 वर्क स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। कम्प्यूटर और फर्नीचर की व्यवस्था भी की जाएगी। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में कोई कठिनाई नहीं हो। यह पुस्तकालय केवल परीक्षा की तैयारी के लिए ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों को अपनी रुचि के अनुसार कुछ नया सीखने के लिए भी एक गतिविधि केंद्र के रूप में कार्य करेंगे।

**यह है योजना का उद्देश्य :** योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का स्तर सुधारना और युवाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

# अलग-अलग मामलों में 24 गिरफ्तार, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक मोटरसाईकिल तथा 2 लीटर अवैध हथकढ शराब जब्त



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू।** झिराना थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा ने बताया कि गठित टीमों द्वारा डोमिनेशन की कार्रवाई के तहत थाना क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही करते हुए 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली, एक मोटरसाईकिल तथा 02 लीटर अवैध हथकढ शराब जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी नन्दराम सैनी, निवासी चाँदसेन, सांवरा बैरवा, निवासी पिनणी, संदीप सैनी, निवासी मालूणी, रामबाबू सैनी निवासी नानेर, हनुमान सैनी निवासी नानेर, दिलखुश गुर्जर निवासी पिनणी, किशन माली, निवासी नानेर, कान्हाराम मीणा निवासी काशीपुरा, देवलाल गुर्जर निवासी अतालिकपुरा, प्रकाश मीणा निवासी चाँदसेन, रमेश मीणा निवासी झिला की ढाणी पिनणी, राजेश सैनी निवासी नया गांव इस्लामपुरा, कजोड बैरवा निवासी निमेडा, जगदीश ढोली निवासी निमेडा, हंसराज बैरवा निमेडा, सीताराम बैरवा निवासी निमेडा, मदनलाल बैरवा निवासी निमेडा, रमेश बैरवा निवासी निमेडा, हरजीराम गुर्जर निवासी सीतारामपुरा, तेजपाल गुर्जर निवासी सीतारामपुरा, मुकेश गुर्जर निवासी सीतारामपुरा, मोहम्मद आजाद खान निवासी रहीमपुरा उर्फ नयागांव, मो. साजिद खान निवासी रहीमपुरा उर्फ नयागांव व महेन्द्रकुमार मीणा निवासी समदपुरा उर्फ धोल्या को गिरफ्तार किया है।

# विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की निकली शौभायात्रा, सभी समाजों ने की पुष्प वर्षा

## ब्राह्मण समाज में हर्ष का विजय दिवस बरसा





बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के उपखण्ड बानसूर की नगर पालिका क्षेत्र में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम की शौभायात्रा में समाज के हर वर्ग ने पुष्पवर्षा की। वहीं विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम की शौभायात्रा में समलित लोग गदगद हो गए उन्होंने इस अवतरण दिवस को विजय दिवस में मनाया। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु के अवतार के रूप में भगवान श्री परशुराम ने अवतार लिया और भारत की धरती से 21बार असुरों का विनाश कर भारत को सुरों के हवाले किया। प्रात: कालीन भगवान श्री परशुराम की पूजा अर्चना के बाद नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से शौभयात्रा गुजरी। शौभयात्रा पर विभिन्न समाजों द्वारा पुष्पवर्षा की गई। शौभायात्रा के अंत में डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि कल अलवर में स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज आए थे उन्होंने कहा था कि ब्राह्मण सबका है। वहीं शौभायात्रा में समलित हुए ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार लाटा ने ह्रदय से सम्मान करते हुए उनका आभार प्रकट किया। एडवोकेट विकास जोशी ने कहा कि जिस तरह बानसूर विधानसभा क्षेत्र में आज भगवान श्री परशुराम की शौभायात्रा का स्वागत किया यह बहुत ही स्मरणीय है और रहेगा। उन्होंने सभी समाजों का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ भी प्रेषित की। उधर ब्राह्मण समाज के मुख्य अतिथि और समाजसेवी गजेन्द्र ज्ञानपुरिया ने कहा कि भगवान श्री परशुराम किसी एक व्यक्ति या जाति की धरोहर नहीं थे उन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ाई की और उसमें वे विजयी रहे। भारत का प्रत्येक नागरिक आपस में भाई -भाई है हमें उस रिश्ते को बरकरार रखना है। उन्होंने सभी जाति -धर्म के लोगों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमें एकजुटता दिखाते हुए देश की विपरीत विचारधारा के लोगों से संघर्ष करना है नहीं कि जाति के परपंच में पड़कर एक दूसरे का दुश्मन बनना है। यही विचारधारा भगवान श्रीपरशुराम की थी यह हमें याद रखना होगा। वहीं इस मौके पर सभी समाजों द्वारा विप्रबन्धुओं को अनेक स्थानों पर स्टाल लगाकर शीतल जल पिलाया गया और उन्हें अल्पाहार भी दिया गया यह जानकारी एडवोकेट विकास जोशी ने दी।इस मौके पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार लाटा,पूर्व शिक्षक गिरधारीलाल ढांचोलिया, पियूष पुरोहित,गंगालहरी शर्मा, डॉ शशिकांत बोहरा, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, अलवर जिला कांग्रेस पार्टी के महासचिव कमल तिवाड़ी, भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा, गजेन्द्र ज्ञानपुरिया, एडवोकेट सुभाष जोशी, रोशन लाल शर्मा,राघवेंद्र शर्मा, विकास जोशी, नीरज शर्मा, पूर्व उपसरपंच महेश ढांचोलिया,पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धूमिलाल, घनश्याम शर्मा लेकड़ी, एडवोकेट विष्णु शर्मा, सुशील पुरोहित, मनोज दीक्षित,प्रधानाचार्य योगेश ढांचोलिया, पूर्व अध्यक्ष अरविन्द दंगल, गोविन्द नारायण शर्मा गिरुड़ी, पूर्व पंच कैलाश मिश्रा, एडवोकेट संकेत लाटा, पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा इंद्राण्डा वाले,हरसौरा ब्राम्हण अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, रामपुर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, सतीश शर्मा रामपुर,हरदयाल उच्च माध्यमिक विद्यालय के निदेशक सतीश शर्मा,गरीबों, दलितों और पिछड़ों के मसीहा पण्डित नरहरी शर्मा, धीरपुर के शिव शर्मा, महेन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, गिर्राज प्रसाद दडंग, एडवोकेट आकाश शर्मा, चिराग तिवाड़ी,पण्डित शौरभ, दीपक शास्त्री, योगेश महर्षि, जयभारत शर्मा, अनुज शर्मा, तरुण शर्मा, ऋतिक शर्मा, साहिल शर्मा, प्रवेश बोहरा, मनीष जोशी, रुद्रांश शर्मा, संजय शर्मा, अरविन्द शर्मा, आनंद बाबू, जीतेन्द्र शर्मा, सोनू तिवाड़ी, मयंक शर्मा सहित काफ़ी संख्या में विप्रबंधु मौजूद रहे।

# निरंकारी मिशन द्वारा जोन स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 1 मई 2025 से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** संत निरंकारी मंडल अलवर के तत्वाधान में आने वाली एक मई 2025 बृहस्पतिवार से निरंकारी श्रद्धालुओं द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अलवर ब्रांच के जिला संयोजक श्री सोमनाथ जी निरंकारी की देख रेखा में होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से टूर्नामेंट की श्रृंखला में यह क्रिकेट टूर्नामेंट आरआर कॉलेज के खेल मैदान पर प्रात: 7. 00 बजे से 11.00 तक और दूसरी पारी में दोपहर 3.00 बजे से 7.00 तक होगा। निरंकारी मिशन द्वारा खेलों की प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आपस में प्रेम सौहार्द्य पूर्ण वातावरण में एवं भाईचारे की भावना को सुदृढरण करना है पूरी जोन से बाहर से आने वाली टीमों के लिए सत्संग भवन पर ठहरने एवं लंगर प्रसाद आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। टूर्नामेंट के खेल मैदान पर भी खिलाड़ियों के लिए एवं संगत के सदस्यों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था सेवादल संचालक श्री शिलिराम जी की देखरेख में सेवा दल भाई बहनों द्वारा की जाएगी।

**भगवान तो देखते हैं ना...:** ईश्वर के प्रति आस्था का अनन्य भाव भूवनेश्वम के पास छोटे से एक गाँव नौरह में देखने को मिला जहां एक पुराना सा मन्दिर में जिसमें एक भक्त रोज आता था वो गरीब था, अशिक्षित था, बुर्जुग भी था और उसके साथ ही नीची जाति का भी था। मन्दिर के बाहर से ही खड़े होकर उन्हे निहारा करता था। एक दिन अचानक उसकी एक आँख से उसे दिखना बंद हो गया। गरीब था असहाय था सो बस ऐसे ही अपने दिन काटता रहता था लेकिन मन्दिर जाना नहीं भूलता, बाहर से भगवान की मूर्ति को देखने का प्रयास करता लेकिन भगवान ठीक से दिखाई नहीं पड़ते थे। धीरे धीरे आँखों की रोशनी कम होती चली गई और एक दिन बिलकुल ही दिखाई देना बंद हो गया लेकिन मन्दिर रोज आता था वो बाबा। एक दिन मन्दिर के पुरोहित ने उससे कहा कि तुझे मन्दिर में दिखता क्या है, तुझे दिखता तो बिलकुल नहीं है तू रोज किसी ना किसी का हाथ पकड़ कर मन्दिर आता है। जब तुझे ईश्वर दिखता नहीं तो तू आता ही क्यों है। जानते हैं उसने क्या जवाब दिया। बुर्जुग बोला कि मैं तो नहीं देख सकता लेकिन भगवान तो मुझे देख ही सकता है ना। ये सुनकर मन्दिर के पुरोहित निशब्द हो गए। सच भी यहीं है मित्रों हम यदि ये भाव रख लें कि हम ही ईश्वर को नहीं बल्कि ईश्वर भी हमें देख रहा है तो कण कण में ईश्वर का भान होगा और हम जो गुनाह ये समझ कर नहीं करते हैं ना कि कहीं सीसीटीवी कैमरे तो नहीं लग रहे हैं तो ये समझ कर करना शुरू कर देंगे कि मैं तो नहीं देख रहा लेकिन ईश्वर तो देख रहा है। जबकि हमारा उल्टा है हम गरीब को या भिखारी को आटा देंगे तो ये सोच कर देंगे कि ईश्वर देख रहा है उसी आटा देने वाले हाथ से जब रिश्वत लेते हैं तो ये सोचते हैं ईश्वर यहां कहा से देखेगा। जबकि सच तो ये है कि उसकी एक लाख आँख हैं वो सबको देख रहा है।

# पैदल व दुपहिया वाहन चालक नहीं जा सके पाण्डूपोल में दर्शन के लिए, श्रद्धालुओं में रोष

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** मंगलवार को जन-जन के आस्था के केंद्र पाण्डूपोल हनुमान मंदिर में मेले का आयोजन हुआ। मेले में वन विभाग की ओर से दुपहिया वाहन व पैदल यात्रियों के नहीं जाने देने के कारण श्रद्धालुओं ने खासी नाराजगी जताई। श्रद्धालुओं ने बताया कि वन विभाग के द्वारा बिना किसी सूचना के मंदिर जाने वाले सिलीबेरी व टहला रास्ते को बंद कर दिया गया जिसके कारण श्रद्धालुओं मंदिर नहीं पहुंच पाए। गौरतलब है कि पाण्डूपोल हनुमान जी महाराज के प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से पाण्डूपोल हनुमानजी महाराज के दर्शन व मूंडन संस्कार के लिए आते हैं। बहरोड़ से आये श्रद्धालु जसवंत ने कहा कि हम मुंडन संस्कार के लिए आए थे परन्तु वन विभाग के कर्मचारियों ने हमारी दुपहिया वाहन को नहीं आने दिया। माचाड़ी निवासी श्रद्धालु रतन तिवाड़ी ने कहा कि अलवर जिले से दो-दो वन मंत्री होने के बावजूद वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा श्रद्धालुओं को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। सिलीबेरी व टहला रास्ते से हज़ारों की संख्या में पैदल यात्री व दुपहिया वाहन चालक ग्रामीण इलाकों से दर्शन के लिए आते हैं। मंगलवार को हनुमान जी का मेला होने के बावजूद श्रद्धालुओं को मंदिर नहीं आने दिया जिससे श्रद्धालुओं में खासा रोष व्याप्त है। मंदिर के महंत मुरारीलाल शर्मा ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से श्रद्धालुओं को परेशान किया जा रहा है। यहां पर प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान सहित आसपास के इलाकों से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

यहां के आसपास के रहने वाले लोग पैदल या दुपहिया वाहनों से आते हैं लेकिन रास्ता बंद होने के कारण श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा को भी अवगत कराया परन्तु समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

# भगवान परशुराम जयन्ती पर आयोजित हुई भव्य शोभायात्रा

## वन मंत्री श्री संजय शर्मा ने ध्वज लहराकर कर शोभायात्रा को रवाना कर शिरकत की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने भगवान परशुराम जयन्ती के अवसर पर ब्राह्मण समाज अलवर द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा को दिल्ली दरवाजा बाहर परशुराम भवन से ध्वज लहराकर रवाना किया।

वन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भगवान परशुराम अन्य का विरोध कर पीडितों की सहायता करने वाले है। उनके जीवन संदेश को आत्मसाध कर समाज में समता की भाव उत्पन्न किया जा सकता है। मंत्री शर्मा ने शोभायात्रा में भगवान परशुराम के वाहन के सारथी बनकर शिरकत की। इस दौरान बडी संख्या में विप्र बन्धु शामिल हुए। शोभायात्रा का शहर में विभिन्न समाजों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा दिल्ली दरवाजा भवन से प्रारम्भ होकर ब्राह्मण छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान विशम्भर वशिष्ठ, योगेश मिश्रा, झम्मन लाल शर्मा, आकाश मिश्रा, ऋषिराज शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, विवेक प्रधान, जितेन्द्र खेडापति, मधुसुदन शर्मा सहित बडी संख्या में विप्र बन्धु शोभायात्रा में शामिल हुए।



# वाल्मीकि समाज अलवर द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रृद्धांजलि




बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** हाल ही में काश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले ने पूरे देश को सदमें में ड़ाला हुआ है। लोग जगह जगह इस आतंकी हमले का विरोध कर मरने वाले पर्यटकों के प्रति अपनी संवेदनाए प्रगट कर रहे हैं ऐसे में मंगलवार को अलवर के वाल्मीकि समाज अलवर द्वारा पहलगाम में हुए टेररिस्ट अटैक में निर्दोष पर्यटकों ओर हमारे भारतीय सेना के जवानों को शहीद स्मारक कंपनी बाग पर समस्त वाल्मीकि समाज की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं दो मिनिट का मौन रखा गया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

ज्योति सारवान ने बताया कि इस हमले का समाज पुरजोर विरोध करता है साथ ही मांग करता है कि ऐसे आतंकी हमले की साजिश की पुन:वृति ना हो इसके लिए पाकिस्तान के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए।

# कचरे के ढेर में लगी आग से दहशत का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी।** सेंट गैविन कंपनी के बाजू में स्थित कचरे के ढेर में आग लगने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भिवाड़ी की कहरानी औद्योगिक क्षेत्र में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब एक खाली प्लॉट में पड़े कचरे के ढेर में अचानक भीषण आग लग उठी तथा आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है, लेकिन इससे उठने वाले काले धुएं के गुब्बार को कई किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता है। यह आग गैस सिलेंडर बनाने वाली फैक्ट्री के पीछे खाली पड़े जगहो में लगी है, जिसमें क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। आग की भयावहता ऐसी है कि आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल भागे तथा रीको फायर ब्रिगेड और नगर परिषद भिवाड़ी की दमकल टीम मौके पर मौजूद है, और आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। धुएं की सघनता और आग की तीव्रता को देखते हुए प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है, तथा क्षेत्रवासियों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# राव एज्युकेशन एकेडमी के छात्र लव कुमार मीना ने राजस्थान का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के कोठी नारायणपुर स्थित राव एज्युकेशन एकेडमी के छात्र लव कुमार मीना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में आयोजित इन्ड़ो नेपाल इन्टरनेशनल चैम्पियनशिप-2025 में 5 किलोमीटर वॉक रनिंग में 16 मिनट 44 सैकण्ड के समय के साथ गोल्ड मैडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्कूल गेम्स एण्ड डिवलेपमेंट फाउंडेशन नेपाल व इन्टरनेशनल ओलंपिक कमेटी द्वारा आयोजित की गई। इससे पहले भी लव कुमार मीना राजस्थान में प्रथम व दिल्ली में आयोजित वॉक रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। लव कुमार मीना 22 से 28 जुलाई को कजाकिस्तान में होने वाली एशियन गेम्स चैंपियनशिप में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करेगा। इससे पूर्व भी विद्यालय के छात्र बालकिशन ने खेलों इण्डिया में 200 मीटर रेस में पांचवां स्थान प्राप्त किया था। ऊंची कूद में छात्र हरिओम मीना ने जूनियर राज्य स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व राज्य का नाम रोशन कर चुके है। राव शिक्षा समिति की सचिव डॉ सवित्रा यादव ने छात्र लव कुमार मीना को फोन पर बात कर प्रतियोगिता में विजयी होने पर तथा आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी।



# पूर्व एडीईओ पंचौली का सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन स्कूल शिक्षा परिवार शहर अलवर की ओर से न्यू मोनालिसा सैकण्डरी स्कूल मे पूर्व एडीईओ प्रदीप पंचौली का प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह मे माला साफा व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। स्कूल शिक्षा परिवार के संभाग अध्यक्ष लोकेश मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनोज शर्मा व वरिष्ठ व्याख्ता डाइट सुनील शर्मा व शशांक पंचोली उपस्थित रहे। सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत स्कूल शिक्षा परिवार शहर अलवर के पदाधिकारीगण द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी वक्ताओं ने पंचौली के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। पंचोली जी को विभागीय व प्रशासनिक चुनौतीपूर्ण कार्य करना सुहाता था। आप श्रेष्ठ मंच संचालको मे शुमार रहे। पंचोली ने भी अपनी सेवाकाल के अनुभव व विद्यार्थी हित के रोचक प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम के अन्त मे के एल भूटानी, महेंद्र चौधरी, विकास तिवारी, अनिल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अज्ञात इंसान गुरुकृपा अपना घर आश्रम विवेकानंद नगर में भर्ती

अलवर।

मालाखेड़ा पुलिस थाना के सहायक उप निरीक्षक एएसआई राजेन्द्र सिंह मोबाइल ने एक अज्ञात, असहाय लावारिस व्यक्ति को, जो कुछ भी बोलने में असमर्थ है, नाम पता कुछ भी नहीं बता सकता है, संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में भर्ती कराया है। उस अज्ञात व्यक्ति को पुलिस ने सुमेल का बास, तहसील मालाखेड़ा जिला अलवर से रेस्क्यू कर पुलिस थाने के वाहन से लाकर अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में सेवा और उपचार हेतु भर्ती कराया है।

# उपखंड अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों ने जेल का औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी।** उपकाराग्रह जेल का उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह, सीओ गिरधर सिंह ने जाप्ते के औचक निरीक्षण कर बंधिया की सघन तलाशी ली, निरीक्षण के दौरान उपकाग्रह मे क्षमता से अधिक बंदी मिले।उपकाराग्रह की डिप्टी जेलर कमलेश कुमावत ने बताया कि उपकाराग्रह का एसडीएम हेमराज गुर्जर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह,सीओ गिरधर सिह ने उपकाराग्रह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों एवं उनके सामान की सघन तलाशी ली गयी। जेल की तीनों बैरिकों में क्षमता से अधिक 111 बंदी मिले। जबकि जेल में 79 बंदियों की क्षमता है। अधिकारियों ने बैरिकों मे पंखा आदि की व्यवस्था सही मिला। तलाशी के दौरान बंदियो के पास कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

# पहलगाम हमले को लेकर मुस्लिम समाज ने निकाला केंडल मार्च




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/सरवाड़ ( इक़बाल अहमद )।** मुस्लिम समाज यूथवेलयर कमेटी ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में दरगाह चोक में केंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रर्दशन किया। कैंडल मार्च निकाल कर मुस्लिम समाज के युवकों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये ओर पाकिस्तान का झण्डा फुका। पहलगाम हमले के शहीदो को नमन किया।मुस्लिम समाज के पूर्व अध्यक्ष छोटू भाटी ने कहा कि देश का सभी मुस्लिम समाज आपके साथ खड़ा है।ओर साथ ही पाकिस्तान के आतंकी हमले की कड़े शब्दों मैं निंदा की। साथ ही पाकिस्तान के इस आतंकी हमले का जबाब देने और पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजाने की प्रधानमंत्री से अपील की।

# परशुराम जयंती पर परशुराम के जयकारो के बीच शहर मे निकली वाहन रैली व शोभायात्रा

## शहर की सडको पर उमडा विप्रबंधुओ का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( अनन्त दाधीच )** परशुराम प्रकाटय दिवस बडे धूमधाम से मनाया इस दौरान जिले के विभिन्न कस्बो मे शोभायात्राएं निकली और कार्यक्रम आयोजित किये गए। परशुराम जयंती महोत्सव 2025 के कार्यक्रमो की श्रृंखला मे मंगलवार को शहर के मंशापूर्ण गणेश मंदिर से शुरू हुई परशुराम शोभायात्रा शहर के नवलसागर से शुरू होकर बालचंद पाडा, नाहर का चोहटटा, सदर बाजार, चोमुखा बाजार सहित मुख्य बाजारो मे होती हुई आजाद पार्क मे सम्पन्न हुई।

नवलसागर पार्क से शुरू हुई वाहन रैली व शोभायात्रा मे सबसे आगे दो घुडसवार व्रिप हाथ मे फरसा लिये हुये चल रहे थे इसके बाद खुली कार मे बटुक मंत्रोच्चार कर रहे थे। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण विशाल वाहन रैली दुपहिया एवं चार पहिया वाहन, परशुराम रथ, पीले रंग की वेशभूषा से सुसज्जित, 500 महिलाओं की कलश यात्रा मंगल गान करती हुई, भव्य बैंड बाजे, ढोल नंगारे, मशक बेंड, ऊंट ऊंट गाड़ियां घोड़े, अखाड़े, झांकियां ब्राह्मण बंधु परशुराम भगवान का जय घोष करते हुए ध्वज पताकाओ एवं केसरिया दुपट्टों से सुसज्जित युवाओं की टोलियां, नृत्य करती हुई महिलाएं एवं पुरुष, इस शोभायात्रा का



मुख्य आकर्षण रहे। शोभायात्रा के समापन के बाद परशुराम वाटिका मे 101 दीपको से महाआरती हुई। इस दौरान परशुराम वाटिका मे बूदी विधायक हरिमोहन शर्मा के मुख्य आतिथ्य मे वर्ष 2024-25 में बने नये आजीवन सदस्य ब्राह्मण महासभा के प्रमुख कार्यकर्ता, ब्राह्मण समाज के रक्त वीरों को भी सम्मान से नवाजा गया। इस दौरान जगह जगह ब्रहाम्ण समाज के घटको व शहरवासियो द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा मे जिलाध्यक्ष मिथलेश दाधीच, जयंती संयोजक नरेन्द्र गौतम, अरबन कॉपरेटिव बैक चेयरमेन सत्येश शर्मा, समृद्व शर्मा, संजय शर्मा, गिरधर शर्मा, पूर्व उपसभापति संतोष कटारा, रूपेश, मनोज गौतम, भरत शर्मा, लोकेश शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, राजेन्द्र पंचोली, दिनेश पंचोली, अमित शर्मा, तालेडा के पूर्व उपप्रधान रघु शर्मा, नितेश शर्मा, पंकज गौतम चाणक्य, लोकेश सुखवाल, नूतन तिवारी, राजकुमार श्ररुंगी, विकास सनाढय, पीयूष शर्मा, मुकेश दाधीच, शिव दाधीच आदि शामिल रहे।

**500 विप्र महिलाओ ने लिया कलश**

**यात्रा मे भाग:** मुख्य शोभायात्रा मे गढ की पडस से कलश यात्रा भी शामिल हुई जिसमे पीली साडिया पहने सिर पर कलश उठाये 500 से अधिक मातृशक्ति ने शोभायात्रा मे चार चांद लगा दिए। इस दौरान किरण शर्मा, मीनू शर्मा, कीर्ति सुखवाल, कुसुम शर्मा, प्रेमलता दाधीच अनीता शर्मा, अनुपमा तिवारी, सुलक्षणा शर्मा ममता शर्मा, सुलोचना दाधीच, श्वेता शर्मा शशि गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष साधना श्रृंगी आदि मातृ शक्ति मौजूद रही। यह जानकारी प्रेस को प्रवक्ता नूतन तिवारी ने दी।



# हर्षोल्लासपूर्वक मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव, निकाली भव्य शोभायात्रा

## जमदग्नि के लाल के जयकारों से गूंज उठा शहर

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान विष्णु के अवतार व समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर मंगलवार को ढोल ढमाकों व बैंड बाजो तथा विभिन्न झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। इससे पूर्व विप्र सेना द्वारा खान्या के बालाजी से वाहन रैली निकाल रामनिवास धाम, वेलकम होटल, उदयभान गेट, कलिंजरी गेट होकर महलों के चोक पहुंची। वहां से शुरू सर्व ब्राह्मण समाजजनों द्वारा शोभायात्रा रवाना हुई। बालाजी की छतरी पर परशुराम सेना द्वारा शोभायात्रा का स्वागत करते हुए छाछ वितरण की। शोभायात्रा सदर बाजार, त्रिमूर्ति चौराहा, वेलकम होटल, रामद्वारा होते हुए भाणा गणेशजी के मंदिर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा मार्ग में दर्जनों स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा त्रिमूर्ति चौराहे पर भाजपा नगर मण्डल द्वारा पुष्पवर्षा कर शीतल पेय पिला कर स्वागत किया। शोभायात्रा के समापन पर भाणा गणेशजी मन्दिर में भगवान परशुरामजी व विघ्नहर्ता गणेशजी की महाआरती वंदना की गई तथा प्रसाद वितरण हुआ।

**सजीव झांकियों सहित आतंकवाद का विरोध करती झांकी रही आकर्षण का केंद्र :** शौभायात्रा में भगवान परशुराम, भगवान महादेव, श्रीनाथजी सहित आतंकवाद का विरोध दर्ज कराती झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान युवाओं और बच्चों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आतंकवाद व पाकिस्तान विरोध में नारेबाजी भी की व आतंकवाद को समाप्त करने की अपील की। इससे पूर्व स्वागत में कस्बे में कई स्वागत द्वार बनाए गए व शरबत पेयजल आदि के काउंटर लगाए गए। जुलूस का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भव्य जुलूस में पुरुष धवल वस्त्र व महिलाये लाल चुंनरी पहने व हाथों में ध्वज लिए भगवान परशुराम जय कार करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान परशुराम सहित श्रीनाथजी, महादेवजी, राधा-कृष्ण की सजीव झांकियां भी आकर्षक का केंद्र रहे।

### विप्र सेना शाहपुरा

विप्र सेना मीडिया प्रभारी मिंकू रवि दत्त पोंड्रिक ने बताया की विप्र सेना सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में मंगलवार को परशुराम जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। इसमें समाज के सभी महिला पुरुष बच्चे शामिल रहे और बड़े उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा खानिया के बालाजी के यहाँ से वाहन रेली के साथ निकली जो कलिजरी गेट से होते हुए बालाजी की छतरी मार्ग से होकर महलों के चोंक पहुँची। तत्पश्चात् शोभायात्रा पैदल मुख्य बाजार से होते हुए ढोल नगाड़े बेंड बाजो के साथ समाज के युवा नाचते गाते परशुराम के जयकारो के साथ बाजार में पुष्प वर्षा करते हुवे भाना गणेश मन्दिर पहुँचे समाज के सभी लोगों ने महाआरती कर लड्डू प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का समापन किया। इस शोभायात्रा में समाज की महिलायें चुनड और सभी पुरुष सफ़ेद वस्त्र धारण किए हुए रहे।

## माली सैनी समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह हुआ सम्पन्न

# हर संभाग में बनेगा फूले दम्पति का पनोरमा : सैनी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** नैनवां बांसी रोड़ सकल सांठ गांव चैरासी धीवर माली समाज छात्रवास में माली सैनी समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला माली विकास समिति के पदाधिकारियो ने दुल्हे एंव दुल्हन को सामाजिक बुराईयो को छोड़ कर महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन से प्रेरणा लेकर अपना दामपत्य जीवन शुरू करने की शपथ दिलाई गई साथ ही फूले दम्पति का स्मृति चिन्ह भेट किया गया। सम्मेलन में पूर्व कृर्षि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी, प्रधान पदम नागर, पालिका के पूर्व चैयरमैन प्रमोद जैन, शहर अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी,पार्षद



ओमप्रकाश गुर्जर, जिला माली विकास समिति के जिलाध्यक्ष सीताराम सैनी,महामंत्री सत्यनारायण सैनी, माली सैनी कर्मचारी, अधिकारी संघ जिलाध्यक्ष जगदीश सैनी पीटीआई, समाज सेवी नरेश कोटवाल, भवानी शंकर, पवन कुमार सैनी,तुलसीराम सैनी मंचासीन अतिथिगण रहे। सम्मेलन समिति के पदाधिकारियो में राजाराम सैनी, राधाकिशन सैनी, देवी शंकर सैनी, मांगीलाल सैनी, मोनू सैनी,प्रकाश सैनी, ताराचंद सैनी सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने अतिथियो को माला पहना कर फूले दम्पति का समृति चिंन्ह भेट किया। वरमाला कार्यक्रम में समाज के भामाशाहा एंव समाज सेवा करने वाले सभी कार्यकर्ताओ का भी सम्मान किया गया। वरमाला कार्यक्रम के बाद सभी जोड़ो का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फेरो की रश्म अदा की गई। प्रदेश के हर संभाग में बनेगा फूले दम्पति का पनोरमा-सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री प्रभूलाल सैनी ने कहा कि फूले दम्पति का पूरा जीवन समाज सुधारक में बीत गया है। फूले दम्पति का जीवन समाज के सभी वर्गो के लिए प्रेरणा का स्रोत बने इसके लिए उन्होने सीएम से मिल कर हर संभाग स्तर पर फूले दम्पति का पनोरमा बनाये जाने बात रखी है। शीघ्र ही प्रदेश में फूले दम्पति का पनोरमा बनाया जायेगा इसके लिए वे प्रयासरत है। उन्होने समाज को संगठित रहने एंव छात्रवास प्रकरण में लम्बित प्रत्रावली का शीघ्र निस्तारण किया जाने का आश्वासन दिया गया है।

# आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महुपुरा

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा।** आज रावतभाआ में आनंदम 2025 प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश गागोरिया उपखंड अधिकारी रावतभाटा कार्यक्रम अध्यक्ष, विवेक गरासिया, तहसीलदार रावतभाटा विशिष्ट अतिथि मुकेश नागर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा रहेंगे। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन श्रेष्ठ अभिभावक श्रेष्ठ भैया बहन एस जी एफ आई खेलकूद प्रतियोगिता क्षेत्रीय विज्ञान मेला संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच वैदिक गणित प्रश्न मंच जन सेवा निधि संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रांतीय प्रतिभावान छात्रवृत्ति परीक्षा एवं आचार्य व भैया बहनों की निबंध प्रतियोगिता एवं वर्ष भर में विभिन्न शैक्षिक एवं सह शैक्षिक प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले भैया /बहनों एवं आचार्य/दीदी को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भैया, बहनों , अभिभावक गण, विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।

# युवक की करंट से हुई मौत

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां ( टी आर सैनी )।** 7 थाना क्षेत्र के नाहरगंज गांव में बिजली का फाल्ट सुधारते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम बबलू नागर था। वह निजी तौर पर बिजली के फाल्ट सुधारने का काम करता था। हादसा उस समय हुआ जब वह पोल पर चढ़कर फाल्ट सुधार रहा था। इसी दौरान बिजली की सप्लाई चालू कर दी गई। करंट लगते ही वह नीचे गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद नैनवां पंचायत समिति प्रधान पदम नागर, तहसीलदार राजूलाल मीणा, लाखेरी डिप्टी नरेंद्र नागर और बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि अधिकारियों की अनदेखी से हादसा हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि लाइनमैन खुद काम नहीं करते। अपने अधीन प्राइवेट लोगों से काम करवाते हैं। खुद घर बैठे सरकारी वेतन लेते हैं। बबलू पिछले 5 साल से लाइनमैन के साथ काम कर रहा था। उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। 20 दिन पहले ही उनके घर बेटा हुआ था। पिता की आर्थिक स्थिति भी खराब है। ग्रामीणों ने परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। परिजनों के साथ मिलकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। समिधी-करवर मार्ग को चार घंटे तक जाम रखा। शव का पोस्टमार्टम भी नहीं होने दिया गया। नैनवां प्रधान और जिला प्रशासन ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर से फोन पर बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को तुरंत सस्पेंड किया जाएगा। बूंदी से अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, नैनवां एसडीएम प्रीति मीणा, तहसीलदार राम राय मीणा, केशोरायपाटन डिप्टी नरेंद्र नागर सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की ओर से कांग्रेस जिला अध्यक्ष सी एल प्रेमी, जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल मीणा और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। 10 घंटे की वार्ता के बाद सहमति बनी। प्रशासन ने मृतक के परिवार को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने की बात कही। मृतक की पत्नी को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी देने की अनुशंसा की जाएगी। नैनवां एसडीएम ने 5 लाख रुपए की सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

# फोटोग्राफर शम्भू सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी सोहेल सहित अन्य गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड ( आबिद हुसैन )।** जिले के डग कस्बे में फोटोग्राफर शम्भू सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी सोहेल सहित फारुख एंव हिदायत उर्फ फैजल को झालावाड़ जिला पुलिस एवं स्पेशल टीम द्वारा मध्य प्रदेश के उज्जैन रिंग रोड से किया गिरफ्तार। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने खुलासा करते हुए बताया कि कस्बा डग में पठारी मोहल्ला में दिनांक 24, अपैल को शादी की कलश यात्रा में फोटोग्राफी कर रहे शम्भूसिंह निवासी लसुडिया थाना डग को गोली मारकर हत्या कर दी थी।जिसमें फरार आरोपीगण सोहेल खान,निवासी पठारी मोहल्ला थाना डग दूसरा फैजल खान उर्फ हिदायत निवासी घाटाखेड़ी तीसरा. फारूख





निवासी सांकरिया थाना गंगधार को गठित टीमों द्वारा 28 अपैल को गिरफ्तार किया व इस प्रकरण में पूर्व में एक विधि विरूद्ध संर्घषरत बालक को डिटेन करने में सफलता अर्जित की गई । झालावाड़ जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि मुख्य आरोपी सोहेल खान के ग्राम चाचोरनी के अवैध मकान को प्रशासन द्वारा ध्वस्त, किया गया है।वही डग थाना अधिकारी पवन मीणा को लाइन हाजिर कर दिया है।उक्त घटना में मुख्य आरोपी सोहेल खान पुत्र नियामत खान के विरूद्ध हथियार तस्करी, मादक पदार्थ तस्करी, हत्या के प्रयास के कुल 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं एवं आरोपी पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 25000/- रूपयें का ईनाम घोषित किया हुआ था।

### आरोपी के अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान पर चलाया बुल्डोजर



गत दिनों युवक को गोली मारकर हत्या के मामले में प्रशासन ने आरोपी के अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान पर चलाया बुल्डोजर।मामला हे गत 24 अप्रैल का जहां शादी समारोह में वीडियो शूटिंग कर रहे लसुड़िया गांव निवासी युवक शंभू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसके बाद कस्बे में तनाव पैदा हुआ था जिसके बाद आज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया वही प्रशासन ने आरोपी सोहेल खान के चाचूर्णी स्थित अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त किया, एसडीएम छत्रपाल चौधरी ने बताया कि घटना के बाद से ही जिला कलेक्टर के निर्देश पर आरोपी की अवैध संपत्तियों की जांच की जारही थी जिसके चलते आज एक 1200 स्कॉयर फिट के निर्माणाधीन मकान को ध्वस्त किया इस दौरान एसडीएम छत्रपाल चौधरी, बीडीओ कंचन बोहरा, तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया सहित पुलिस ओर प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यास बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं समाजसेवी मोरध्वज व्यास को अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया है । महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रधानमंत्री प्रद्युम्न जोशी ने व्यास को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया। जिस पर उनके मित्रगण, समाजबंधुओं आदि ने उनको बधाई दी है। विदित रहे व्यास पूर्व में भी इस कार्यकारणी में प्रांतीय संगठन मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ (शिक्षा प्रकोष्ठ) चूरू के जिलाध्यक्ष, विप्र फाउंडेशन, शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) एवं अनेक सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका में रहे है।

# सुसनेर विधायक ने पीड़ित परिवार को दी 3 लाख की आर्थिक सहायता



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( आबिद हुसैन )।** जिले के डग मै घटना के बाद सुसनेर विधायक भैरूसिंह परिहार मृतक शंभूसिंह के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देकर 3 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी। सुसनेर विधायक ने कहा कि पुलिस प्रशासन सक्रिय होता तो इस तरह के हालात पैदा नहीं होते। रोज रोजी रोटी कमाकर खाने वाले हिंदू - मुस्लिम समुदाय के गरीब लोगों की दुकानें गुमटीया भी नहीं जलती ओर ये हालात पैदा नहीं होते। परिहार ने कहा कि डग नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद होने की वजह से यह घटना घटित हुई। जिसका खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ा। विधायक ने कहा कि इस घटना पर भाजपा का कोई भी बड़ा नेता अभी तक पीड़ित परिवार से मिलने तक नहीं आया है, ये चिंता का विषय है। क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की अनदेखी की वजह से एक गरीब परिवार के घर का चिराग बुझ गया है। परिहार ने प्रशासन से गरीब परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता मुहैया करवाने की मांग की।

# पांच दिवसीय शिक्षिका उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** हिंडोली के 56 गांवों में शिक्षा से वंचित वर्ग की बालिकाओं तक समता, समानता एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा की सहज पहुंच के उद्देश्य से विगत 11 वर्षों से संचालित किए जा रहे बालिका शिक्षा कार्यक्रम के तहत नवीन सत्रारंभ के दौरान शैक्षिक संबलन में सहयोग करने वाली शिक्षिकाओं की पांच दिवसीय कार्यशाला के प्रथम बैच ब्लॉक - बूंदी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र में समय समय पर होने वाले शैक्षिक नवाचारों, शिक्षण तकनीक, शिक्षण विधा, समावेशी शिक्षा एवं एम जी एम एल पैटर्न आदि पर समझ हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा इंपैक्ट फाउंडेशन के संस्था निदेशक छैल बिहारी शर्मा ने बताया कि ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान वंचित वर्ग में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ - साथ समाज को आदर्श स्वरूप तक पहुंचाने में समाज हित में कार्य करने हेतु कटिबद्ध है। कार्यशाला में संस्था निदेशक छैल बिहारी शर्मा, रत्ती कार्यक्रम प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर - महेश कुमार यादव और सुशील कुमार सैनी अकादमिक समर्थक- कैलाश चंद और रमेश कुमार रावल मनीषा मीणा प्रोग्राम हेड, अभिलाषा अग्रवाल रेड एंड रेस्क्यू हेड काउंसलर सुमन शर्मा सहित 25 शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# सर्राफा व्यापारी पर सरेआम फायरिंग, लूट की नीयत से किया हमला

## व्यापारी के सोने-चांदी से भरे थैले को ले जाने का आरोप, सर्राफा और स्वर्णकार संघ के साथ अग्रवाल समाज ने जताया घटना पर विरोध







बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में सोमवार की शाम बीच बाजार रेलवे फाटक पर सर्राफा व्यापारी के साथ फायरिंग और लूट की घटना का मामला सामने आया है। बदमाशों द्वारा पहले व्यापारी के सिर में सरिया मारा गया। उसके बाद उसे गोली मारी गई है। घटना में घायल व्यापारी को बाड़ी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। आरोप है कि बदमाश व्यापारी का दुकान के सामान से भरा थैला भी लूट कर ले गए हैं। घटना के बाद पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड़ पर है। बाड़ी कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा,सीओ महेंद्र कुमार सहित पुलिस जाप्ता बदमाशों की तलाश में जुटा है। जानकारी के अनुसार शहर की रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले सर्राफा व्यापारी अनिल पुत्र राधेश्याम बंसल की दुकान लुहार बाजार में स्थित है। जो शाम 7 बजे अपनी दुकान को बंद कर थैले को लेकर स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह रेलवे फाटक पर पहुंचे 2 से 3 की संख्या में आए बदमाशों ने उन पर सरिया से हमला कर दिया। इससे वह लड़खड़ा कर गिर गए। इसके बाद व्यापारी को गोली मारी गई जो उनके पैर में फंसी है। मौके से घायल व्यापारी का सोने चांदी के समान से भरा थैला भी गायब बताया गया है।आरोप है कि बदमाश थैले को छीनकर ले गए। घटना के बाद घायल व्यापारी को लोगों द्वारा बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना के बाद कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा, सीओ महेंद्र कुमार पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। बदमाशों की तलाश की जा रही है। बदमाश सैपऊ रोड की तरफ भगति बताए गए हैं। घटना के बाद शहर के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

**सर्राफा और स्वर्णकार संघ के साथ अग्रवाल समाज ने जताया घटना पर विरोध :** शहर में सोमवार की रात अपनी दुकान को बंद कर घर जा रहे सर्राफा व्यापारी से रेलवे फाटक पर हुई लूटपाट और जानलेवा हमले की घटना को लेकर मंगलवार को शहर के सर्राफा एवं स्वर्णकार संघ ने जहां आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना पर विरोध जताया। वहीं अग्रवाल समाज ने भी घटना की निंदा की।

सराफा एवं स्वर्णकार बाजार घटना के विरोध में 12 बजे तक नहीं खोला गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर उपखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। इस दौरान अग्रवाल समाज द्वारा भी घटना की निंदा करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। संयुक्त रूप से दिए ज्ञापन में मांग की है कि सर्राफा व्यापारी पर हुए हमले के मामले में आरोपियों की दो दिन में गिरफ्तारी नहीं हुई तो बाजार अनिश्चितकालीन बंद कर दिया जाएगा।

अग्रवाल समाज के महामंत्री हरिशंकर सर्राफ ने आरोप लगाया कि पिछले डेढ़ वर्ष से शहर और आसपास के क्षेत्र में सिलसिले वारदातें हो रही हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा किसी भी वारदात का खुलासा नहीं किया गया है। ऐसे में पूरे क्षेत्र में आतंक का साम्राज्य फैला हुआ है। पुलिस का इकबाल कहीं पर बुलंद नजर नहीं आ रहा। एक में प्रशासन की उच्च अधिकारियों को गंभीर स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।

समाजसेवी और भाजपा नेता विष्णु सिंघल ने कहा कि उन्होंने घटना को लेकर प्रशासन को दो दिन का समय दिया है 2 दिन में यदि आरोपी नहीं पकड़े जाते हैं तो बाजार अनिश्चितकालीन बंद होगा और व्यापार पूरी तरह तप हो जाएगा। ज्ञापन के दौरान अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग सराफा एवं सरकार संघ के अशोक सराफ बंटू शराब राकेश वर्मा अशोक वर्मा रामनिवास सोनी विष्णु मराठा सचिन सोनी रामकुमार गर्ग रवि मोदी के साथ अग्रवाल समाज के रामकुमार गर्ग अमित मंगल दिनेश गर्ग सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने एडिशनल एसपी, सीओ और एसडीएम से की मांग

व्यापारियों के एक शिष्ठ मंडल ने बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़,बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार और बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मदरसे के बच्चे और वकीलों ने दी श्रद्धांजलि

## राष्ट्पति ने नाम दिया एसडीएम को ज्ञापन, केंद्र सरकार से कठोर कार्यवाही की अपील



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में श्रद्धांजलि और आक्रोश व्यक्त करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आमजन में घटना के प्रति आक्रोश है और केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है। इसी के तहत मंगलवार को शहर के तुलसी वन रोड स्थित मदरसा सलफियह में शोक सभा और श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया। जिसमें मदरसे के बच्चों ने 2 मिनट का मौन रखकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और मदरसे के स्टाफ के साथ देश के प्रधानमंत्री से मांग की गई कि वे आतंकियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करे। आतंकियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। पूरा देश और हर मजहब के लोग सरकार के साथ हैं। इस दौरान मदरसे की टीचर शमा परवीन, फरीद मोहम्मद खान, शाहिद हुसैन,मौलाना अब्दुल रब के साथ मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।

**कोर्ट परिसर में वकीलों ने दी श्रद्धांजलि, राष्ट्पति के नाम ज्ञापन :** वहीं दूसरी और शहर के कोर्ट परिसर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कौशिक के नेतृत्व में वकीलों ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की और आतंकियों की इस कायराना हरकत को लेकर केंद्र सरकार से मांग की की अब समय आ गया है कि आतंकियों को सबक सिखाने के लिए उनके आका पाकिस्तान को नेस्ताबूद किया जाए।

क्योंकि जब तक पाकिस्तान को सबक नहीं सिखाया जाएगा आतंकियों के देंश में आने और घटनाओं का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान एसडीएम भगवत शरण त्यागी को राष्ट्पति के नाम ज्ञापन भी बार एसोसिएशन द्वारा सौंपा गया।

# 15 माह में 18 हजार वाहनों के चालान और 7728 लाइसेंस निलंबित फिर भी हेलमेट लगाने से कतरा रहे चालक, नहीं रूक रहीं दुर्घटनाएं

## पुलिस की सख्तीः धौलपुर में हुई दुर्घटनाओं में अधिकांश चालकों के पास नहीं थे हेलमेट, मोबाइल पर बात करने वालों पर भी की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पुलिस ने 15 महीने में 18460 वाहनों के चालान काटे और 7728 लाइसेंस निलंबित किए। फिर भी वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने से कतरा रहे हैं। नतीजा दुर्घटनाओं को सिलसिला नहीं थम रहा है। ट्रैफिक पुलिस स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराकर जागरूक करने का कार्य भी करती है। वहीं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस की ओर से अभियान चलाकर जनवरी 2024 से 24 अप्रैल 2025 तक विभिन्न श्रेणियों में कार्रवाई करते हुए 18 हजार 460 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7728 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित किए गए है। वही गत चार माह में यातायात पुलिस ने 1670 वाहनों के विभिन्न श्रेणियों में चालान काटे गए है। वहीं पुलिस ने 922 वाहन



चालकों के लाइसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भेजे हैं। उसके बावजूद भी जिले में होने वाली दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। क्योंकि अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक के पास हेलमेट नहीं होता है या होता भी हे तो वह सिर पर नहीं लगाकर उसे हाथ में लेकर चलते देखे जा सकते हैं। पुलिस आंकड़ों की बात करें तो जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर तक यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न श्रेणियों में कुल 13 हजार 373 चालान किए गए है। जिसमें हर महीने करीब एक हजार से अधिक कार्रवाई की गई है। यह चालान दुपहिया पर क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, सीट बेल्ट या हेलमेट नहीं लगाने या अन्य नियमों के उल्लंघन को लेकर बनाए गए हैं। जिसमें सबसे अधिक 3457 कार्रवाई बिना हैलमेट के की गई।

वही 1084 कार्रवाई बिना सीट बेल्ट के की गई थी। वहीं तेज गति से वाहन चलाने वाले 2598 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसी प्रकार ब्लैक फिल्म, अमानक नंबर प्लेट और वनवे में वाहन चलाने एवं मोबाइल पर बात करने सहित अन्य नियमों की अवहेलना करने वाले 5919 वाहनों के खिलाफ भी चालान बनाए गए थे।

जिसमें 6058 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई थी। वही अब जनवरी 2025 से 24 अप्रेल 2025 तक यातायात पुलिस की ओर से 5087 वाहनों के विभिन्न श्रेणियों में चालान काटे गए। जिसमें 922 वाहन चालकों के पास हेलमेट नही होने के चालान काटे गए है। वही 1670 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे गए है।

# पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में जिले के सभी थानों पर आयोजित की जा रही सीएलजी की बैठकें

## साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाये रखने की जा रही है



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया है कि पुलिस महानिदेशक राजस्थान द्वारा पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटना के संबंध में सीएलजी की बैठक का आयोजन कर साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर जिले के समस्त थाना अधिकारियों को सीएलजी बैठक आयोजित करने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये थे। इसी क्रम मे जिले में पुलिस थानों पर सीएलजी बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बैठकों में सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्रों, सुरक्षा सखी व गाँव के प्रबुद्धजनों से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु समझाईश की जा रही है। इस दौरान सभी सदस्यों से पहलगाम में हुई घटना के मध्यनजर क्षेत्र में शान्ति, सौहार्द एवं भाईचारा बनाये रखने तथा सोशियल मीडिया पर अफवाहों, फेक न्यूज के सम्बन्ध में सजग रहकर जानकारी देने एवं लोगों को जागरूक करने हेतु अपील की जा रही है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग करने एवं आम लोगों को जागरूक करने हेतु आश्वस्त किया गया है।

# अक्षय तृतीया आज : अबूझ सावे पर गूंजेगी शहनाइयां, होंगी हजारों शादियां

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** अक्षय तृतीया पर बुधवार को अबूझ सावे पर जिले में शादियों की जबरदस्त धूम रहेगी। अनुमान है कि इस बार जिले में तीन हजार से अधिक जोड़े शादी के बंधन में बंधेंगे। शादियों का सीजन होने के चलते बाजार में भी रौनक नजर आ रही है। शुभ मुहूर्त के चलते एक ही दिन में कई जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। इस बार आखातीज बुधवार को है। ऐसे में इस अबूझ सावे में जिले में तीन हजार से अधिक शादियां होने का अनुमान है। वहीं जिला मुयालय पर भी दो सौ से अधिक शादियां होगी। अबूझ सावे को लेकर बाजार में रौनक है। शादी आयोजकों की ओर से खरीदारी की जा रही है।

**शादियों के लिए हुई एड्वांस बुकिंग :** अक्षय तृतीया को होने वाली शादी के लिए वाहनों की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। वहीं हलवाई, ब्यूटी पार्लर, टैंट बुक हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन शादियां होने से रौनक अधिक रहेगी। आखातीज के चलते मैरिज गार्डन, होटल, बैण्ड बाजे, घोड़ी, हलवाई पहले ही बुक हो चुके हैं।

**अंधड़-बारिश डाल सकते हैं खलल :** इन दिनों गर्मी पूरे परवान पर है। ऐसे में मौसम भी धूलभरा है। हर साल आखातीज पर अंधड़-बारिश की आशंका बनी रहती है। ऐसे में शादी आयोजकों को परेशानी होगी। इस महीने में आंधी-तूफान का असर भी रहता है।

**आखातीज के लिए बाजारों में हो रही खरीदारी :** आखातीज के सावे के लिए बाजार में शादी ब्याह के लिए जमकर खरीदारी हो रही है। शादियों में सबसे ज्यादा बिक्री कपड़े की हो रही है। लेनदेन के लिए साड़ियों की मांग है। इस सीजन में कपड़े में करोड़ों का व्यापार होने की उमीद है। इसी प्रकार पीपल पूर्णिमा व जानकी नवमी पर भी अबूझ सावे में शादियां होगी।

**इनका कहना है :** अक्षयतृतीया के अबूझ सावे में इस बार जिले में तीन हजार से अधिक व जिला मुयालय पर दो हजार से अधिक शादियां होगी। आखातीज से सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे।

**आचार्य ताराचंद शास्त्री, सवाईमाधोपुर**

# जिलेभर में मनरेगा साइट का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,( नि.स. )।** जिला कलक्टर किशोर कुमार के निर्देशानुसार जिले भर में मनरेगा साइट पर किए जा रहे कार्य एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु उपखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहे ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों से भी प्रतिदिन के टास्क, कार्य का समय तथा औसत मजदूरी एवं गत पखवाड़ों के भुगतान प्राप्ति के बारे मे जानकारी प्राप्त की तथा कार्यस्थल पर छाया, पानी की उपलब्धता जांची। उन्होंने मेट से उसके कार्यों की जानकारी कर अभियंता द्वारा पिछली बार किए गए निरीक्षण, पालना के बारे में भी जाना। उन्होंने मनरेगा साइट पर कार्मिकों की उपस्थिति चेक कर सभी को दिए गए कार्यों को पूरा कर पूरी मजदूरी लेने के लिए प्रेरित किया।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** जिले में अक्षय तृतीया (आखातीज) 30 अप्रेल एवं पीपल पूर्णिमा 12 मई के अवसर पर अबूझ सावा होने के कारण बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए महिला अधिकारिता विभाग में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग राजेष कुमार ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिले में किसी भी स्थान पर बाल विवाह की सूचना हाने पर सहायक प्रषासनिक अधिकारी माधो सिंह के मोबाइल नम्बर 9887818850 एवं डी.एच.ई.डब्ल्यू ज्योति चौधरी के मोबाइल नंम्बर 7665212853 पर सूचना दी जा सकती है।

# किसानों को अवधिपार ब्याज व अन्य व्यय की शत प्रतिशत मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा किसानों को राहत देने के लिए की गई बजट घोषणा के तहत भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणों के निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज रहित एक मुश्त समझौता योजना में जिले के किसान देय राशि का 25 प्रतिशत राशि 30 जून तक जमा करवाकर लाभ ले सकेंगे। सचिव सहकारी भूमि विकास बैंक शचीन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों द्वारा वितरित समस्त ऋण खाते, जो 1 जुलाई 2024 की अवधिपार की श्रेणी में वर्गीकृत है। मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एक मुश्त समझौता योजना 2025-26 के अन्तर्गत राहत हेतु पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014-15 से राज्य सरकार की 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना के तहत वितरित किये गये ऋणों में से अवधिपार हो चुके खाते इस योजनान्तर्गत राहत हेतु पात्र नही होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा योजना की अवधि 1 अप्रेल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने पात्र ऋणी सदस्य द्वारा योजनार्न्तगत स्वयं के हिस्से की देय राशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत 30 जून 2025 तक बैंक खाते में जमा करवाया जाना अनिवार्य होगा। ऋणी द्वारा शेष देय राशि अधिकतम 3 किस्तों में योजना अवधि के दौरान बैंक खाते में जमा करवाई जानी होगी।

**ऐसे होगा राहत राशि का निर्धारण :** सचिव सहकारी भूमि विकास बैंक ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र ऋण खातों में 1 जुलाई 2024 की अवधिपार राशि में से 31 मार्च 2025 को शेष रही अवधिपार राशि पर ही राहत प्रदान की जायेगी। पात्र ऋणी सदस्यों को इस अवधिपार राशि में से अवधिपार ब्याज व अन्य व्यय की शत प्रतिशत राहत प्रदान की जावेगी। अवधिपार मूल एवं बीमा प्रीमियम पर ऋणी को कोई राहत देय नहीं होगी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 के उपरान्त डयू हुई चालू किश्तों (मूलधन, देय ब्याज एवं अन्य वाय) पर ऋणी सदस्यों को कोई राहत देय नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ऋणी द्वारा स्वयं के हिस्से की देय सम्पूर्ण राशि (अवधिपार मूल, बीमा प्रीमियम, चालू किस्त आदि) बैंक में जमा करवाये जाने के उपरान्त ही राहत देय होगी, जिसे ऋणी के खाते में राज्य सरकार के नामे मद में दर्शाया जावेगा। उन्होंने बताया कि ऋणी को जारी की जानें वाली वसूली रसीद में प्रदत्त राहत के संबंध में प्राथमिक भूमि विकास बैकों द्वारा मोहर लगाई जाकर यह स्पष्ट अकिंत किया जावेगा कि मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एक मुश्त सतझौता योजना 2025-26 प्रदत्त राहत।

# स्विमिंग पूल में डूबने से कपड़ा-कारोबारी के बेटे की मौत, खेलते-खेलते रिसॉर्ट के पूल के पास चला गया, परिवार शादी समारोह में व्यस्त था

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ।** कपड़ा व्यवसायी के 6 साल के बेटे की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। व्यवसायी का परिवार एक रिसॉर्ट में शादी समारोह में आया था। यहां हल्दी की रस्म चल रही थी, जिसमें परिवार व्यस्त था। इसी दौरान बच्चा खेलते हुए पूल के पास चला गया। काफी देर तक नहीं मिला तो परिजनों ने पूल की तरफ देखा। उन्हें बच्चा पूल में पानी की सतह पर नजर आया। मामला झुंझुनूं के मंडावा कस्बे के सारा विलास रिसॉर्ट का मंगलवार का है। मंडावा स्।ह्व रामनिवास ने बताया- रिसॉर्ट के पूल में डूबने से चार्विक टीबड़ा (6) पुत्र हेमंत टीबड़ा निवासी वार्ड नंबर-29 (झुंझुनूं) की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि सारा विलास रिसॉर्ट में शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान बच्चा स्विमिंग पूल के पास चला गया और वह उसमें गिर गया। हालांकि, अभी तक परिजनों की ओर से किसी प्रकार की शिकायत या रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। अगर शिकायत मिलती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य सचिव की कानून व्यवस्था को लेकर बैठक

## सभी जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक विशेष सतर्कता से रखें जिलों में निगरानी, सोशल मीडिया गतिविधियों पर रखें लगातार ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला साम्प्रदायिक शांति और सौहार्द के माहौल को बिगाड़ने का एक षड्यंत्र है। इस के लिए हर हाल में कानून व्यवस्था बनाए रखें। मुख्य सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होनें अधिकारियों से सभी जिलों की कानून एवं शान्ति व्यवस्था और घटित हुई घटनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होनें कहा कि सभी जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक पहलगाम घटना के उपरान्त अपने अपने जिलों में विशेष सर्तकता एवं निगरानी रखते हुए उपखण्ड अधिकारियों, वृत्ताधिकारियों, तहसीलदारों एवं थानाधिकरियों की नियमित बैठक लेकर जिले में घटित होने वाली घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करें। निर्देशानुसार प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सभी जिलों में नियमित बैठके हो रही है, जिनको आगे भी कानून व्यवस्था के मध्य नजर नियमित रखा जाए। श्री पंत ने कहा कि अधिकारी सोशल मीडिया की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें। कुछ जिलों में सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, टेलीग्राम आदि पर आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्टर लगाए जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही है, इसके संबंध में आवश्यक संज्ञान ले कर तुरंत कार्यवाही करें। समस्त जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षकगण सुनिश्चित करें कि सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले व्यक्तियों की पहचान कर सख्त कार्यवाही की जा रही है। अधिकारी क्षेत्रों का नियमित दौरा कर आमजन में सम्पर्क स्थापित कर संदिग्ध एवं असामाजिक गतिविधियों पर कडी नज़र रखें। पहलगाम घटना के बाद राज्य के कुछ जिलों में घटना के विरोध में बंद का आह्वान व ज्ञापन देने की सूचनाओं प्राप्त हुई है ऐसे में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।मुख्य सचिव ने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों, मुख्य बाजारों, पर्यटक स्थलों, धार्मिक स्थलों, हवाई—अड्डों, बस स्टेण्डों, रेलवे स्टेशनों एवं संवेदनशील भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सतत् निगरानी रखें । भीड़ इकट्ठी होने पर तत्काल पुलिस जाप्ता नियोजित कर कार्यवाही करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग श्री आनंद कुमार, शासन सचिव शिक्षा श्री कृष्ण कुणाल, शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा श्री भानू प्रकाष एटूरू, महानिदेशक पुलिस श्री यू. आर. साहू, महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस श्री संजय अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी श्री वीके सिंह उपस्थित रहे।



## जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान के अनुसार जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल भार्गव ने जिला कारागृह भीलवाडा का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठौड एवं जेल चिकित्सक अभिषेक शर्मा से बंदियो के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली एवं बंदियो की स्वास्थय संबधी शिकायत के त्वरीत समाधान हेतु निर्देशित किया एवं जेल परिसर में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण कर बंदियो को दिये जा रहे भोजन की गुणवता की भी जांच की गई। विधिक सेवा शिविर में अभय जैन ने बंदियों को संबाधित करते हुए कहा कि जेल प्रवास के दौरान जेल परिसर को बैरको को साफ रखने में अपना योगदान दे ताकि आप एक स्वस्थ वातावरण में यहां रहे।

जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं हैं वे प्राधिकरण से अधिवक्ताओं की निःशुल्क सेवा एव अन्य यथोचित कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने महिला बंदी बैकर का भी निरीक्षण किया एवं साफ सफाई रखने व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश जेल अधीक्षक को दिए। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने ओपन जेल का भी निरीक्षण कियाा एवं बंदियों के निवास कमरों के रिपेयर एवं परिसर की साफ सफाई हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया वक्त निरीक्षण जेलर हिरा लाल गूर्जर, निर्मल दुग्गड, मनोज व्यास एवं अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षा और शहरी विकास विभागों की वेबसाइट्स पर साइबर हमले के बाद सुरक्षा ऑडिट जारी – साइबर हमले के बाद त्वरित कार्यवाही शुरू की, दुर्भावनापूर्ण कोड हटाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग और शहरी विकास एवं आवास विभाग की आधिकारिक वेबसाइट्स, जो राज्य डेटा सेंटर पर होस्ट की गई थीं, 28 अप्रैल, 2025 की रात लगभग 10ध्54 बजे साइबर हमले का शिकार हुईं। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इस हैकिंग के पीछे एक दुर्भावनापूर्ण आईपी एड्रेस की सक्रिय भूमिका थी। राहत की बात है कि इस घटना में किसी भी प्रकार की डेटा हानि नहीं हुई है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार विभाग ने इस साइबर हमले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। साथ ही प्रभावित वेबसाइट्स को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है और आगे के नुकसान को रोकने के विशेष सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही, वेबसाइट्स से दुर्भावनापूर्ण कोड को हटा दिया गया है और उन्हें सुरक्षा ऑडिट के लिए भेजा गया है। इसके अलावा, पहचाने गए दुर्भावनापूर्ण आईपी एड्रेस को ब्लॉक कर दिया गया है। इन कदमों के साथ ही भारत सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी ष्टश्वक्रञ्ज-द्गठ्ठ (कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम) को मामले की गहन जांच के लिए शामिल किया गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा ऑडिट पूर्ण होने के बाद प्रभावित वेबसाइट्स को 30 अप्रैल, 2025 तक पुनः सक्रिय कर दिया जाएगा। राजस्थान सरकार इस घटना की गंभीरता को समझते हुए डिजिटल सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जिला प्रशासन ने बाल विवाह रुकवाया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग भीलवाड़ा द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर करेडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के उमरी गांव में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर धर्मराज प्रतिहार सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया ने बाल विवाह रोकथाम हेतु बताया कि टीम से सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर एवं केस वर्कर शिवराज खटीक ने करेडा पुलिस से संपर्क कर मौके पर पहुंचे और परिवार से संपर्क कर नागालिग बालक को बाल कल्याण समिति के समाने प्रस्तुत किया बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चन्द्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव ने बालक के परिवार को बाल विवाह नहीं करने हेतु पाबंद किया,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 काउंसलर निर्मला पुरोहित ने बालक एवं परिवार की काउंसलिंग कर बालक के बाल विवाह नहीं करने हेतु समझाई की। बाल विवाह रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क किया जा सकता है जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है।

## गुर्जरगौड़ समाज ने विष्णु के अवतार भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( बागोर )।** बागोर कस्बे के गौतम स्कूल में गुर्जरगौड़ समाज ने मंगलवार को परशुराम जयंती मनाई। दोपहर सवा बारह बजे गौतम समाज के युवा बुजुर्ग एकत्रित हुए भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित की आरती की पश्चात भोग लगा प्रसाद वितरित किया।गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवीलाल पुजारी ने परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मनीष शर्मा ने समाज के हितों के लिए एकजुट होकर काम करने की कहा, कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश शर्मा ने किया। समारोह के दौरान, कैलाशचंद्र जोशी, लक्ष्मीलाल शर्मा, कृष्णचंद्र जोशी, गोपाललाल शर्मा, दिनेश शर्मा, कैलाशचंद शर्मा, दामोदर शर्मा, पुष्पकंत जोशी, रतनलाल शर्मा अडसीपुरा, महावीर शर्मा भोजपुरा,कमलेश शर्मा लेसवा,विनोद शर्मा अमरगढ़, प्रेमशंकर शर्मा, अशोक शर्मा, मोनू लाड़ आदि मौजूद थे।

## परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज ने दिया धरना




बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( भीलवाड़ा )।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे आंदोलन के तहत मंगलवार को 119 वे दिन परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज ने दिया धरना। सभी समाज जनों ने संघर्ष समिति और अधिवक्ता संघ को ऐतिहासिक आंदोलन की बधाई दी और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। समाज के वरिष्ठ जन अशोक भारद्वाज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने शाहपुरा को जिला बना दिया लेकिन मौजूदा सरकार ने जिला हटा दिया, आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सभी ब्राह्मण समाज के व्यक्ति प्रार्थना करते है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री को सदबुद्धि प्रदान करे। संघर्ष समिति के उदय लाल बैरवा ने धरना स्थल पर पधारे सभी ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जनों का स्वागत किया। धरने को राजेन्द्र पांडेय ने संबोधित किया। हास्य कवि दिनेश शर्मा (बंटी) ने धरनें का संचालन किया और संघर्ष समिति के अविनाश शर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान अजय मेहता, सत्यनारायण पाठक, अधिवक्ता दिनेश चंद्र व्यास, गुर्जर गौड समाज अध्यक्ष द्वारका प्रसाद शर्मा, प्रवीण पारीक, सुनील शर्मा, सुनीलदत्त पाराशर, अवधेश शर्मा, देव कृष्णराज पाराशर, केशव सपूत, गुलाब पाराशर, हाजी उस्मान छीपा, सुगन लाल बोहरा, धनराज जीनगर, शहाबुद्दीन पठान, श्याम लाल गुर्जर, रामप्रसाद सेन सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## भगवान परशुराम का किया दुग्धाभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ब्राह्मण समाज कोटा महानगर द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में बालाजी नगर स्थित परशुराम वाटिका में विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का 21 विद्वान पंडितो द्वारा मंत्रों के साथ पंचामृत से अभिषेक कर भगवान परशुराम के मनोहर श्रृंगार किया। ब्राह्मण समाज के सभी पदाधिकारी ने भगवान परशुराम के मंदिर पर 51 किलो दूध दही शहद शक्कर गंगा जल से अभिषेक कर मनमोहक श्रंगार कर महाआरती की गई एवं प्रसाद वितरित किया । इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, पूर्व यूआईटी चेयरमैन रविंद्र त्यागी, गोदावरी धाम के महंत शैलेंद्र भार्गव ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी, , सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम,अखिल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ब्राह्मण कल्याण परिषद के संभागीय अध्यक्ष ब्रजराज गौतम शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, सर्व ब्राह्मण समाज के संभाग के अध्यक्ष ईश्वर शर्मा, शहर युवा अध्यक्ष प्रेम शंकर शर्मा, वृंदावन के संत राम गोपाल जी महाराज,अखिल ब्राह्मण महासभा के महामंत्री नंदकिशोर शर्मा, सनाढ्य समाज के राजेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम पंचोली, डॉ मनोज शर्मा, बुद्धि प्रकाश दाधीच, मनोज शर्मा, दिलीप आदित्य,प्रमोद शर्मा,श्याम मनोहर हरित, नवीन शर्मा ,हरिओम शर्मा, त्रिलोक चंद शर्मा, विजय शर्मा, उत्तम शर्मा, घनश्याम शर्मा, राधे मोहन शर्मा, पंडित विवेक गौतम मौजूद थे।

## रणथंभोर बाघ हमले में मरने वाले बालक के घर में हुई चोरी, अज्ञात चोरों ने बालक के सुने मकान को बनाया निशाना,

### परिवार शोक मनाने गांव गया हुआ था, पीछे से चोरों ने सुने मकान को बनाया निशाना

बढ़ता राजस्थान



**लाखेरी ( नि.स. )।** शहर में दिन दहाड़े हो रही चोरियों की गुत्थी सुलझने का नाम नहीं ले रही है। चोर दिन दहाड़े सुने मकानों को अपना निशाना बना रहे है। सोमवार को भी एक बार फिर चोरों ने रणथंभोर में बाघ के हमले में मरने वाले बालक सुमित के सुने मकान को अपना निशाना बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रणथंभोर में टाइगर के हमले से आठ वर्षीय बालक सुमित की मौत हो गई थी।बालक की मौत के बाद से ही घर में शोक का माहौल अभी थमा नहीं था कि अज्ञात चोरों द्वारा बालक के सुने मकान के ताले तोड़कर जख्मों पर नमक छिड़क दिया। बालक के परिजन बालक की मौत के बाद से ही उनके गांव गोहाटा में शोक मनाने गए हुए थे पीछे से चोरों ने इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना का पता परिजनों के सोमवार को गांव से आने के बाद चला। परिजनों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मकान के ताले तोड़ कर एक जोड़ी चांदी की बिछिया, एक जोड़ी चांदी की फोलरिया, एक जोड़ी चांदी की पायजेब और 2 हजार रुपए नगदी की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करवाई है। लाखेरी थाना पुलिस की सूचना पर बूंदी से एफ एस एल टीम लाखेरी पहुंची तथा मौके से साक्ष्य एकत्रित किए।

## सुभाष नगर भाईचारा कमेटी ने हज दंपति को दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** स्थानीय चपरासी कॉलोनी में रहने वाले मारवा का खेड़ा दौलतगढ़ निवासी मुबारिक हुसैन मंसूरी वल्द मोहम्मद हुसैन मंसूरी के हज ए बैतुल्लाह के सफर पर जाने की खुशी में साला जी बाबू भाई मंसूरी के आवास पर सुभाष नगर भाईचारा कमेटी ने मंसूरी दंपति को बधाई देकर फूल माला और साफा बंधवाकर शानदार दस्तारबंदी की। मंसूरी दंपति 3 मई 2025 को जयपुर हवाई अड्डे से जद्दा के लिए उड़ान भरेंगे जो 51 दिन की मजहबी यात्रा के दौरान मक्का और मदीना में अपने हज के सभी अरकान पूरे करेंगे। खुशी के इस मौके पर कमेटी के सदर नाहर खां कायमखानी और पत्रकार शहजाद खान ने साफा बंधवाने की रस्म अदा की मस्जिद के इमाम अब्बू जफर सिद्दीकी एवं कमेटी के जर्नल सेकेट्री डॉ. फखरुद्दीन मंसूरी, नायब सदर फूले खां कायमखानी, बाबू भाई मंसूरी, खजांची फखरुद्दीन शेख, फिरोज खां कायमखानी, कमालुद्दीन पठान सहित कब्रस्तान कमेटी के पूर्व सदर शकील अंसारी ने गुलपोशी कर कामयाब सफर के लिए दुआ की ओर उन्हें मुबारकबाद दी।

## भगवान परशुराम मुख्यमंत्री को सदबुद्धि प्रदान करे : भारद्वाज

### जिला नहीं बनने तक जारी रहेगा आंदोलन, परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज ने दिया धरना

बढ़ता राजस्थान




**शाहपुरा ( भीलवाड़ा ) ।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे आंदोलन के तहत मंगलवार को 119 वे दिन परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज ने दिया धरना। सभी समाज जनों ने संघर्ष समिति और अधिवक्ता संघ को ऐतिहासिक आंदोलन की बधाई दी और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। समाज के वरिष्ठ जन अशोक भारद्वाज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने शाहपुरा को जिला बना दिया लेकिन मौजूदा सरकार ने जिला हटा दिया, आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सभी ब्राह्मण समाज के व्यक्ति प्रार्थना करते है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री को सदबुद्धि प्रदान करे। संघर्ष समिति के उदय लाल बैरवा ने धरना स्थल पर पधारे सभी ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जनों का स्वागत किया। धरने को राजेन्द्र पांडेय ने संबोधित किया। हास्य कवि दिनेश शर्मा (बंटी) ने धरनें का संचालन किया और संघर्ष समिति के अविनाश शर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान अजय मेहता, सत्यनारायण पाठक, अधिवक्ता दिनेश चंद्र व्यास, गुर्जर गौड समाज अध्यक्ष द्वारका प्रसाद शर्मा, प्रवीण पारीक, सुनील शर्मा, सुनीलदत्त पाराशर, अवधेश शर्मा, देव कृष्णराज पाराशर, केशव सपूत, गुलाब पाराशर, हाजी उस्मान छीपा, सुगन लाल बोहरा, धनराज जीनगर, शहाबुद्दीन पठान, श्याम लाल गुर्जर, रामप्रसाद सेन सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## राज. ब्राह्मण महासभा के कपासन तहसील अध्यक्ष पद पर भुवनेश व्यास को नियुक्त किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला इकाई चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गौड़ ने वरिष्ठ विप्र बंधुओ की अनुशंसा पर कपासन निवासी भुवनेश व्यास को कपासन तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।राजस्थान ब्राह्मण महासभा तहसील कपासन के अध्यक्ष पद पर नगर कपासन निवासी भुवनेश व्यास का मनोनयन होने पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला महामंत्री योगेश शर्मा जिला कोषाध्यक्ष भरत चाष्टा, सभा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा सहित क्षेत्रीय ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी द्वारा शुभकामनाओं के साथ बधाई दी गयी।जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गौड़ द्वारा उक्त नवमनोनयन की प्रतिलिपि प्रदेश प्रमुख महामंत्री मधुसूदन शर्मा को सूचनार्थ प्रेषित की गयी है।साथ ही जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गौड़ ने महासभा के नियमानुसार संगठन एवं ब्राह्मण समाज के हित में कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया गया।

## हर्षोल्लास से मनाई भगवान परशुराम की जयंती

बढ़ता राजस्थान

चौमहला/झालावाड़ (आबिद हुसैन)। जिले के चौमहला मै सर्व ब्राह्मण समाज गंगधार चौमहला द्वारा भगवान परशुराम की जयंती दुर्गा माता मंदिर परिसर में मनाई गई। समाज द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण इस अवसर पर निकलने वाला चल समारोह स्थगित कर दिया था, कार्यक्रम में मृतकों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। दुर्गा माता मंदिर परिसर में मंगलवार शाम भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव मनाया गया तथा महाआरती की गई कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में ओम प्रकाश शर्मा, दशरथ नंदन पांडे, गोपाल लाल शर्मा ने भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला, ब्राह्मण समाज द्वारा पहलगांव में आतंकी हमले के कारण दुख प्रकट करते हुए चल समारोह, स्नेह भोज स्थगित कर दिया था।

## महिला भगवती देवी कुमावत ने अपने जन्मदिन पर स्वैच्छिक किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की प्रेरणा से महिला भगवती देवी कुमावत ने प्रथम बार अपने जन्म दिन पर रक्तदान किया मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि भगवती देवी कुमावत के पति सैनिक दिनेश कुमावत ने अपने जन्म दिवस पर दो दिन पहले रक्तदान किया था पत्नी ने भी अपने जन्म दिवस पर रक्तदान करने का संकल्प लिया। एवं आपातकालीन रक्त की जरूरत पर महिला भगवती देवी कुमावत ने अपने जन्म दिवस पर रक्तदान कर महिलाओं में रक्तदान के प्रति जागृति लाने का महत्वपूर्ण प्रशासनीय कार्य किया। वही सांवरिया कुमावत बैठूमबी रेलमगरा ने अपने जन्मदिन पर पहली बार रक्तदान कर बी नेगेटिव रक्तदान कर रोगी का जीवन बचाने में सहयोगी बने हैं। रोगी के परिजनो ने समय पर अल्प ग्रुप बी नेगेटिव का रक्तदान करने पर आभार जताया। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि प्रचंड गर्मी के कारण रक्तदान शिविर आयोजित नहीं हो रहे हैं एवं ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रेरणा एवं अपील से रक्तदान के प्रति जागृति आ रही है वहीं आपातकालीन रोगियों को रक्त की आवश्यकता होने पर रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया जा रहा है जिसमें महिलाओं ने भी अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन करने की हम भूमिका निभाई है। ज्ञात हो की जिला कलेक्टर एवं प्रेसिडेंट बालमुकुंद असावा की प्रेरणा एवं अध्यक्ष कुलदीप शर्मा की निर्देशन में स्वैच्छिक रक्तदान करो पीड़ित रोगियों का जीवन बचाओ मुहिम पर समय-समय पर रक्तदान करवाया जा रहा है इस अवसर पर मानद सचिव बृजलाल कुमावत, दीपचंद गाडरी, टेक्नीशियन युगल किशोर पालीवाल, मुकेश कुमावत, सुमन शर्मा, दिनेश सिंह, राधेश्याम सुखवाल आदि रक्तदान करवाने में सेवाएं दे रहे हैं।

## पांच हजार किसानों के नो करोड़ का मुआवजा अटकाः किसान मायुस - नायक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिले के ढिकोला में कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष मनीष नायक ने बताया कि उपतहसील ढिकोला के 5 हजार किसानों का 9 करोड़ रुपये मुआवजा भाजपा सरकार में बीमा कम्पनी की लापरवाही से अटका हुआ है।क्षेत्र के आमजन व किसानों द्वारा कही बार स्थानीय विधायक लालाराम बैरवा को अवगत करवाने के बाद भी कोई निस्तारण आज तक नही हुआ।स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधि कही बार जयपुर विधायक आवास व सचिवालय के चक्कर लगा आए फिर भी नहीं मिल रहा न्याय।भाजपा सरकार बने डेढ साल हो गए परन्तु किसानों को अभी तक उनका मुआवजा नहीं मिल रहा।इससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है।कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की सरकार में चल नही रही है।किरोड़ी लाल जी चाहते किसानों को बीमा मिले।बीमा कम्पनी मंत्री तक कि नही मान रहे।किसानों के खराबे की सारी रिपोर्ट पोजेटिव है।पूर्व जिला कलेक्टर शाहपुरा की खराबे की रिपोर्ट होने के बाद भी बीमा कम्पनी ने आपत्ति लगा रखी।सरकार की बीमा कम्पनी नही मानना ये प्रतीत होता है कि सरकार किस दबाव में काम कर रही है।अब लगता है हमे मीडिया के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक मामले को गम्भीरता से अवगत करवाना होगा।शायद पांच हजार किसानों को न्याय मिलने की आखिरी उम्मीद जगे।स्थानीय विधायक का दायित्व होता अपने क्षेत्र की आमजन का कार्य तत्काल करवाना।परन्तु लगातार अवगत करवाने के बाद भी बार बार सिर्फ झूठेआश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया वार्ड संख्या 2 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

# शहर के प्रत्येक क्षेत्र में होगा सुव्यवस्थित सड़कों का नेटवर्क : देवनानी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर क्षेत्र में करोड़ों रूपये की लागत से सडकें बनाई जा रही है। अजमेर शहर को सेक्टर में बांटकर विकास किया जाएगा। शहर की प्रमुख सड़कों के साथ ही अंदरूनी सड़कों का भी सुधार किया जाएगा। विभिन्न कॉलोनियों और बस्तियों में सड़कों का नेटवर्क विकसित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को वार्ड संख्या दो में भैरू मन्दिर के पास सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि पिछले दो बजट में अजमेर के विकास के लिए करोडों रूपये के बजट की घोषणा हुई है। अजमेर उत्तर में विकास की गति निरन्तर बनी रहेगी। नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अजमेर शहर की कोई सड़क टुटी हुई नहीं रहेगी। समस्त सड़कों को दुरस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा बजट घोषणाओं में अजमेर को प्रमुख्ता दी गई है।

इसके अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में सुगम यातायात के लिए सड़क निर्माण कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जेएलएन मेडिकल कॉलेज अस्पताल के भवन का 50 करोड़ रूपए की लागत से जीर्णोद्धार तथा उन्नयन कार्य, हाथीभाटा में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, अजमेर संभाग मुख्यलय पर अल्ट्रा एडवांस बर्न केयर सेन्टर, जिला अस्पताल में डेडी केटेड गेरियाट्रिक सेन्टर रामाश्रय का उन्नयन किया जाएगा। साथ ही गंगा भैरव घाटी काजीपुरा में लेपर्ड कंजर्वेशन की स्थापना तथा अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की नॉन पेचेबल सड़कों के कार्य के लिए 10 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर को आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और यातायात सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन विकास कार्यों के शुभारंभ से क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर पार्षद मनोज मामलानी, रमेश चंद सेन, विजय सिंह टाक, भावेश गुजराती, ललित केसवानी, रितु मामनानी, रवि कांत साहू एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# अधिकारी समन्वय से हर योजना में अंतिम छोर तक बैठे पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करें : कलाल

### जिला प्रभारी सचिव भगवती प्रसाद कलाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मैराथन समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( नि.स. )।** जिले के प्रभारी सचिव एवं राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक वरिष्ठ आईएएस भगवती प्रसाद कलाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडीएम नरेश बुनकर सहित जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। लगभग साढ़े तीन घंटे चली इस बैठक में बजट घोषणाओं 2024-25 एवं 2025-26 की बारीकी से समीक्षा की गई। कलाल ने प्रत्येक घोषणा की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट में की गई प्रत्येक घोषणा को धरातल पर शीघ्रातिशीघ्र उतारा जाए ताकि योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे।

प्रभारी सचिव कलाल ने जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं एवं 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले विकास कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की मंशा है कि हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ सक्रिय रूप से कार्य करें और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। प्रभारी सचिव ने बजट घोषणा 2025-26 के तहत ऊर्जा विभाग अंतर्गत भीम क्षेत्र के धांसरिया और जालपा में 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण कार्य, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अंतर्गत केलवा से आमेट, मादरी से लसानी ताल वाया आमेट-देवगढ़, चारभुजा से सेवन्त्री, तथा बडारडा पुठिया से फरारा महादेव तक कुल 70 से अधिक किलोमीटर सड़कों के निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य आदि की समीक्षा की।

## गो-सेवा कर पालीवाल नवयुवक व ब्रह्मशक्ति द्वारा मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** भगवान विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया पर पालीवाल नवयुवक मंडल एवं युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ शाखा केलवा द्वारा श्री नवल श्याम कृष्ण गौशाला केलवा में गो सेवा कर के मनाया गया।इस अवसर पर गो माता को हरा चारा खिलाया एवं श्री अंबा माता जी मंदिर पर भगवान श्री परशुराम जी के स्टेच्यू पर परशुरामजी के छवि की पुजा अर्चना कर महाआरती की गई। इस दौरान पालीवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष कमलेश पालीवाल,युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सत्यनारायण पालीवाल नवयुवक मंडल पुर्व अध्यक्ष मनिष पालीवाल,मदन पालीवाल काका, भरत पालीवाल, मुकेश पालीवाल, प्रदीप पालीवाल, अनिल पालीवाल, अजय पालीवाल, दिपक पालीवाल, राहुल पालीवाल, दिनेश पालीवाल, ओमप्रकाश पालीवाल, कौशल पालीवाल, मनिष पालीवाल, संजय पालीवाल, आकाश पालीवाल, दक्ष पालीवाल, एवं कार्यकारिणी समेत अनेक कार्यकर्ताओ द्वारा भगवान परशुराम के जयकारो से वातावरण भक्तिमय हो गया।युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ इकाई बामन टुकड़ा द्वारा आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर गर्मियों में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधे गए।ब्रह्मशक्ति द्वारा परशुराम जन्मोत्सव सम्पूर्ण भारत में विभिन्न स्थानों पर अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्य कर के मनाया जा रहा है। इस अवसर पर युवा ब्रह्मशक्ति प्रदेश संगठन मंत्री हितेश दवे, जिला संगठन मंत्री संतोष दवे, जिला मंत्री नंदकिशोर दवे, तहसील उपाध्यक्ष सुनील दवे, तहसील संगठन मंत्री कन्हैया लाल दवे, प्रकाश दवे, सागर दवे,दिनेश दवे, जिला आईटी सह संयोजक शिव दवे, देवीलाल दवे, नरेश दवे, जमनालाल दवे, निखिल जोशी आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# दलित समाज की बिंदोली नहीं निकालने देने को लेकर गुजर्र समाज के लोगों के द्वारा जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ग्रामीण ।** जिले के मांडलगढ़ क्षेत्र के गांव गुलगांव ग्राम पंचायत बीकरण क्षेत्र के लादु लाल पिता गणेश रेगर निवासी गुलगांव मे दिनाक 28.04.2025 को घोडी पर बन्दौरी निकालते वक्त गांव के ही कुछ गुर्जर व्यक्तियों द्वारा बन्दौरी पर अचानक हमला कर दिया ओर जातिगत गालियां देते हुए तुम्हारी क्या औकात जो तुम घोडी पर बेठकर बन्दौरी निकाल रहे हे ओर डीजे को तोड फोड कर दी ओर महिलाओ व बच्चो आधा दर्जन लोगो के साथ लाठी व कुल्हाडी और पत्थरो से बन्दौरी पर हमला किया हमला करने वालों में गोपाल पिता लादु गुर्जर,मांगी लाल पिता गोदु गुर्जर, भोजा पिता भागुता गुर्जर, सीता पत्नी देवकरण गुर्जर, भोली पत्नी गोदु गुर्जर, राधा देवी पत्नी गोपाल गुर्जर,गीता पत्नी रामलाल गुर्जर, घीसी पत्नी भोजा गुर्जर, देवकरण पिता हीरा गुर्जर, भैरू पिता हीरा गुर्जर, निवासी गुलगांव इन लोगो ने मिलकर बन्दौरी में मारपीट की है तुम घोड़ी पर बन्दौरी नहीं निकाल सकते हो तुम्हारी जगह तो जुतो में बैठने की हे आरोपियों के द्वारा लोगो ओर महिलाओं के साथ गंदी गंदी गालियां देते हुए आत्मघाती हमला किया जिसमें चार लोगो व तीन महिलाओं व बाल बच्चो के चोटे आयी है भीम आर्मी के दुर्गा लाल बैरवा ने बताया कि पुलिस को सुचना देने कुछ समय बाद पुलिस जाब्ता पहुंचा अगर पुलिस जाब्ता नही पहुंचता तो लोगो को जान से मार दिया जाता।

सभी आरोपियों के द्वारा अभी भी जान से मारने करने की कोशिश करने की फिरात में है तथा मोके पर धारदार हथियार लेकर घूमते हैं पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई की आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही करें और पीड़ित परिवार की सुरक्षा की जाए जानकारी के अनुसार भीलवाडा भीम आर्मी के द्वारा मांडलगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया जा रहा है।

# एडीजे सानिया हाशमी की मौजूदगी में न्यायिक अधिकारियों को दी विदाई




बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा न्यायालय परिसर में अभिभाषक कक्ष में अभिभाषक संस्था शाहपुरा अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारी अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट राजेश मीणा के जयपुर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रोहित बेनीवाल के भीलवाड़ा स्थानांतरण हो जाने पर सादे समारोह में एडीजे शाहपुरा सानिया हाशमी की मौजूदगी में दोनों अधिकारियों को माला एवं साफा पहनकर श्रीफल व शाहपुरा रामनिवास धाम की तस्वीर भेंट कर विदाई दी और उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की। संस्था अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा दिनेश चंद्र व्यास अनिल शर्मा अधिवक्ता चावंडसिंह शक्तावत शरीफ मोहम्मद कमलेश कुमार मुंडेतिया निखिल व्यास ने विचार व्यक्त किया और विदाई समारोह का संचालन अधिवक्ता रामप्रसाद जाट ने किया।

इस मौके पर संस्था अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पत्रिया सहसचिव कमलेश मुंडेतिया कोषाध्यक्ष तेजप्रकाश पाठक पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद सिंह हाडा कन्हैया लाल धाकड़ त्रिलोकचंद नौलखा दिनेश चंद्र व्यास कल्याण मल धाकड़ अधिवक्ता अनिल शर्मा रामप्रसाद जाट चावंड सिंह शक्तावत आशीष पालीवाल विवेक दाधीच अक्षय राज रेबारी नमन ओझा अंकित शर्मा संजय हाडा भगवान लाल मीणा लालाराम गुर्जर शरीफ अरविंद सिंह योगेंद्र भाटी अरविंद सिंह राणावत मोहम्मद महेंद्र रायका किशन लाल खटीक पूरणमल खटीक सोहेल खान जीवराज शर्मा अंकित मालू सहित कई अधिकतागण न्यायिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शाहपुरा में निर्माणाधीन पानी की टंकी का कार्य तेज़ी से जारी, जल्द मिलेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( नि.स. )।** जिले के शाहपुरा नगर में पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए लगभग चार लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी का निर्माण कार्य तेज़ गति से प्रगति पर है। लगभग 20 मीटर ऊँचाई वाली यह टंकी क्षेत्र के नागरिकों को नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। निर्माण स्थल पर आवश्यक सभी सामग्री उपलब्ध है और तकनीकी मानकों का पालन करते हुए कार्य कराया जा रहा है। टंकी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शक्ति सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही शाहपुरा को इस टंकी से जल आपूर्ति प्रारंभ होगी, जिससे क्षेत्र में जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर होगी।स्थानीय नागरिकों में इस परियोजना को लेकर आशा और संतोष का माहौल है।

## श्री नामदेव विट्ठल भगवान मंदिर पुष्कर के गणमान्य सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी टांक छीपा दर्जियान ट्रस्ट *अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी टांक छीपा दर्जियान ट्रस्ट श्री नामदेव विट्ठल भगवान मंदिर पुष्कर के गणमान्य ट्रस्टी श्री त्रिलोकचंद जी तोलंबिया (तिलाराम टांक) डाक सहायक निवासी जोधपुर को भारतीय डाक विभाग से उत्तम कार्य प्रणाली हेतु सम्मानित किया गया है।आपको विभाग द्वारा अनेक बार प्रशस्ति पत्र के माध्यम से भी प्रोत्साहित किया गया। विभाग द्वारा सम्मानित किए जाने पर आपको बहुत - बहुत शुभकामनाएं। हम आपके उज्वल भविष्य के साथ ही पदोन्नति की कामना करते है।*ट्रस्टी श्री त्रिलोकचंद जी तोलंबिया (तिलाराम टांक) डाक सहायक निवासी जोधपुर को भारतीय डाक विभाग से उत्तम कार्य प्रणाली हेतु सम्मानित किया गया है।आपको विभाग द्वारा अनेक बार प्रशस्ति पत्र के माध्यम से भी प्रोत्साहित किया गया।

# वासुदेव देवनानी के निवास पर नामदेव समाज द्वारा स्वागत व अभिनन्दन



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर शहर की प्रमुख सड़क आगरा गेट से अग्रसेन चौराहा तक के मार्ग को अब संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज के नाम से जाना जाएगा। इस नामकरण को लेकर समाज में हर्ष का माहौल है। मंगलवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के अजमेर स्थित निवास पर नामदेव टांक क्षत्रिय समाज संस्थान अजमेर तथा श्री नामदेव विट्ठल मंदिर एवं पंचायत भवन छप्पन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने श्री देवनानी का माल्यार्पण कर आभार प्रकट किया।समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय संत नामदेव महाराज की संत परंपरा व आध्यात्मिक योगदान को स्मरण करने हेतु एक ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर श्री अनीश गोयल, श्री राकेश वर्मा, श्री त्रिलोक चंद नामा डॉ बी.आर. छीपा (पूर्व कुलपति), दिनेश बंधीवाल, विनय दोसाया( मंत्री) संजीव नागर (पूर्व पार्षद, ) प्रहलाद छीपा, नंदलाल छीपा( संरक्षक) ,संतोष कुमार छीपा, अशोक कुमार छीपा विष्णु कुमार छीपा, राजेश मेडतवाल, टीकम जी बाकलीवाल, ताराचंद कांणीगांवा सहित समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, व युवा उपस्थित रहे। समारोह में श्री देवनानी ने भी समाज को इस उपलब्धि हेतु शुभकामनाएं दीं और कहा कि संतों के नाम से मार्गों का नामकरण जनमानस को सद्भाव, प्रेरणा और सेवा की भावना देता है।

## पहलगाम हमले के विरोध में आमेट में जनता का प्रदर्शन

### स्कूली बच्चों ने रंगोली बनाकर दी श्रद्धांजलि, लोगों ने की पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** आमेट उपखंड मुख्यालय में पहलगाम हमले के विरोध में लोगों ने एकजुटता दिखाई। स्मार्ट मोंटेसरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मुख्य सड़क पर रंगोली बनाकर और दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी। 2 से 5 वर्ष के बच्चे भारत माता, झांसी की रानी और भारतीय सुरक्षा बल के जवानों की वेशभूषा में कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां हाथों में थामी हुई थीं। नगरवासियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। अभिभावकों और नगरवासियों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला दहन किया। उन्होंने सरकार से इस हमले का जवाब देने की मांग की। कार्यक्रम में थाना अधिकारी ओम सिंह सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा, श्री चारभुजा व्यापार मंडल, जैनम ग्रुप, जैनम महिला मंडल, महावीर इंटरनेशनल और भारत विकास परिषद सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।




# वर्ल्ड डांस डे पर बोलीं एक्ट्रेस संदीपा धर

## माधुरी को देख डांस सीखने की चाहत हुई, उनके एक्सप्रेशन और ग्रेस का कोई मुकाबला नहीं...

संदीपा धर एक्टिंग से ज्यादा डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। अपने सोशल मीडिया पर अक्सर डांस का वीडियो डालती हैं, जिसे फैंस भी खूब पसंद करते हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि वो खुद को एक्टर से ज्यादा बेहतर डांसर मानती हैं। वर्ल्ड डांस डे मौके पर संदीपा ने डांस को लेकर अपने पैशन के बारे में बात की है....

**सवाल- आपने बहुत छोटी सी उम्र में डांस सीखना शुरू कर दिया था। आपको भरतनाट्यम के अलावा कई डांस में महारत हासिल है।**

जी, मेरा पहला पैशन डांसिंग है। मुझे पर्सनली ये फील होता है कि मैं एक्टर से बेहतर डांसर हूं। मैं बचपन से डांस करते आ रही हूं। ये मेरे लिए मेरी हॉबी है। मैं काफी शर्मीली किस्म की लड़की रही हूं तो डांसिंग मेरे लिए खुद को एक्सप्रेस करने का जरिया है। मेरी विफलता और बुरे समय में डांस ने मुझे बचाया है।

जब मैं डांस करती हूं तो सब भूल जाती हूं। चाहे मेरा गुस्सा हो, फ्रस्ट्रेशन हो सब डांस से निकल जाता है। मुझे लगता है कि आर्ट एक ऐसी चीज है, जिसके साथ आप पैदा होते हैं। आप इसे हासिल नहीं कर सकते हैं। मुझे खुशी है कि भगवान में मुझे एक आर्ट फार्म दिया है। डांस के साथ एक स्पिरिचुअल कनेक्शन है। मैं शायद एक्सप्रेस नहीं कर सकती कि मैं डांस करते समय क्या महसूस करती हूं। मेरे लिए ये मेडिटेशन जैसा है। इसमें भगवान से डायरेक्ट कनेक्शन बन जाता है।

**सवाल- आप खुद को माधुरी दीक्षित की बहुत बड़ी फैन मानती हैं।**

मैंने बचपन में सिर्फ उनके ही गाने देखे हैं। मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं। मैं बहुत छोटी थी और माधुरी का 'दीदी तेरा देवर दीवाना', 'माए नी माए' देख-देखकर मां को बोला था कि मुझे भी ये करना है। मेरी मां ने तभी मुझे कम उम्र में ही भरतनाट्यम क्लास में डाल दिया था। माधुरी जैसा कोई नहीं है। उनके जैसा एक्सप्रेशन, ग्रेस किसी में नहीं है। अभी जब लोग किसी के लिए कहते हैं ना कि ये अच्छा डांसर है। मैं उस बात से सहमत नहीं हो पाती हूं। जो बात माधुरी और श्रीदेवी जी में थी। वैसा अब कहां देखने मिलता है।

**सवाल- आपको कभी माधुरी दीक्षित से मिलने का मौका मिला?**

हां, मैं उनसे मिली हूं। मुझे याद है कि मैं अपनी पहली फिल्म 'इसी लाइफ में' के लिए स्टारडस्ट अवॉर्ड में नॉमिनेट हुई थी। मैंने वो अवॉर्ड जीता भी था। उस अवॉर्ड फंक्शन में वो मेरे साथ बैठी थीं। सबसे खुशी की बात ये थी कि वो मेरे बारे में जानती थीं। मेरी पहली फिल्म राजश्री प्रोडक्शन की थी तो हमारे बीच राजश्री कनेक्शन भी था। उनके साथ वो मेरा बिगेस्ट फैन मोमेंट था। मैं बहुत ज्यादा खुश और नर्वस थी। वो बहुत विनम्र हैं और गर्मजोशी से मिलती हैं। हालांकि, उसके बाद कभी मुझे मौका नहीं मिला। मेरी ख्वाहिश है कि किसी दिन मैं उनके साथ डांस करूं। साथ में स्टेज शेयर करूं।

# लेटेंट विवाद पर अपूर्वा मखीजा को नहीं कोई पछतावा!

## पैप्स ने पूछा- गलती महसूस हुई, जवाब में बोलीं- कैसे सवाल कर रहे हो, सच तो नहीं बोल सकती



इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में समय रैना, रणवीर अलाहबादिया, अपूर्वा मखीजा, आशीष चंचलानी समेत शो से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। इस मामले में फंसी अपूर्वा ने कुछ समय पहले ही एक इमोशनल वीडियो जारी कर बताया कि केस दर्ज होने के बाद उन्हें और उनके परिवार को काफी अपमानित किया गया था। अब हाल ही में अपूर्वा मखीजा ने विवाद के बाद पहली पब्लिक अपीयरेंस दी है, लेकिन विवाद पर अपूर्वा का अटपटा बयान फिर सुर्खियों में आ गया है। हाल ही में अपूर्वा मखीजा को एक रेस्टोरेंट के बाहर स्पॉट किया गया था। इस दौरान पैपराजी ने उनसे पूछा, गलती महसूस हुई कि नहीं, जो गलती आपने की थी। इसके जवाब में अपूर्वा ने कहा, सर, कैसे कैसे सवाल पूछ रहे हो, सच तो मैं नहीं बोल सकती। मुझसे गलती हो गई, मुझे माफ कर दो। अपूर्वा का अटपटा बयान सुनकर पैप ने फिर कहा, मेहनत करो, काम करो, नाम करो। ये सुनकर अपूर्वा ने फिर कहा, हां हां, गाली गलौज बिल्कुल नहीं करनी चाहिए, कोई मत किया करो। जब आगे उनसे पूछा गया, लोगों की नेगेटिविटी को आप कैसे देखते हो। इस पर उन्होंने जवाब दिया, सर, इतनी डीप इंसान तो मैं हूं ही नहीं। इतना तो मैंने सोचा ही नहीं किसी नेगेटिविटी के बारे में। ठीक है यार अब जो हो गया वो हो गया।

### विवाद के बाद पहले व्लॉग में मांगी थी माफी

लेटेंट विवाद के बाद रेबेल किड नाम से मशहूर अपूर्वा मखीजा ने पहला व्लॉग शेयर माफी मांगी थी। अपूर्वा ने अपने व्लॉग में बताया कि उन्हें कई मुश्किलों का समाना करना पड़ा। इन सबके कारण उन्हें सोशल मीडिया भी बंद करना पड़ा था। अपूर्वा मखीजा ने अपने यूट्यूब वीडियो की शुरुआत समय रैना से मिलने और शो में शामिल होने के बारे में बताया। अपूर्वा ने कहा कि इंडियाज गॉट लेटेंट शो पर जाना उनका सपना था। लेकिन काफी टाइम तक उन्हें समय रैना का कॉल नहीं आया, तब अपूर्वा ने सोचा कि उन्हें नहीं लगता जो वो करना चाहती हैं, वो कर पाएंगी। अपूर्वा ने वीडियो में समय रैना के साथ हुई व्हाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए, इन मैसेज में समय ने उनसे इस एपिसोड का हिस्सा बनने के लिए कहा था। वीडियो में अपूर्वा ने अपने स्टेटमेंट से हर्ट हुए सभी लोगों से माफी मांगी। इसके बाद वह शो का हिस्सा बनीं और जब मामला बिगड़ गया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, तो उनके मैनेजर ने उन्हें बताया कि अगले 2-3 महीनों तक उन्हें कोई काम नहीं मिलेगा।

### माता-पिता की बात कहते हुए रोने लगीं

अपूर्वा ने अपने माता-पिता का जिक्र भी किया और रोते हुए कहा, मुझे ज्यादा दुख जब हुआ तब मेरे माता-पिता को गलत बोला जा रहा था। अपूर्वा ने निगेटिविटी को लेकर कहा, 'मैंने इन सब से निकलने के लिए एक टैरो कार्ड रीडर की मदद ली। जिसने मुझे बताया आपके ऊपर काला जादू हुआ है और मैं उसकी बातों से श्योर हो गई। ज्यादा निगेटिविटी की वजह से मैंने खुद को ही नुकसान पहुंचा लिया। मेरे पास अभी भी उसके निशान हैं।' इस वीडियो में उन्होंने माफी मांगते हुए कहा, मुझे बहुत दुख है। मुझे अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए था।

# ग्राउंड जीरो और देव माणूस के रिलीज पर बोले तेजस, बोले- लग रहा दो अलग सब्जेक्ट का इम्तिहान दे रहा हूं



निर्देशक तेजस प्रभा विजय देओस्कर की दो फिल्में 'ग्राउंड जीरो और 'देव माणूस एक साथ 25 अप्रैल को रिलीज हो गई हैं।

**आपकी दो फिल्में, 'ग्राउंड जीरो'और 'देव माणूस' एक साथ रिलीज हो रही हैं। क्या कहना चाहेंगे?**-यह सच है कि मेरी दो अलग-अलग फिल्में, 'ग्राउंड जीरो' और 'देव माणूस', एक ही दिन दर्शकों के सामने आई हैं। इसे लेकर मैं कई तरह की भावनाओं से भरा हुआ हूं। मुख्य रूप से तो उत्साह है, क्योंकि एक निर्देशक के तौर पर यह मेरे लिए एक खास पल है। दोनों ही फिल्में मेरे लिए बहुत मायने रखती हैं। दिलचस्प बात यह है कि वे एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। 'ग्राउंड जीरो' एक ऐसी कहानी है, जो कश्मीर की संवेदनशील पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें एक्शन और थ्रिल है। वहीं, 'देव माणूस' एक अधिक व्यक्तिगत और मनोवैज्ञानिक कहानी है, जो मानवीय स्वभाव के जटिल पहलुओं को छूती है। इनकी विषयवस्तु अलग है, इनकी भाषाएं अलग हैं। 'ग्राउंड जीरो' मुख्य रूप से हिंदी में है जबकि 'देव माणूस' मराठी में है। मैं इस स्थिति को ऐसे देख रहा हूं जैसे मैं एक साथ दो अलग-अलग विषयों की परीक्षाएं दे रहा हूं।

**'ग्राउंड जीरो' कश्मीर में शूट हुई। वहां आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**-कश्मीर में शूटिंग करना कई मायनों में चुनौतीपूर्ण था। मुंबई या दिल्ली की तुलना में वहां शूटिंग के लिए आवश्यक चीजें आसानी से उपलब्ध नहीं थीं। इसके अलावा, फिल्म 2001-2003 की पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना पड़ा कि आधुनिक चीजें दृश्यों में न दिखें, जैसे कि एलईडी स्ट्रीट लैंप को हटाना या अपनी खुद की लाइटिंग का उपयोग करना। सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और उनके प्रोटोकॉल से निपटना था। मुझे जानकारी मिली कि लगभग 27 अलग-अलग एजेंसियां वहां काम करती हैं और इन सभी के अपने-अपने नियम और प्रोटोकॉल हैं। हालांकि, मैं जम्मू-कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी का आभारी हूं, जिन्होंने हमें आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने में बहुत मदद की।

**कश्मीर में शूटिंग के दौरान आपने वहां की जमीनी हकीकत को किस तरह महसूस किया?**-जब हम 'ग्राउंड जीरो' की शूटिंग के लिए कश्मीर गए, तो हमारा मुख्य उद्देश्य फिल्म बनाना था, इसलिए हम एक तरह से पर्यटक की तरह ही थे। हमारा कोई राजनीतिक या अन्य विशेष उद्देश्य नहीं था। मेरा अनुभव कश्मीर में बहुत ही सकारात्मक रहा। इसके अलावा, स्थानीय लोगों का समर्थन और प्रेम भी हमारे लिए एक बड़ी राहत थी। उन्होंने हमें हमेशा खुले दिल से स्वीकार किया। इसलिए, भले ही चुनौतियां थीं लेकिन वहां काम करने का अनुभव भी बहुत यादगार और संतोषजनक रहा। हमने कुल मिलाकर लगभग 35-40 दिन वहां शूटिंग की। जब हम वापस लौट रहे थे, तो हमें लग रहा था जैसे हम अपने किसी प्रिय स्थान को छोड़कर जा रहे हों।

**'ग्राउंड जीरो' में एक्शन दृश्यों के लिए क्या व्यवस्थाएं की गईं? क्या आपको सेना या अन्य एजेंसियों से कोई सहायता मिली?**

'ग्राउंड जीरो' में एक्शन दृश्यों को वास्तविकता के करीब दिखाने के लिए हमने विशेष प्रयास किए। चूंकि फिल्म की कहानी बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के इर्द-गिर्द घूमती है, इसलिए हमने उनकी विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाने की कोशिश की। बीएसएफ के अधिकारियों ने हमें हथियारों और अन्य आवश्यक उपकरणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और कुछ वास्तविक हथियार भी शूटिंग के लिए उपलब्ध कराए। हालांकि, सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए, हमने कई डमी हथियार और अन्य प्रोप्स भी मुंबई से मंगवाए थे। इसके अतिरिक्त, हमें वहां बुलेटप्रूफ वाहनों की आवश्यकता थी, जो हमें बीएसएफ द्वारा ही उपलब्ध कराए गए। यह अपने आप में एक अनूठा अनुभव था क्योंकि ये वाहन आमतौर पर नागरिक उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने हमें ट्रेनिंग और तकनीकी पहलुओं को समझने में भी मदद की, ताकि अभिनेता अपने किरदारों को और अधिक प्रामाणिकता से निभा सकें। यह सहयोग फिल्म के एक्शन दृश्यों को विश्वसनीय बनाने में बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ।

**'ग्राउंड जीरो' के लिए अभिनेताओं को किस प्रकार की ट्रेनिंग दी गई?**-ग्राउंड जीरो अभिनेताओं को उनके किरदारों को अधिक प्रामाणिक रूप से निभाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। हम शूटिंग शुरू करने से लगभग तीन-चार दिन पहले कश्मीर पहुंचे और वहां हमने बीएसएफ कैंप में काफी समय बिताया।

# वीर हनुमान फेम माहिर पांधी बोले- हमने कई चीजों के बारे में जाना, रावण की मृत्यु पर राम जी ने भी मंत्र पढ़े थे

माहिर पांधी, जो वीर हनुमान शो में अपनी भूमिका के लिए चर्चा में हैं, पौराणिक कथाओं को मिथक नहीं मानते, बल्कि संस्कृति और सत्य मानते हैं। वे कहते हैं कि ऐसे शो आज की पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका देते हैं। उन्होंमे अपनी कहानी बताते हुए कहा- मैं नोएडा से हूं तो दिल्ली मेरे घर जैसा है। मैं भी जर्नलिज्म स्टूडेंट हूं ।

**एक पौराणिक टीवी शो को शूट कर रहे होते हैं, तो कैसा अहसास रहता है?**

सबसे पहले लोग इन शोज को माइथोलॉजिकल शो कहते हैं। मुझे माइथोलॉजी टर्म समझ नहीं आता है। माइथोलॉजी मतलब मिथ, यानी जो सत्य ना हो। ये टर्म हमने तो बनाया नहीं है, ये तो हमारा कल्चर है, हमारे पास इसका सबूत है, सबको मिले भी हैं, रामसेतु भी है बहुत सारी रिसर्च चल भी रही हैं और जिसमें सबूत भी मिल रहे हैं, जो ये साबित करती हैं कि ये चीजें हैं। तो ये कोई मिथ नहीं है। हमें तो ये मौका मिल रहा है कि हम इसे समझ पाएं लेकिन आज की जनरेशन के पास वो मौका नहीं है। अगर मैं अपने किरदार के बारे में बात करूं तो चैट जीपीटी से ही पूछ लीजिए, उसमें आपको बहुत सीमित जानकारी मिलेगी। लेकिन शो को बनाने से पहले पूरी रिसर्च होती है। हमें कितनी सारी चीजों को ध्यान में रखना पड़ता है। लोगों की भावनाओं का ध्यान रखना होता है, चीजें जस्टिफाई करनी हैं, प्रूफ भी होने चाहिए, इस सब चीजों को एक साथ लेकर ऐसे दिखाना है कि एक सीनियर सिटीजन उससे कनेक्ट कर पाए और वो बच्चा भी उससे जुड़ाव महसूस करे जो पहली बार उसे देख रहा है। ये जुड़ाव दिखा पाना सबसे बड़ा टास्क है।


**माहिर आपने कई तरह के किरदार किए हैं, मॉडल भी हैं, तो आपके लिए सम्मान किस तरह का रहता है?**

(हंसते हुए) मुझे तो हर जगह अलग किरदार के नाम से जाना जाता है। लोगों को हमारे नाम नहीं याद रहते, वो किरदारों को याद रखते हैं, और ये ठीक भी है। तो हमें लगता है कि हम काम तो ठीक कर रहे हैं। हमारी इंडस्ट्री बहुत छोटी है, हम किस्मत वाले हैं कि हमने क्वालिटी वर्क किया है। हमने लोगों से सीखा भी है।

**आपने पौराणिक कहानी करते समय क्या नया जाना है?**

माहिर पांधी ने कहा- हमने कई चीजों के बारे में जाना है। जैसे जब राम जी ने लंका जीती तो उन्होंने उसको सेलिब्रेट नहीं किया। रावण की मृत्यु पर राम जी ने भी मंत्र पढ़े थे। शिव जी उदास से थे क्योंकि उनके सबसे बड़े भक्त को मारा गया था। 1943 में पहली बार रावण दहन किया गया। तो काफी कुछ जानने को मिला है। हमारे कल्चर के बारे में बहुत सारी ऐसी चीजें हैं, जो हमने शोज देखे हैं, उनमें नहीं बताई गई हैं। जैसे हमें पता है कि हनुमान जी आम खाने के लिए सूर्य देव के पास गए थे। उसके बाद उनकी कुछ शक्तियां छीन ली गईं। इस बीच में कितना कुछ हुआ होगा।

# छावा देखकर भड़के विजय देवरकोंडा, कहा-देश के दुश्मनों को थप्पड़ मारना चाहता हूं औरंगजेब और ब्रिटिशों पर निकाला गुस्सा



विजय देवरकोंडा हाल ही में हैदराबाद में सूर्या की फिल्म रेट्रो के प्री-रिलीज इवेंट में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विक्की कौशल और अक्षय खन्ना की फिल्म छावा के बारे में बात की। विजय ने बताया कि फिल्म देखकर उन्हें बहुत गुस्सा आ गया था। इवेंट के दौरान जब एक्टर से पूछा गया कि अगर उन्हें समय में पीछे जाने का मौका मिले, तो वह किससे मिलना चाहेंगे? उनका जवाब सुनकर सभी हैरान रह गए। विजय ने कहा, मैं ब्रिटिश को दो थप्पड़ मारना चाहता हूं। छावा देखने के बाद मुझे बहुत गुस्सा आया था। अगर मुझे मौका मिले, तो मैं औरंगजेब को भी दो-तीन थप्पड़ मारना चाहता हूं। मैं ऐसे कई और लोगों से मिलकर उन्हें भी मारना चाहता हूं। फिलहाल यही सब मेरे दिमाग में आ रहा है। सूर्या को विजय का यह जवाब सुनकर थोड़ी हैरानी हुई।

रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# नगर पालिका चुनाव टालने के खिलाफ हाईकोर्ट में लगी याचिका

## चार सप्ताह में मांगा जवाब, पूर्व विधायक सयंम लोढ़ा ने दी चुनौती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पंचायतों के चुनाव टालने के बाद अब राज्य सरकार के नगर निकायों के चुनाव टालने के फैसले को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। आज जस्टिस श्रीचंद्रशेखर और जस्टिस आनंद शर्मा की बैंच ने पूर्व विधायक सयंम लोढ़ा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इस मामले में राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने प्रदेश की 55 नगरपालिकाओं, जिनका कार्यकाल नवम्बर-2024 में ही पूरा हो गया है। उनमें चुनाव नहीं करवाकर बिना अधिकार ही प्रशासक लगा दिए हैं। सरकार ने इस तरह से मनमाना रवैया अपनाकर संवैधानिक प्रावधान और नगरपालिका अधिनियम-2009 का खुला उल्लंघन किया है। याचिकाकर्ता के वकील पुनीत सिंघवी ने बहस करते हुए कहा- सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि प्राकृतिक आपदाओं के अलावा स्थानीय निकायों के चुनाव नहीं टाले जा सकते हैं। लेकिन यहां सरकार अपने संवैधानिक कर्तव्य को पूरा करने में विफल हो गई है। सरकार की ओर से अदालत में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद पेश हुए। उन्होंने कहा कि सरकार चुनाव कराने के लिए तैयार है, हम कोर्ट में पूरा ब्योरा पेश कर देंगे।

### कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव कराना जरूरी

याचिका में कहा गया कि 74वें संविधान संशोधन के जरिए निकायों को नियमित और निष्पक्ष स्वायत्तशाषी ईकाइयों के गठन के लिए संवैधानिक दर्जा दिया गया था। उससे पहले राज्य सरकारें बिना किसी विधि सम्मत कारण के ही निकायों में लंबे समय तक चुनाव नहीं करवाती थी। लेकिन संवैधानिक दर्जा मिलने के बाद अब यह राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के लिए बाध्यकारी है कि वह निकायों का कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव करवाएं। लेकिन यहां सरकार ने पांच माह बाद भी चुनाव की घोषणा नहीं की हैं।

# मंत्री बोले- वाड्रा से दूरी क्यों नहीं बनाते राहुल,प्रियंका-सोनिया गांधी

## अगर वे आतंकवादियों के समर्थक नहीं है तो रॉबर्ट वाड्रा से संबंध क्यों नहीं तोड़ते

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने कहा- राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी आतंकवादियों को संरक्षण दे रहे हैं। मंत्री ने कहा- देश में पहलगाम आतंकी हमले के बाद रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि देश में मुसलमानों को तंग किया जा रहा था। उनका भाव था कि इसके बदले आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। एक तरह से आतंकवादियों के समर्थन में उन्होंने बात की। दिलावर ने कहा- जो आतंकवादियों का समर्थन करता है, वो भी आतंकवादियों की श्रेणी में ही आता है। अगर आतंकवादी की श्रेणी में आता है तो राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी वाड्रा से दूरी क्यों नहीं बनाते हैं। अगर वे आतंकवादियों के समर्थक नहीं है तो वाड्रा से संबंध क्यों नहीं तोड़ते हैं। अ अगर वे वाड्रा से संबंध नहीं तोड़ते है तो जाहिर है कि वह भी आतंकवादियों को संरक्षण दे रहे हैं।

### संविधान नहीं, गांधी परिवार खतरे में

जयपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की संविधान बचाओ रैली को लेकर मंत्री मदन दिलावर ने कहा- जिन लोगों ने देश में संविधान बनाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया। वही, लोग आज कह रहे है कि संविधान खतरे में हैं।

### खड़गे ने हिंदू समाज का अपमान किया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को हिंदू समाज की भावना को ठेस पहुंचाने वाला बताया। राठौड़ ने कहा- खड़गे ने स्वयं को 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग मल्लिकार्जुन करार दिया है, यह हिंदू समाज का अपमान है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। खड़गे एक तरफ तो देश की संसद में मल्लिकार्जुन कहने पर नाराजगी व्यक्त करते हैं, वहीं दूसरी ओर जनसभा में स्वयं को ज्योतिलिंग बता रहे हैं। इसे हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

# जस्टिस बीआर गवई चीफ जस्टिस नियुक्त, राष्ट्रपति ने मंजूरी दी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को जस्टिस बीआर गवई को देश का अगला चीफ जस्टिस नियुक्त किया। वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होने के साथ ही दूसरे दलित चीफ जस्टिस हैं। जस्टिस केजी बालकृष्णन जनवरी, 2007 में पहले दलित चीफ जस्टिस बने थे। मौजूदा संजीव खन्ना 13 मई को रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई 14 मई को पदभार संभालेंगे। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 7 महीने का होगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक जस्टिस गवई 24 मई, 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज बने थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर, 2025 है।

# सरिस्का में टाइगर का कुनबा बढ़ा



## टाइग्रेस एसटी-30 बनी मां, 3 शावकों को जन्म दिया; मॉनिटरिंग बढ़ाई

**अलवर।** अलवर सरिस्का में टाइग्रेस एसटी-30 ने 3 शावकों को जन्म दिया है। शावकों की उम्र करीब 2 महीने हैं। अब सरिस्का में टाइगर की संख्या 44 हो गई है। सरिस्का में सफारी करने आने वाले टूरिस्ट को टाइगर की साइटिंग ज्यादा होगी। बता दें कि बाघ पुनर्स्थापन की प्रक्रिया के तहत टाइग्रेस एसटी-30 को 2023 में रणथम्भौर से सरिस्का लाया गया था। यहां टहला रेंज के भगानी में छोड़ा गया था। सीसीएफ संग्राम सिंह ने बताया- जंगल में गश्त के दौरान वनकर्मियों ने टाइग्रेस एसटी-30 को 3 शावकों के साथ देखा था। शावक और टाइग्रेस स्वस्थ नजर आए है। अब टाइग्रेस की मॉनिटरिंग बढ़ा दी है।

# 98 हजार पार पहुंची सोने की कीमत

## चांदी फिर हुई महंगी, सर्राफा व्यापारी बोले- मुनाफा कमाने में जुटी जनता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी अस्थिरता के साथ ही भारतीय बाजार में पाकिस्तान के साथ जारी घटनाक्रम को लेकर उठा पटक का सिलसिला जारी है। यही कारण है कि स्टैंडर्ड सोने की कीमत में हर दिन बड़ा बदलाव हो रहा है। मंगलवार को राजस्थान के सराफा बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत एक बार फिर बढ़कर 98 हजार 600 रुपए पर पहुंच गई है।

वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत में भी 200 रुपए की तेजी आई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार लगातार कीमतों में हो रहे बदलाव की वजह से ग्राहक फिलहाल सोने और चांदी को खरीदने से परहेज कर रहे हैं।

# आतंकवाद को कुचलना हमारा राष्ट्रीय संकल्प : मोदी

## सेना को टारगेट, समय और हमले का तरीका तय करने की पूरी छूट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद से निपटने के लिए तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कहा, आतंकवाद को करारा झटका देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं में पूरा विश्वास है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के तरीका, लक्ष्य और समय सेना तय करें। पीएम ने यह बात मंगलवार को तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान के साथ हाई लेवल मीटिंग में कही। यह बैठक डेढ़ घंटे से ज्यादा चली। सूत्रों के मुताबिक, इस मीटिंग के आधे घंटे बाद गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पीएम आवास पहुंचे हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। 10 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### 6 बड़े अपडेट्स

- भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के X हैंडल पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद ख्वाजा आसिफ का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान लंबे अरसे से आतंकी संगठनों को फंडिंग करता आ रहा है।
- पहलगाम हमले में आज इंटेलिजेंस एजेंसियों ने बड़ी जानकारी दी। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान का पूर्व स्स्त्र कमांडर हाशिम मूसा है। मूसा अभी लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहा है।
- एनआईए ने पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकी हमले का सीन री-क्रिएशन किया।
- अटारी-बाघा बॉर्डर से 104 पाकिस्तानी नागरिक वापस भेजे गए।
- महाराष्ट्र सरकार मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए और नौकरी देने का ऐलान किया।
- राजस्थान में पाकिस्तानी हैकर्स ने शिक्षा विभाग की वेबसाइट हैक की, लिखा- अगला हमला टेक्नोलॉजी से होगा।

### दो हाई लेवल बैठकें हुई

**पीएम** ने मंगलवार को तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान के साथ हाई लेवल मीटिंग की। इसमें पीएम ने तीनों सेनाओं को आतंकवाद को करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दे दी।

**दूसरी** हाईलेवल बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने की। इसमें उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### शौर्य चक्र विजेता की मां पाकिस्तान डिपोर्ट, सीआरपीएफ जवान की पत्नी भी जाएंगी

कश्मीर में रहने वाले 60 पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश से डिपोर्ट किया जा रहा है। इनमें शौर्य चक्र विजेता (मरणोपरांत) जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीद जवान की मां और सीआरपीएफ जवान की पाकिस्तान की रहने वाली पत्नी भी शामिल है।

### जम्मू में एनएसजी और पुलिस मॉक ड्रिल

जम्मू में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और पुलिस ने मिलकर मॉक ड्रिल किया। यह ड्रिल पुरातन आप शंभू मंदिर परिसर और उसके आसपास के इलाकों में की गई। अधिकारियों के मुताबिक, इसका मकसद किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा तैयारियों को परखना और मजबूत करना है। ड्रिल के दौरान सुरक्षाबलों ने यह अभ्यास किया कि अगर कोई आतंकी हमला या अन्य खतरा सामने आता है, तो तुरंत और प्रभावी तरीके से कैसे जवाब दिया जाए।

### पाकिस्तान का आरोप- भारत आतंकवाद को बढ़ावा देता है

पाकिस्तानी सेना ने भारत पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने मंगलवार शाम एक प्रेस ब्रीफिंग की। इस ब्रीफिंग में शरीफ ने दावा किया कि पाक सेना ने 25 अप्रैल को एक पाकिस्तानी नागरिक अब्दुल मजीद को झेलम बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है, जिसे भारत ने ट्रेन किया है। शरीफ के मुताबिक, अब्दुल के पास 2 .5 किलो का एक आईईडी, दो मोबाइल और 70 हजार रुपए बरामद हुए हैं। सेना ने आगे अब्दुल के घर से एक भारतीय ड्रोन और 10 लाख रुपए कैश बरामद करने की बात कही।

### जम्मू-कश्मीर में कई काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन जारी

एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन चल रहे हैं। सुरक्षा बलों ने अभी इन ऑपरेशंस के बारे में जानकारी नहीं दी है।

भारतीय सेना ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त अभ्यास किया। त्रिशक्ति कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया- भारतीय सेना और सशस्त्र पुलिस बलों ने साथ मिलकर ऑपरेशनल तैयारियों को धार दी है। हम हर चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## कहा- देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा। बेंच ने कहा- व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया। याचिका में रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# शादी की पवित्रता नष्ट नहीं हो, इसलिए एफआईआर रद्द की

## हाईकोर्ट का आदेश; कहा- दोनों ने विवाह किया, सुखी जीवन में खलल नहीं डाल सकते

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रेप पीड़िता से शादी करने के बाद आरोपी युवक के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म की एफआईआर को रद्द कर दिया है। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने आरोपी युवक की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

आदेश में कोर्ट ने कहा कि मामला दर्ज होने के बाद युवक-युवती ने आपसी रजामंदी से शादी कर ली है। ऐसे में अदालत युवक के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को जारी रखकर इनके सुखी वैवाहिक जीवन में खलल नहीं डाल सकती है।

अगर आपराधिक कार्रवाई जारी रहती है तो महिला के वैवाहिक जीवन में बाधा उत्पन्न होगी। संवैधानिक न्यायालय होने के नाते इस कोर्ट को प्रतिवादी महिला की भावनाओं और उसके वैवाहिक जीवन की रक्षा करनी होगी।

### हाईकोर्ट ने आदेश में कहीं ये 3 बड़ी बातें

**1. विवाह की पवित्रता नष्ट नहीं होनी चाहिए:** कोर्ट ने आदेश में कहा कि शादी एक पवित्र बंधन है, जिसमें दो लोग बंधे होते हैं। शादी से उनका रिश्ता सार्वजनिक, आधिकारिक और स्थायी होता है। यह एक ऐसा बंधन है, जो कथित तौर पर मृत्यु तक बना रहता है। पौराणिक कथाओं में भी यह माना गया है कि जोड़ियां स्वर्ग में तय होती हैं, अर्थात शादी ईश्वर की ओर से तय की जाती है। ऐसे में शादी की पवित्रता किसी भी रस्म से अधिक मानी गई है। इसलिए युवक के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को जारी रखकर इसे नष्ट नहीं किया जा सकता है।

**2. सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे से मिले:** आदेश में कहा- युवक-युवती एक-दूसरे से सोशल मीडिया पर मिले थे। दोनों के बीच दोस्ती हुई। युवक



ने युवती से शादी करने का वादा किया। इसके आधार पर दोनों एक-दूसरे के करीब आए और उनके बीच फिजिकल रिलेशन बन गए। इस बीच युवती प्रेगनेंट हो गई। इस पर युवक ने युवती को दवाइयां देकर गर्भपात करवा दिया। हालांकि युवक ने वादा किया कि वह उससे शादी करेगा, लेकिन उसके बाद उसने युवती से बात करना बंद कर दिया। जिसके बाद युवती ने 27 नवंबर 2024 को युवक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवा दिया।

**3. शादीशुदा जिंदगी में खुश है दोनों:** आदेश में कहा- मामला दर्ज होने के बाद दोनों में समझौता हो गया। वहीं दोनों ने 18 दिसंबर 2024 को शादी कर ली और शादी को रजिस्टर्ड भी करवा लिया। युवती ने अदालत में कहा कि वह अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश है और अपने पति और उसके खिलाफ किसी भी तरह का मामला चलाना नहीं चाहती है।